चैत्र कृष्ण पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 6 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 11, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भ्रमित करने वाले एक हजार तारों की खोज 16

सोनाक्षी सिन्हा ने रिकॉर्ड ब्रेकिंग में पूरा किया शॉट 15

## आरओ/एआरओ परीक्षा पेपर लीक का आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक कराने वाले मास्टर माइंड की निशानदेही पर हुई कार्रवाई



**अमृत विचार :** समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/एआरओ) परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक कराने के मुख्य आरोपी को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ को सिपाही भर्ती पेपर लीक के मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्रा से पूछताछ की के बाद आरोपी अमित सिंह को एसटीएफ मुख्यालय बुलाया गया। इसी के बाद एसटीएफ ने ये मामला भी खोल दिया।

अमित वर्तमान में लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र के इंदिरानगर में रहता है। वह लखनऊ के गोमतीनगर में कामर्स की कोचिंग चलाता था। बलिया के दीपक दुबे के माध्यम से अमित राजीव से मिला। डील के बाद अमित ने राजीव को टीजीटी परीक्षा– 2020, 2021 का पेपर पढ़ाने को 20 लाख दिया था। उसने कई भर्ती परीक्षाओं में राजीव को अभ्यर्थी दिए। राजीव ने पुलिस व आरओ/ एआरओ भर्ती परीक्षा पेपर आउट कराने को कहा था।

# सातवीं बार रेपो दर 6.5 % पर कायम, आर्थिक वृद्धि दर 7% रहने का अनुमान

मुंबई, एजेंसी



- चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा
- इस बार भी राहत : ईएमआई में नहीं होगा बदलाव
- मकान, वाहन समेत ईएमआई में बदलाव की संभावना कम

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार सातवीं बार नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। वहीं आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान हैं।

महंगाई को चार प्रतिशत पर लाने और आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से नीतिगत दर को यथावत रखा गया है। केंद्रीय बैंक ने 2024-25 के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर के सात और खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये इसका उपयोग करता है। रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों ईएमआई में बदलाव की संभावना कम है। आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के इन निर्णय की जानकारी दी। एमपीसी के छह सदस्यों में से पांच डॉ. शशांक भिड़े, डॉ. आशिमा गोयल, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. माइकल देबब्रत पात्रा और शक्तिकांत दास ने नीतिगत रेपो दर को बरकरार रखने के पक्ष में जबकि प्रो. जयंत आर वर्मा ने इसमें 0.25 प्रतिशत कमी के पक्ष में मत दिया। दास ने कहा, आर्थिक वृद्धि की मजबूत संभावनाएं इस बात की गुंजाइश देती हैं कि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य पर ध्यान दे सके। चूंकि खाद्य पदार्थों की कीमतों में अनिश्चितताएं चुनौतियां बनी हैं, ऐसे में एमपीसी महंगाई बढ़ने के जोखिम को लेकर सतर्क है। आर्थिक वृद्धि पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण मांग में मजबूती, रोजगार तथा असंगठित क्षेत्र की स्थिति में सुधार, मुद्रास्फीतिक दबाव कम होने और विनिर्माण तथा सेवा क्षेत्र की गतिविधियों के रफ्तार पकड़ने से निजी उपभोग बढ़ेगा। उन्होंने कहा हमारा अनुमान है कि जीडीपी की वृद्धि दर 2024-25 में सात प्रतिशत रहेगी। दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक सब्जियों की दर पर नजर रखेगा जो गर्मी से प्रभावित हो सकती हैं। आईएमडी ने गर्मी के मौसम (अप्रैल से जून) में लू चलने का पूर्वानुमान लगाया है।

### स्वर्ण भंडार तैयार करने में जुटा भारत

**मुंबई।** दास ने बैठक के बाद कहा, हम सोने का भंडार बना रहे हैं जो हमारे मुद्रा भंडार नियोजन का हिस्सा है। उन्होंने इसके लिए खरीदे गए सोने की मात्रा की कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन आंकड़ों की ओर इशारा किया जो स्वर्ण भंडार के मूल्य में वृद्धि को दर्शाता है। आंकड़ों के अनुसार, 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का मूल्य 51.48 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक था।

### यूपीआई से जमा कर सकेंगे नकदी

**नयी दिल्ली।** आरबीआई यूपीआई से नकदी जमा करने वाली मशीन की सुविधा देगा। पीपीआई (प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स) कार्ड धारकों को बैंक खाताधारकों की तरह तीसरे पक्ष के यूपीआई ऐप से यूपीआई भुगतान की सुविधा देने का भी प्रस्ताव है। वर्तमान में नकद जमा करने की मशीन में पैसा जमा करने के लिए मुख्य रूप से डेबिट कार्ड का उपयोग किया जाता है।

## एक नजर

### भोजशाला : याचिकाकर्ता के सर्वे में शामिल होने की मंजूरी से कोर्ट का इनकार

**इंदौर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने धार के भोजशाला विवाद के मुकदमे के पक्षकारों में से एक को भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में जारी सर्वे में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि इसका कोई आधार नहीं बनता है। हाईकोर्ट के आदेश पर एएसआई भोजशाला के विवादित परिसर में 22 मार्च से सर्वे कर रहा है। सर्वे का आदेश भोजशाला से जुड़े विचाराधीन मुकदमे के पक्षकारों में शामिल संगठन हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के आवेदन पर दिया गया था। हाईकोर्ट हिंदू और मुस्लिम पक्षों की चार याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है।

### छत्तीसगढ़: दंतेवाड़ा के मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले में हुई मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया है। किरंदुल क्षेत्र के अंतर्गत पुरंगेल, बड़ेपल्ली, दोडीतुमनार और गमपुर के जंगल में माओवादियों की सूचना पर डीआरजी, बस्तर फाइटर्स दंतेवाड़ा और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को रवाना किया गया था। नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की तो जवाबी कार्रवाई में कई नक्सली घायल हो गए।

# मदरसा शिक्षा : हाईकोर्ट के फैसले पर रोक

## लखनऊ पीठ ने मदरसा अधिनियम को संवैधानिक सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला करार दिया था

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय ने मदरसा अधिनियम के प्रावधानों को रद्द करते हुए छात्रों को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। इससे 17 लाख छात्र प्रभावित होंगे...हमारा मानना है कि छात्रों को अन्य स्कूलों में स्थानांतरित करने का निर्देश उचित नहीं था। राज्य 30 जून, 2024 तक जवाब दायर करेगा। एसएलपी को जून 2024 के दूसरे सप्ताह में अंतिम निपटान के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। उच्च न्यायालय के 22 मार्च, 2024 के आक्षेपित आदेश और फैसले पर रोक रहेगी।

उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के 22 मार्च के मदरसा बोर्ड के संबंध में दिए गये फैसले पर रोक लगा दी। लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को असंवैधानिक और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला करार दिया गया था। इस फैसले पर रोक लगने से करीब 17 लाख मदरसा छात्रों को राहत मिलेगी।

तीन-सदस्यीय पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर याचिकाओं में उठाए गए मुद्दों को बारीकी से विचार करने योग्य पाया तथा केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी किये। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले में '2004 अधिनियम की प्रथम दृष्ट्या गलत व्याख्या' मानते हुए कहा कि उच्च न्यायालय का निर्देश 17 लाख छात्रों के अधिकारों पर आघात करेगा, क्योंकि विशेष शिक्षा का चयन करना हमेशा छात्रों और उनके माता-पिता की पसंद रही है। पीठ ने कहा, यह सुनिश्चित करने में राज्यों के वाजिब हित हैं कि छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहें।

पीठ ने अपने आदेश में कहा कि उच्च न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि 2004 का अधिनियम धर्मनिरपेक्षता और बुनियादी ढांचे और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। ये निष्कर्ष हालांकि मदरसा बोर्ड को सौंपी गई नियामक शक्ति से मेल खाते प्रतीत होते हैं। संविधान के अनुच्छेद 28(1) में प्रावधान है कि सरकार द्वारा पूर्ण सहायता प्राप्त संस्थानों में कोई धार्मिक शिक्षा प्रदान नहीं की जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्च न्यायालय के फैसले का समर्थन करते हुए दलील दी कि लगभग 17 लाख छात्रों को नियमित संस्थानों में समायोजित किया जा सकता है और अगर फैसले पर रोक लगाई गई तो राज्य को 1096 करोड़ रुपये का वित्तीय बोझ उठाना पड़ेगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी आदि ने फैसले की वैधता पर सवाल उठाया।

उन्होंने दलील दी कि उच्च न्यायालय ने 'फरमान' पारित कर 1908 से नियामक व्यवस्था के तहत चलाए जा रहे मदरसों को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के फैसले से 17 लाख छात्रों के अलावा 10,000 शिक्षक भी प्रभावित हुए हैं। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने कहा, क्या राज्य सहायता देकर धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन कर रहा है? क्योंकि हम इस्लाम पढ़ाते हैं, इसलिए यह संस्था धार्मिक निर्देश देने वाली नहीं बन जाती।

### 1,096 करोड़ खर्च करती है सरकार

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज ने कहा कि प्रदेश सरकार मदरसों पर हर साल 1,096 करोड़ का वित्तीय बोझ उठाती है। अटॉर्नी जनरल के. वेंकटरमणी ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले का मदरसों के पंगु होने पर प्रभाव नहीं पड़ेगा और इसका एकमात्र परिणाम यह होगा कि उन्हें कोई सरकारी सहायता नहीं मिलेगी।

### मदरसों की तरफ से क्या दी गई दलील

याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि मदरसों में गणित, विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी और अन्य विषय पढ़ाए जाते हैं। यह मानना गलत है कि मदरसों में केवल धार्मिक शिक्षा दी जाती है। हरिद्वार और ऋषिकेश में भी बहुत प्रसिद्ध गुरुकुल हैं जो बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। क्या आप उन्हें यह कहकर बंद कर देंगे कि वे धार्मिक शिक्षा के स्थान हैं?

### मदरसा अधिनियम रद करना समाधान नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, प्रथम दृष्टया इलाहाबाद उच्च न्यायालय की यह बात सही नहीं प्रतीत होती कि बोर्ड का गठन धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन होगा। प्रथम दृष्टया उच्च न्यायालय ने 2004 के अधिनियम के प्रावधानों के गलत अर्थ निकाले, जो (अधिनियम) किसी भी धार्मिक निर्देश का प्रावधान नहीं करता है। मदरसा अधिनियम रद करना समाधान नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त निर्देश जारी करना होगा कि छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहें।

## दादा-दादी ने डांटा तो छात्र ने फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, संभल/कैला देवी



- परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए किया शव का अंतिम संस्कार

**अमृत विचार :** परिजनों को बिना बताए मिट्टी ढोने वाले डंपर पर गया कक्षा दो का छात्र वापस लौटा तो दादा दादी ने डांट दिया। इससे क्षुब्ध होकर छात्र ने छत के कुंडे में दुपट्टे के फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने पुलिस को बताए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव चाचू नागल की मढ़ैया के महीपाल के बेटे योगेश (12) की देखभाल दादा रामवीर और दादी प्रेमवती करते थे। योगेश अमरोहा के ढबारसी में सीएमएस कॉलेज में कक्षा दो का छात्र था। गुरुवार को योगेश मिट्टी ढोहने वाले डंपर पर चला गया। लौटा तो दादा-दादी ने डांट दिया। बालक रात आठ बजे कमरे में गया। 10 बजे तक बाहर नहीं आया तो दादा-दादी देखने गए तो वह फंदे से लटका हुआ था।




**श्रीराम** कांग्रेस के घोषणापत्र जारी होने के बाद एआईसीसी मुख्यालय के बाहर राम की झांकी के साथ इंडिया गठबंधन के समर्थक।

## रामनवमी पर 20 घंटे होंगे रामलला के दर्शन, प्रसार भारती करेगा प्रसारण

अयोध्या कार्यालय

- सात लाइन से पहुंचेंगे श्रद्धालु, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में लिया गया निर्णय

**अमृत विचार :** रामनवमी पर राम मंदिर में श्रद्धालुओं को रामलला के 20 घंटे दर्शन सात लाइन के जरिए होंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के आश्रम मणिराम दास छावनी में हुई। इसमें ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि रामलला के जन्मोत्सव का प्रसारण प्रसार भारती करेगा। श्रद्धालुओं की संख्या का आकलन अभी संभव नहीं है। उन्होंने अभी 20 घंटे दर्शन की तिथि और समय नहीं बताया है। उनका कहना है कि परिस्थितियों को देखकर निर्णय लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर में बालकराम के शृंगार, भोग, आरती के लिए चार घंटा लग रहा है। किसी भी परिस्थिति में समय का परिवर्तन नहीं हो सकता है, लेकिन बाकी समय श्रद्धालु दर्शन से वंचित न रहे इसकी व्यवस्था होगी। वर्तमान में 14 घंटे दर्शन हो रहे हैं। सुबह साढ़े छह से रात साढ़े नौ बजे तक दर्शन होते हैं। बीच में दोपहर 12 से एक बजे तक दर्शन बंद रहता है।

### 15 से 18 तक पास निरस्त

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने निर्णय लिया है कि रामनवमी पर आने वाली भीड़ को देखते हुए 15 से 18 अप्रैल तक किसी भी प्रकार का विशेष पास जारी नहीं किया जाएगा। पूर्व में ऑनलाइन के माध्यम से जारी हुए पास भी निरस्त होंगे।

## एनसीईआरटी : 11वीं-12वीं की पाठ्यपुस्तकों में किए गए संशोधन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने अपनी पाठ्यपुस्तकों में बदलाव करते हुए अयोध्या में बाबरी मस्जिद गिराए जाने, गुजरात दंगों में मुसलमानों के मारे जाने और मणिपुर के भारत में विलय के संदर्भ में संशोधन किया है। एनसीईआरटी ने हालांकि संशोधित गए संदर्भों पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि बदलाव नियमित अद्यतनीकरण का हिस्सा हैं और इसका संबंध नए पाठ्यक्रम ढांचे (एनसीएफ) के अनुसार नयी पुस्तकों के विकास से नहीं है। यह बदलाव कक्षा 11 और 12 तथा अन्य की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में किया गया है। एनसीईआरटी की पाठ्यक्रम मसौदा समिति द्वारा तैयार किए गए बदलावों का विवरण देने वाले एक दस्तावेज़ के अनुसार, राम जन्मभूमि आंदोलन के संदर्भों को राजनीति में नवीनतम घटनाक्रम के अनुसार बदल दिया गया है। कक्षा 11 की पाठ्यपुस्तक में धर्मनिरपेक्षता से जुड़े अध्याय-8 में पूर्व में कहा गया था, 2002 में गुजरात में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों में 1,000 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर मुस्लिम थे।

# कांग्रेस ने जनगणना समेत किए कई वादे

### घोषणापत्र जारी

- पार्टी ने अपने घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया जो पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित

नई दिल्ली, एजेंसी




घोषणापत्र जारी करने के दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ सोनिया और राहुल गांधी।

कांग्रेस ने लोस चुनाव के लिए शुक्रवार को घोषणापत्र जारी किया, जिसमें उसने जाति जनगणना कराने, आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 50 प्रतिशत से अधिक करने, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने और नई शिक्षा नीति में संशोधन करने समेत कई वादे किए हैं। पार्टी ने घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया है। यह पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि घोषणा पत्र में भविष्य के भारत की तस्वीर है। राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव, संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास करने वालों और इन्हें बचाने की कोशिश करने वालों के बीच होने जा रहा है। कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मौजूदगी में घोषणापत्र जारी हुआ। संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, घोषणा पत्र समिति के प्रमुख और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम आदि भी मौजूद थे।

पार्टी ने वादा किया है कि उसकी सरकार बनने पर वह जाति आधारित जनगणना कराएगी और आरक्षण की अधिकतम सीमा को 50 प्रतिशत से बढ़ाया जाएगा। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 10 प्रतिशत आरक्षण को सभी गरीबों के लिए लागू करेगी। नई शिक्षा नीति पर राज्य सरकारों के साथ परामर्श कर संशोधन होगा।

### कांग्रेस का घोषणापत्र 'झूठ का पुलिंदा' : भाजपा

भाजपा ने कांग्रेस के घोषणापत्र को 'झूठ का पुलिंदा' करार देते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में किए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि मतदाताओं के बीच भ्रम पैदा करने के लिए कांग्रेस इस तरह का घोषणापत्र लेकर आई है। कांग्रेस का घोषणापत्र झूठ का पुलिंदा है।

## देसी शराब की दुकान के चौकीदार की पीटकर हत्या

संवाददाता, हीमपुर दीपा (बिजनौर)

- पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को किया गिरफ्तार
- चौकीदार से शराब के रुपयों को लेकर हुआ था विवाद



**अमृत विचारः** गांव फतेहपुर कला में गुरुवार देर रात देसी शराब की दुकान के चौकीदार की पीटकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार शाम सात बजे पुलिस ने तीन लोगों को बिजनौर कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि चौकीदार से शराब के रुपये को लेकर विवाद हुआ था।

एसपी नीरज जादौन ने बताया कि गांव कुतुबपुर गढ़ी में श्यामलाल उर्फ श्यामी का छोटा पुत्र सोनू गंज रोड स्थित देसी शराब की दुकान पर रात को चौकीदारी करता था। इसके साथ सेल्समैन वीरेंद्र रहता था। गुरुवार रात 10 बजे बाइक से आए सुनील, राजन, प्रीतम, मोनू व देव ने शटर खुलवाया। शराब के मूल्य को लेकर हो रही कहासुनी में सोनू के हस्ताक्षेप पर आरोपियों ने उसे घायल कर दिया। सेल्समैन ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। दुकान स्वामी ने उसे बिजनौर ले जाने के बाद पुलिस को बताया।

## आयोग ने आतिशी को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने आप नेता आतिशी को शुक्रवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया और उनसे इस बयान का तथ्यों के साथ समर्थन करने के लिए कहा कि भाजपा ने पार्टी में शामिल होने के लिए उनसे संपर्क किया था। भाजपा ने आतिशी के झूठे बयान पर एक दिन पहले आयोग का रुख किया था। आयोग की नोटिस में कहा कि आतिशी दिल्ली सरकार में मंत्री हैं और एक राष्ट्रीय पार्टी की नेता हैं। सार्वजनिक मंच से नेताओं द्वारा जो भी कहा जाता है उस पर मतदाता विश्वास करते हैं और इस तरह से उनके दिए बयान प्रचार विमर्श को प्रभावित करते हैं। वह अपेक्षा करते है कि आप नेता के दिए बयानों का तथ्यात्मक आधार होना चाहिए।

अनियमित जीवनशैली

विशेषज्ञों के अनुसार बच्चों में मधुमेह का माता-पिता से सीधा कनेक्शन, 5 से 17 साल तक के बच्चे हो रहे शिकार

# ...अपनी ही ममता को बांटा जा रहा मिठास भरा दर्द

अंकित चौहान, बरेली



एक्सक्लूसिव

- जिला अस्पताल आने वालों बच्चों में दस फीसदी टाइप 1 मधुमेह से पीड़ित
- परिजनों से 70% बच्चों को जन्मजात मधुमेह होने का होता है खतरा

**अमृत विचारः** माता पिता की खराब जीवन शैली और दिनचर्या के कारण व्यस्क तो डायबीटिज के शिकार तो हो ही रहे, इसके कारण अपनी संतान का भी जिंदगी भर का दर्द दे रहे हैं। विशेषज्ञों की मानें तो बच्चों में डायबीटिज का माता पिता से सीधा कनेक्शन है। अकेले बरेली शहर में हर माह 5 से 10 बच्चे टाइप वन डायबीटिज पीड़ित मिल रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या ये है कि बच्चों की टाइप वन डायबीटिज के इलाज के नाम पर इंसुलिन लेना ही है।

हर मां-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे कभी बीमार न पड़े। बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए हर समय उनका ख्याल रखते हैं। उनको चौंकाने बात ये हो सकती है कि उनके खराब लाइफ स्टाइल का फर्क उनके साथ साथ उनके बच्चों का जीवन खराब कर सकता है। जिला अस्पताल स्थित एनसीडी यानि गैर संचारी रोग केंद्र पर 5 से 17 साल तक ऐसे मरीज पहुंच रहे हैं जो कि मधुमेह टाइप 1 से ग्रसित हैं। टाइप 1 के सर्वाधिक मामलों में कारण अनुवांशिक होता है।

**शरीर में नहीं बनता इंसुलिन :** वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. अनुपम शर्मा ने बताया कि जिन बच्चों के माता-पिता दोनों मधुमेह से ग्रसित हैं तो उनके बच्चों को मधुमेह होने का खतरा 70 फीसदी तक होता है, वहीं अगर माता-पिता में अगर किसी एक को मधुमेह है तो बच्चों को इसका खतरा 30 फीसदी तक होता है। दरअसल, मधुमेह टाइप 1 अनुवांशिक होता है। इसका होने का मुख्य कारण यह है कि शरीर में इंसुलिन नहीं बनता है इसलिए बच्चे को जीवन भर इंसुलिन लगवाना पड़ता है।

### दस फीसदी तक बच्चों में हो रही मधुमेह टाइप 1 की पुष्टि

एनसीडी क्लीनिक प्रभारी डॉ. मयंक के अनुसार हर माह यहां आने वाले 100 मरीजों में 5 से 10 ऐसे बच्चें हैं जो कि मधुमेह टाइप 1 से ग्रसित मिल रहे हैं। इन मरीजों में 5 से 18 साल तक के मरीज शामिल हैं। हालांकि मरीजों के इलाज के लिए पर्याप्त दवाएं, इंसुलिन समेत अन्य संसाधन मौजूद हैं। हालांकि हर कुछ बच्चे जिनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है वह भी केंद्र पर आकर इंसुलिन लगवा रहे हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान, फौरन लें डॉक्टर की सलाह

बार बार पेशाब जाना कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं को संकेत माना जाता है, पर अगर अत्यधिक प्यास के साथ बार-बार पेशाब आने की समस्या महसूस होती है तो ये मधुमेह का संकेत हो सकता है। बच्चे में इस तरह के लक्षणों पर जरूर ध्यान दें। कई बार टाइप-1 डायबिटीज के संकेत बहुत स्पष्ट नहीं होते हैं, इसलिए इन लक्षणों पर ध्यान देकर आप गंभीर जटिलताओं के खतरे को कम कर सकते हैं।

## शहर में आज

- मतदाता जागरुकता अभियान के अन्तर्गत चित्रकला प्रतियोगिता नगर संसाधन केंद्र गांधी पार्क में 11 :00 बजे।
- हुल्का देवी मंदिर में बसौड़ा मेला सुबह 7 :00 बजे।

## एक नजर

### दहेज के लिए मां-बेटी को घर से निकाला, शिकायत

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र पाकबड़ा के मोहल्ला ज्यारत वाली मस्जिद निवासी मुस्कान फातिमा ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी दानिश कादरी मढैया रोड मोहल्ला मुल्लानों वाला से शादी हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद पति दानिश एवं उसके परिवार वाले दहेज में दो लाख नकद और कार की मांग करने लगे। इसके लिए वह मेरे साथ मारपीट करते थे। देवर ने भी मेरे साथ बदतमीजी एवं छेड़छाड़ की। इस बारे में पति एवं सास को बताने पर दोनों ने मुझे पीटा। कहा जब तक दो लाख और कार नहीं लाती। तुम्हारे साथ ऐसा ही होगा। 29 मार्च को पति, सास, ननद एवं देवर ने पेट्रोल डालकर जलाकर मारने की कोशिश की। तभी पड़ोसियों ने सूचना मेरे मायके वालों को दे दी। ससुराल वालों ने मायके वालों से भी मारपीट की और घर से निकाल दिया। जिसकी शिकायत मैंने थाने में की थी। थाने में महज एनसीआर दर्ज कर टाल दिया। अब पीड़िता ने एसएसपी के कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# सपा-कांग्रेस को नहीं मिल रहे प्रत्याशी, रोज बदल रहे चेहरे : केशव

## दिल्ली रोड स्थित होटल में बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री, लोकसभा चुनाव में जीत के लिए किया पदाधिकारियों का मार्गदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा-कांग्रेस को प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं। रोज चेहरे बदले जा रहे हैं, जबकि हमारे कार्यकर्ता बूथों की मजबूती में जुटे हैं। कांग्रेस के घोषणा पत्र को उन्होंने झूठ का पुलिंदा बताया। कहा जिस प्रकार मोदी-योगी सरकार में देश-प्रदेश का विकास हुआ है। वैसे ही मुरादाबाद का संपूर्ण विकास होगा। केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। इसमें कोई शंका नहीं है। कांग्रेस एक्सपायरी डेट की है और इस चुनाव में सपा समाप्तवादी पार्टी बनेगी। कांग्रेस का भारत से सफाया हो जाएगा।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को दिल्ली रोड स्थित होटल में भाजपा महानगर इकाई की ओर से आयोजित बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। कहा कि विपक्ष को उत्तर प्रदेश में इस बार एक भी सीट नहीं मिलेगी। सभी 80 सीटों पर भाजपा और उसके गठबंधन के प्रत्याशी जीतेंगे। इंडिया गठबंधन को उन्होंने ठग गठबंधन करार दिया। कहा भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचारियों की जगह जेल है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की जड़ें खत्म हो चुकी हैं। इसलिए उनके बड़े नेता प्रदेश छोड़कर भाग खड़े हुए हैं। हर ओर मोदी और योगी का डंका बज रहा है। केंद्र और प्रदेश की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबको समान रूप से मिला है, आगे विकास को और रफ्तार मिलेगी। 2047 तक भारत विकसित देश की श्रेणी में खड़ा होगा। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को मतदाताओं के पास पहुंच कर शत प्रतिशत मतदान कराना है और सभी को अपने बूथ पर जीतकर कमल खिलाना है। इस दौरान नगर विधायक रितेश गुप्ता, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, रामवीर सिंह, महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, महापौर विनोद अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


दिल्ली रोड स्थित होटल में कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य। ● अमृत विचार


सम्मेलन में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना लक्ष्य, तीसरी बार बनाएं मोदी को प्रधानमंत्री

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारत किसी को सताने के लिए शक्ति नहीं बढ़ा रहा हैं, बल्कि हमारा लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प पूरा करना होगा। उप मुख्यमंत्री शुक्रवार को दिल्ली रोड स्थित होटल में भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार जन मानते हैं तो दूसरी ओर विपक्षी उन पर परिवार न होने का तंज कसते हैं। इस सोच से उनकी नीयत परिलक्षित होती है। उन्होंने कहा कि हर पन्ना प्रमुख के ऊपर 60 मतदाताओं की जिम्मेदारी है। इसे निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ना है। उप मुख्यमंत्री ने विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा, बसपा व कांग्रेस के नेता तो अभी तक घर से भी नहीं निकले हैं। हम बूथ पर जीत की रणनीति के अनुसार काम कर रहे हैं। हमारा नारा है 4 जून को 4 बजे भाजपा 400 के पार, फिर एक बार प्रचंड बहुमत की सरकार। इससे समूचा विपक्ष बौखलाया है। इनकी हवा खराब हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक करके आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया। सम्मेलन में नगर विधायक रितेश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, महापौर विनोद अग्रवाल, डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, लोकसभा संयोजक डॉ. विशेष गुप्ता, लोकसभा प्रभारी अशोक पाल, श्याम बिहारी शर्मा, कमल गुलाटी, दिनेश शीर्षवाल, नत्थूराम कश्यप, प्रिया अग्रवाल, अल्पना रितेश गुप्ता, निमित जायसवाल, राजीव गुप्ता, दिनेश सिसोदिया, नवदीप टंडन, हेमराज सैनी, शमी भटनागर, मदालसा शर्मा, सुनीता शर्मा, शशि किरण, रेनू चौधरी, सुरेंद्र विश्नोई, हरीश जाटव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सपा प्रत्याशी को धार्मिक स्थल पर प्रचार करने से रोका, पुलिस से धक्का-मुक्की

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के दौरान रमजान में जुमा अलविदा की नमाज पढ़कर आने वाले नमाजियों से मिलने पहुंची समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी रुचि वीरा को प्रशासन और पुलिस ने रोक दिया। रोकने पर सपा प्रत्याशी ने विरोध किया और वह उनसे उलझ गईं। पुलिस ने घेरा बनाकर उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। वहीं सिटी मजिस्ट्रेट से भी नोकझोंक हुई। हालांकि बसपा प्रत्याशी भी नमाज पढ़कर लोगों से मिल रहे थे जिस पर प्रशासन ने उन्हें भी वहां से जाने के लिए निर्देश दिया।

शुक्रवार को जुमा अलविदा की नमाज को देखते हुए जामा मस्जिद चौराहा और आसपास के क्षेत्र में सुबह से ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। जामा मस्जिद में नमाजियों का हुजूम उमड़ा था। नमाज पढ़ने के बाद निकलने वाले नमाजियों से मिलने समाजवादी पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी रुचि वीरा अपने समर्थकों के साथ पहुंचीं, वह नमाजियों से मिलने लगीं। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव ने उन्हें रोका और आदर्श आचार संहिता का हवाला देते हुए धार्मिक स्थल पर चुनाव प्रचार व जनसंपर्क निषिद्ध बताया। जिस पर सपा प्रत्याशी भड़क गईं वह हर हाल में आगे बढ़ने लगीं जिस पर सिटी मजिस्ट्रेट से उनकी तीखी नोकझोंक हुई। स्थानीय पुलिस व महिला पुलिस कर्मियों से भी सपा प्रत्याशी की धक्का मुक्की हुई। सपा प्रत्याशी ने लोकतंत्र का हवाला दिया, लेकिन सिटी मजिस्ट्रेट ने कानून व्यवस्था और आचार संहिता की याद दिलाते हुए उन्हें तत्काल वहां से जाने का निर्देश दिया। सपा प्रत्याशी के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष जयवीर यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष शाने अली, राजकुमार प्रजापति, असलम पंचायती, जुबेर असद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

वहीं दूसरी ओर बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी ने भी जामा मस्जिद में जुमा अलविदा की नमाज पढ़ी। उन्होंने मुल्क के अमन चैन की दुआ मांगी। नमाज पढ़कर निकलने के बाद वह भी रोजेदारों व नमाजियों से मिलने लगे, यह देखकर सिटी मजिस्ट्रेट और पुलिस कर्मियों ने उन्हें भी आचार संहिता की याद दिलाकर वहां से तत्काल जाने के लिए कहा। जिसके बाद वह चले गए।

सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव ने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से जारी आदर्श आचार संहिता के अन्तर्गत धार्मिक स्थल व उसके आसपास चुनाव प्रचार करना नियमों का उल्लंघन है। ऐसा कर रहीं सपा प्रत्याशी को वहां से जाने के लिए कहा गया, जिसका वह विरोध जताने लगीं। मामले की पूरी जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी-रिटर्निंग अधिकारी को दे दी है। कार्रवाई के सवाल पर कहा कि यह संबंधित अधिकारी तय करेंगे। बसपा प्रत्याशी को भी लोगों के बीच से जाने के लिए कहा गया, जिस पर वह चले गए। किसी को आचार संहिता के उल्लंघन की इजाजत नहीं दी जाएगी।


जामा मस्जिद चौराहे पर सपा प्रत्याशी रुचि वीरा को समझातीं सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव।


नमाज पढ़कर बाहर आते बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी इरफान सैफी। ● अमृत विचार


मतदाता जागरुकता रैली निकालते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी। ● अमृत विचार

## रैली से किया मतदान के लिए जागरूक

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजपाल सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों और आशाओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पताल परिसर से तहसील मुख्यालय, कोतवाली रोड, मुंसिफ कोर्ट रोड, कमालपुरी रोड से खंड विकास अधिकारी कार्यालय से रामपाल द्वार होते हुए मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान कहा कि 19 अप्रैल को सभी प्राथमिकता से मतदान करें। कोई व्यक्ति मतदान करने से वंचित न रहे। मतदान करना बहुत जरूरी है। इस दिन खान-पान बाद में मतदान पहले करना न भूलें। इस दौरान नरेश सिंह, प्रमोद कुमार, कमल रावत, दिपक चौहान, स्वास्थ्य कर्मचारी और आशाएं उपस्थित रहीं।

# बीएलओ घर-घर बांटेंगे वोटर गाइड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ मतदान से पूर्व ही मतदाताओं को मिलेगी वोटर पर्ची व गाइड

**अमृत विचार:** इस बार लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदाता पर्ची के साथ रंगीन हिंदी वोटर गाइड भी वितरित की जाएगी। बीएलओ के माध्यम से यह पर्ची और गाइड घर-घर पहुंचेगी। वोटर गाइड राजकीय मुद्रणालय प्रयागराज से छपकर जिले में आ चुकी है।

लोकसभा चुनाव में इस बार निर्वाचन आयोग ने नया प्रयोग किया है। बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं के घर न सिर्फ मतदाता पर्ची पहुंचेगी बल्कि उसके साथ रंगीन हिंदी में छपी वोटर गाइड भी रहेगी। जिसमें मतदान से संबंधित मार्गदर्शन रहेगा। इसका 7 अप्रैल से लेकर 14 अप्रैल तक हर हाल में वितरण सुनिश्चित करना होगा और वितरण करने का प्रमाणपत्र सलंग्न प्रारुप पर कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की जानकारी और सहायता पुस्तिका वोटर गाइड व मतदाता सूचना पर्ची का वितरण कराया जाएगा। इसके लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आयोग के निर्देश के अनुसार लोकसभा चुनाव में स्वीप योजना के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता के लिए बीएलओ के माध्यम से हर हाउस होल्ड को मतदाता सूचना पर्ची के साथ आयोग से प्राप्त हिन्दी रंगीन वोटर गाइड वितरित की जाएगी। वोटर गाइड छपकर राजकीय मुद्रणालय प्रयागराज से मिल गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कांठ, मुरादाबाद ग्रामीण, मुरादाबाद नगर विधान सभा क्षेत्रों के मतदाता पर्ची बीएलओ को माध्यम से वितरित करने के लिए दे दी गई है। मुरादाबाद नगर के शेष 75 बूथों की मतदाता सूचना पर्ची जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर वितरण के पर्यवेक्षण के लिए कार्ययोजना बना ली जाए।

9 अप्रैल से पहले सभी बीएलओ और पर्यवेक्षण अधिकारी बुलाकर उन्हें विस्तृत प्रशिक्षण दिला दें। बीएलओ और पर्यवेक्षण अधिकारी 6 अप्रैल को होने वाली बैठक में अनिवार्य रुप से पहुंचें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देश के अनुसार वोटर गाइड के साथ-साथ मतदाता सूचना पर्ची का वितरण हर मतदाता व वोटर गाइड का वितरण हर घर में 7-14 अप्रैल तक सुनिश्चित करते हुए इसका प्रमाणपत्र निर्वाचन कार्यालय में बीएलओ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## 3000 से अधिक सर्विस वोटर करेंगे मतदान

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** प्रशासन द्वारा मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। जिसको लेकर प्रशासन की ओर से तैयारियां की जाने लगी हैं। मतदान बढ़ाने के लिए सर्विस मतदाताओं को बैलेट पेपर भेजे जा रहे हैं। मुरादाबाद में इस बार तीन हजार से ज्यादा सर्विस मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिए सर्विस मतदाता मतदान करने के साथ डाक से अपने मत पत्रों को भेजेंगे। उनको ई-मेल से मत पत्र भेजे जाएंगे, जिससे वह डाउनलोड कर अपना मतदान कर सकेंगे। मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र की ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 1199 मतदाता हैं। वहीं सबसे कम 194 सर्विस वोटर मुरादाबाद ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में हैं। ठाकुरद्वारा के बाद सर्विस मतदाताओं की संख्या कांठ में 785 है।

# फकीरपुरा में पकड़ी अवैध शस्त्र फैक्ट्री, एक पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अवैध शस्त्र बनाने-रखने एवं बिक्री करने वाले अपराधियों के विरुद्ध पुलिस अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। चुनाव के दिनों में पुलिस ने चौथी फैक्ट्री का खुलासा शुक्रवार को किया है।

सिविल लाइंस थाना पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा कर एक अभियुक्त गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी मौका पाकर फरार हो गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से भारी मात्रा में अवैध शस्त्र, उपकरण, कारतूस-खोखा बरामद किया है। ये कार्रवाई गुरुवार रात में हुई है।

पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से बातचीत कर एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि पुलिस टीम ने टिकली फैक्ट्री के बराबर में टावर के सामने चौकी फकीरपुरा क्षेत्र में छापेमारी कर शस्त्र बना रहे अभियुक्त शशि राजन को गिरफ्तार किया है। ये आदर्श कॉलोनी का रहने वाला है। एक अभियुक्त विशाल पुत्र महेश निवासी आदर्श कॉलोनी मौके से भाग निकला।

एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शशि राजन के विरुद्ध सिविल लाइन थाने में कुल छह मामले दर्ज हैं। एक मामला दुष्कर्म से संबंधित है, जबकि चार एफआईआर मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित हैं। अब एक मामला आर्म्स एक्ट में दर्ज किया गया है। इसी तरह फरार अभियुक्त विशाल का आपराधिक इतिहास है। इसके खिलाफ सिविल लाइंय थाने में कुल सात प्रकरण दर्ज हैं। इसके खिलाफ शराब और मादक पदार्थों की तस्करी के मामले अधिक हैं।


पुलिस लाइन सभागार में शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा करते एसएसपी हेमराज मीना।

### शशि राजन व उसके साथी ने बदल लिया था धंधा

एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शशि राजन ने पूछताछ में बताया है कि वह अपने साथी विशाल के साथ अवैध स्मैक-शराब का काम करता था। कुछ दिनों से पुलिस की सख्ती से उसका स्मैक-शराब का काम बंद हो गया था। लोक सभा चुनाव में तमंचों की काफी मांग रहती है। इसलिए उन दोनों ने तमंचे बनाने का काम शुरू किया था।

### टीम को 10,000 का इनाम

एसएसपी ने इस पुलिस टीम को सफल कार्रवाई के लिए 10,000 रुपये के इनाम की भी घोषणा की है। एसएसपी ने बताया कि सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक राम प्रसाद शर्मा और उनकी टीम में फकीरपुरा पुलिस चौकी प्रभारी रीता तेवतिया, हरथला चौकी प्रभारी प्रबोध कुमार, राम गंगा विहार पुलिस चौकी प्रभारी राजविंदर कौर, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार और कांस्टेबल सचिन कुमार, सूरज शामिल रहे।

**उम्मीद** — क्षेत्र की समस्याओं को समझकर उनका बिना भेदभाव निस्तारण कराने वाला हो जनप्रतिनिधि

# जन समस्याओं को समझकर निस्तारण में रुचि ले भावी सांसद

## ऐसा हो हमारा सांसद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में जनता को अपने भावी सांसद से ढेरों उम्मीदे हैं। जन समस्याओं को जाने समझे और उन्हें बिना किसी भेदभाव के निस्तारित कराए। जनता के सुख-दुख में सहभागी हो।

शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार की बात करे व दिलाए। युवा मतदाताओं को अपने भावी सांसद से रोजगार व उच्च शिक्षा की व्यवस्था के लिए प्रयास करने का भरोसा है। रोजी रोटी, खेती की बात करने वाले जनप्रतिनिधि को इस बार मतदाता चुनेंगे।

### मतदान करना हर मतदाता का अधिकार



मतदान करना हर व्यक्ति का अधिकार है इसलिए सभी कार्यों को छोड़कर मतदान के दिन परिवार सहित मतदान करना चाहिए और हमारा सांसद हम सबके बीच का होना चाहिए, जिससे विकास कार्यों में ज्यादा उम्मीद की जा सकती है हमारे देश में वोट अच्छे व्यक्तियों को न देकर जात-पात पर वोटिंग की जाती है। जिससे नुकसान होता है। हमें हमेशा ईमानदार और अच्छी छवि का संसद ही चुनना चाहिए। तभी क्षेत्र का और भारत का विकास संभव है।

**-प्रदीप सक्सेना एडवोकेट,** राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा

### जनता के बीच में रहने वाला हो सांसद



भावी सांसद या कोई अन्य जनप्रतिनिधि ऐसा होना चाहिए तो जनता के संपर्क में रहे। ऐसा न हो कि जनता को उसे ढूंढना पड़े। क्योंकि जब सांसद या विधायक जनता के लिए सर्वसुलभ नहीं होगा तो जनता उससे अपनी बात कैसे कहेगी। संसदीय क्षेत्र की लंबित योजनाओं को पूरा कराए। जैसे हवाई अड्डे का लोकार्पण भी हो गया लेकिन, आज तक हवाई सेवा शुरू नहीं हो पाई। ऐसी घोषणाओं को अपने प्रयास से धरातल पर उतरवाने वाला संसद चाहिए।

**-अभय कुमार सिंह,** पूर्व महासचिव, दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी

### स्वास्थ्य-शिक्षा की व्यवस्था को दुरुस्त कराए



प्रभावशाली नेता वही होता है जो समस्याओं मे उलझता नहीं है, बल्कि उनका परिणाम निकालना जानता हो, जो सही व जनता के हित में हो। वह दृढप्रतिज्ञ व निश्चयवान हो, शिक्षित हो, बातचीत का कौशल जानता हो। मुरादाबाद पीतल नगरी के नाम से विश्व प्रसिद्ध है। कोरोना संक्रमण के बाद कच्चे माल के दाम बढ़ने से तैयार माल की कीमत बढ़ी है इससे पीतल निर्यात में कमी आई है। महानगर के अस्पतालों, स्कूलों व मार्गों की व्यवस्था को दुरुस्त कराए।

**-शर्मिताभ सिन्हा,** एडवोकेट

### सांसद निधि से समान रूप से कराए विकास कार्य



हमारा भावी सांसद शिक्षित व धर्म निरपेक्ष हो। अपने संसदीय क्षेत्र में आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्रों में अपनी सांसद निधि से समान रूप से विकास कार्य कराए। संसद में जनहित की बात उठाए और समस्याओं का समाधान कराए। सांसद को जनता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी कर उस पर उनकी समस्या, शिकायत, सुझाव को सुने व उसका गंभीरतापूर्वक निस्तारण कराए। जन आकांक्षाओं पर खरा उतरना चाहिए।

**-सुरेश चंद्र गुप्ता,** एडवोकेट पूर्व वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य, दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी

# पुलिस-पीएसी फोर्स का आवंटन किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद लोक सभा क्षेत्र में प्रथम चरण में चुनाव होना है। अब यहां मतदान होने के केवल 14 दिन शेष बचे हैं। ऐसे में पुलिस की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। बूथों पर कितना फोर्स लगेगा। सुरक्षा के मद्देनजर प्रत्येक बूथ पर पुलिस के क्या इंतजाम रहेंगे आदि बिंदुओं पर जिला पुलिस ने समीक्षा भी कर ली है।

शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने चुनाव कार्यालय का निरीक्षण किया। यहां सीसीटीवी कैमरों में कैद हो रही गतिविधियों का कंट्रोल रूम में भी बना है। जिले भर में लगे कैमरों का डिस्प्ले हो रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने यहां कैमरों के डिस्प्ले को देखा। डिस्प्ले को जूम कराकर रामपुर दोराहा पर चल रही गतिविधियां को देखा। दोपहर के करीब पौने तीन बजे थे। सीसीटीवी कैमरे से रामपुर दोराहा पर यातायात कम था। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रत्येक बूथ पर पुलिस व अन्य फोर्स की तैनाती व अन्य इंतजाम के संबंध में निर्धारित मानक प्राप्त हो गया है। पुलिस-पीएसी फोर्स का आवंटन भी हो गया है। उन्होंने बताया कि अभी पैरामिलिट्री फोर्स का आवंटन होना बाकी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुरादाबाद लोक सभा क्षेत्र में प्रथम चरण में होने वाले मतदान की सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 19 एसएसटी (स्टेटिक सर्विलांस टीम) और इतनी ही एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वायड टीम) बनाई गई हैं।


पुलिस लाइन में निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण करते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना।

**रमजान मुबारक**


**शनिवार 26वां रोजा**
इफ्तार
सुन्नी- 6 बजकर 39 मिनट
शिया- 6 बजकर 45 मिनट


**रविवार 27वां रोजा**
खत्म सहरी
सुन्नी- 4 बजकर 34 मिनट
शिया- 4 बजकर 31 मिनट













सिरसखेड़ा गांव में हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से गेहूं की फसल जलने पर गमगीन किसान।

# चिंगारी से 18 बीघा गेहूं की फसल राख

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मूंढापांडे ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिरसखेड़ा में खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के तारों के आपस में स्पॉर्किंग से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। इससे 18 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

इंतजार पाशा ने बताया कि वह अलविदा जुमा की नमाज अदा करने के लिए मस्जिद पहुंचे थे। फिर जैसे ही वह मस्जिद से बाहर आए तो लोगों ने घटना की जानकारी दी। वह भागते हुए खेत पर पहुंचे तो देखा फसल जलकर राख हो चुकी थी। कुछ हिस्से की फसल जल रही थी तो मदद के लिए उन्होंने यूपी-डॉयल 112 और दलपतपुर बिजली घर में फोन किया। पीड़ित किसान ने बताया कि उन्होंने खेत में आग लगने की जानकारी अधिकारियों को भी दी थी, लेकिन मौके पर बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी नहीं आया। पीड़ित ने बताया कि इसके अलावा उनके पास और कोई जमीन नहीं है। फसल जलने के बाद अब बच्चों का पालन-पोषण मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी 18 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

## ताला तोड़ घर में चोरी, 20 दिन बाद दर्ज हुई रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र के बलदेवपुरी में सुनील कश्यप के घर 20 दिन पहले चोरी हुई थी। चोरों ने उनके घर का ताला तोड़ दिया था। उस दौरान सुनील कश्यप परिवार समेत अपने भाई के यहां जागरण कार्यक्रम में गए थे।

सुनील मंडी समिति स्थित कैंटीन में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके भाई डबल फाटक दस सराय के पास रहते हैं। उनके यहां 17 मार्च को जागरण कार्यक्रम में सुनील व उनका पूरा परिवार गया था। अगले दिन सुबह जब सुनील घर लौटे तो ताले टूटे मिले। उन्होंने बताया कि चोर घर में रखे 3,000 रुपये और करीब 80,000 रुपये के आभूषण चोरी कर ले गए। घर में रखी बालाजी की गुल्लक भी चोरी हो गई। घटना की सुबह उन्होंने पुलिस को शिकायत करने के साथ ही तहरीर दी थी। पुलिस जांच की बात कहकर शिकायती पत्र को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। अब पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

### शासन से नामित नोडल अधिकारी कामता प्रसाद ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# संभाग में 418 क्रय केंद्रों को मंजूरी, पंजीकरण पर जोर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गेहूं खरीद के लिए मुरादाबाद संभाग के लिए शासन से नामित नोडल अधिकारी अपर आयुक्त खाद्य एवं रसद कामता प्रसाद ने शुक्रवार को आरएफसी कार्यालय में बैठक ली। उन्होंने पंजीकृत किसानों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रचार प्रसार पर जोर दिया। कहा कि केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराएं।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह ने मुरादाबाद जिले में खरीद के लिए केंद्रों पर की गई व्यवस्था की जानकारी दी। संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि संभाग में अभी तक 11038 किसान पंजीकृत हैं। जिस पर नोडल अधिकारी ने संख्या कम बताते हुए जागरुकता बढ़ाने के लिए कहा।


गेहूं खरीद की समीक्षा बैठक में नोडल अधिकारी अपर आयुक्त खाद्य एवं रसद कामता प्रसाद व उपस्थित अधिकारी। ● अमृत विचार

जिससे अधिक किसानों का पंजीकरण गेहूं बेचने के लिए हो सके। संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि शासन से संभाग में 436 केंद्रों का प्रस्ताव हुआ है। जिसमें 418 का अनुमोदन हो चुका है। नोडल अधिकारी ने मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर में क्रय केंद्रों की संख्या को कम बताते हुए प्रस्ताव के अनुरूप अन्य केंद्रों का जिलाधिकारी के स्तर से अनुमोदन कराने का निर्देश दिया। बताया गया कि सम्भल, रामपुर व मुरादाबाद में खरीद प्रारंभ हो चुकी है। 10-15 अप्रैल तक इसमें तेजी आएगी।

नोडल अधिकारी ने निर्देश दिया कि गेहूं खरीदने के बाद किसानों के आधार से लिंक बैंक खाते में 48 घंटे में भुगतान कराना सुनिश्चित करें। इसमें लापरवाही नहीं चलेगी। बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी कौशलदेव, वीर विक्रम सिंह, संयुक्त निबंधक सहकारिता, संभागीय वरिष्ठ लेखाधिकारी, सुभाष चंद्र मैथानी सहित अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# अल्लाह की बारगाह में झुके हजारों सिर , दुआ के लिए उठे हाथ

### जामा मस्जिद समेत महानगर व ग्रामीण अंचल की मस्जिदों में शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई जुमा अलविदा की नमाज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रमजान के आखिरी जुमा अलविदा की नमाज महानगर की जामा मस्जिद में हजारों रोजेदारों ने तपती धूप के बीच अल्लाह की बारगाह में सजदा किया और मुल्क की तरक्की को दुआएं मांगी। इसके अलावा महानगर की अन्य मस्जिदों में भी शांतिपूर्ण माहौल में जुमा अलविदा की नमाज अदा की गई।

रमजान के महीने में जुमा का दिन बहुत अफजल माना जाता है। इस महीने के आखिरी जुमे को अलविदा जुमा भी कहा जाता है। अलविदा के दिन लोग जुमा की नमाज पढ़ने के लिए जामा मस्जिद जाते है। जबकि अन्य मस्जिदों में भी जुमा अलविदा की नमाज अदा की जाती है। शुक्रवार को रोजेदारों ने दो घंटे पहले से ही जामा मस्जिद में पहुंचना शुरू कर दिया था। जामा मस्जिद फुल होने के बाद लोगों ने पार्क में भी नमाज अदा की।

जामा मस्जिद में नमाज के लिए एक बजकर 20 मिनट पर खड़ा होना था। लेकिन, जुमा अलविदा की नमाज जामा मस्जिद में पढ़ने का बड़ा सवाब है। इसलिए सुबह से ही लोगों ने पहुंचकर आगे अपनी जगह बना ली। दोपहर 12 बजे तक मस्जिद पूरी तरह भर गई। इसके बाद लोगों को सामने वाले पार्क में भेजना शुरू कर दिया गया।


जामा मस्जिद पार्क में अलविदा जुमा की नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार

नमाज के समय तक पार्क भी लगभग पूरी तरह भर गया था। आखिर समय में कुछ लोगों ने गलियों और दुकानों में भी बैठकर नमाज अदा की। जुमा अलविदा की नमाज नायब शहर इमाम मुफ्ती सैय्यद फहद अली ने अदा कराई। नमाज के बाद मुल्क और कौम की तरक्की के लिए भी दुआ हुई। इसके अलावा महानगर की शाही मस्जिद, तख्त वाली मस्जिद, किले वाली मस्जिद, इस्हाक मियां मस्जिद, बड़ी मस्जिद, जिया खां वाली मस्जिद, मौलाना वाली मस्जिद, लाल मस्जिद, मस्जिद गौसे आजम, गुलाब मस्जिद व अंगूर वाली मस्जिद के अलावा महानगर की सभी मस्जिदों में अलग-अलग समय पर जुमा अलविदा की नमाज शांति पूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

**आठ बजे होगी ईद की नमाज:** नायब शहर इमाम मुफ्ती सैय्यद फहाद अली ने ईद की नमाज ईदगाह में सुबह आठ बजे पढ़ाने का ऐलान किया। उन्होंने नमाजियों से समय से पहुंचकर बयान भी सुनने और नमाज अदा करने की अपील की है।

## पाकबड़ा में रोजेदारों ने अदा की नमाज

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** जामा मस्जिद पाकबड़ा में इमामे शहर पाकबड़ा काजी शम्मे आलम ने मस्जिद के मिम्बर से खुतबा पढ़ा और अलविदा जुमा की फजीलत बयान की। इमामे शहर काजी शम्मे आलम ने कहा कि रमजान विदा हो रहे हैं। इस महीने में रब अपने हर मोमीन की फरियाद सुनता है। हमें चाहिए कि हम बुराइयों से बचें, कमजोर मिस्कीन और यतीमो का ख्याल रखें। जामा मस्जिद कमेटी सदर द्वारा कहा कि पाकबड़ा की जामा मस्जिद में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। मदीना मस्जिद के इमाम हाफिज मोहम्मद अली ने कहा कि हम सब खुश हैं और दुआ करते हैं कि यह मुबारक महीना बार-बार आता रहे। इस दौरान पुलिस भी सुरक्षा की दृष्टि को लेकर तैनात रही।

## मस्जिदों में नमाजियों की उमड़ी भीड़

अगवानपुर, अमृत विचार : अलविदा जुमा पर मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ी। नगर पंचायत की जामा मस्जिद में 1:30 बजे नमाज अदा की गई। वहीं, शिया जामा मस्जिद में 1:00 बजे अलविदा जुमा की नमाज अदा की। शिया जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना सादिक हसन ने जुमे के खुतबे में फिलस्तीन के मजलूमों की हिमायत करते हुए कहा कि अलविदा जुमा का दिन अल कुदस के नाम से मनाया जाता है। मौलाना ने कहा कि फिलस्तीन में बच्चे भूखे रहने पर मजबूर हैं। हम हर तरीके से फिलस्तीन के मजलूमों का समर्थन करते हैं। मौलाना ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति जुल्म देखकर भी खामोश रहे तो वह भी जुल्म में शामिल रहता है। इस दौरान नगर की सभी मस्जिदों के बाहर नमाजियों की सुरक्षा में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## ईद की नमाज से पहले 60 रुपये फितरा अदा करें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शुक्रवार को जुमा अलविदा की नमाज के दौरान शहर इमाम सैय्यद मासूम अली आजाद ने फितरा 60 रुपये अदा करने का ऐलान किया। फितरा परिवार के हर सदस्य पर वाजिब होता है। उन्होंने फितरे की रकम ईद की नमाज से पहले अदा करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि ईद की नमाज से पहले फितरे की रकम अदा करने का कई गुना सवाब मिलता है। नमाज के बाद यह सामान्य ही रहता है।

## किशोरी के अपहरण में ई-रिक्शा चालक पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला क्षेत्र की किशोरी घर से नकदी और जेवर लेकर लापता हो गई। पिता ने मुहल्ले के ही ई-रिक्शा चालक पर संदेह जताकर उसके विरुद्ध बहला-फुसला कर अपहरण कर ले जाने का आरोप लगाया है। उसके विरुद्ध तहरीर देकर मामला भी दर्ज करा दिया है।

बताया जा रहा है कि पीड़ित पक्ष संभल जिले के हयातनगर थाना क्षेत्र का निवासी है। वह लोग मझोला क्षेत्र में एकता कॉलोनी में किराये पर रहते हैं। किशोरी के पिता ने पुलिस को बताया है कि उनकी 16 वर्षीय बेटी कक्षा-नौ की छात्रा है। 28 मार्च की रात वह घर में मां के साथ सो रही थी। रात करीब 12.30 बजे मां की आंख खुली तो बेटी गायब थी। अगले दिन कॉलोनी में और रिश्तेदारों के यहां तलाश किया, लेकिन किशोरी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। पीड़ित के पिता ने बताया कि मझोला के ही मानी बाग निवासी ई-रिक्शा चालक रोहित उनकी बेटी को बहला-फुसला कर अपहरण कर ले गया है। किशोरी घर से पिता का मोबाइल फोन, 2500 रुपये और गहने भी साथ ले गई है। मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी रोहित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# खाद्य पदार्थ विक्रेताओं को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से शुक्रवार को लाइनपार के रामलीला मैदान के सामने शिविर लगाया गया। इसमें खाद्य व पेय पदार्थों के कारोबारियों व फुटकर विक्रेताओं को विभाग के नियमों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें लाइसेंस के लिए पंजीकरण व नवीनीकरण कराने के लिए प्रेरित किया गया। कहा कि नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई होगी।

शिविर में मिठाई, किराना व्यापारी, दुग्ध उत्पाद कारोबारी, नमकीन, बेकरी, सब्जी-फल विक्रेता, रेस्टोरेंट व्यापारी आदि पहुंचे। इसमें खाद्य कारोबार के लाइसेंस व नवीनीकरण से संबंधित जानकारी देकर जागरूक किया गया। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि कारोबारियों को पंजीकरण, नवीनीकरण अवश्य कराने के लिए निर्देश दिए गए। इसके साथ ही हाईजीन व स्वच्छता के बारे में बताया गया। ऐसा न होने पर जांच में टीम को कमी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। शिविर में सात खाद्य लाइसेंस निर्गत किए गए, साथ ही 162 खाद्य कारोबारियों के खाद्य पंजीकरण जारी किए गए। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी जगदम्बा प्रसाद, राजीव कुमार वर्मा, पीके त्रिपाठी, अमिता जिज्ञासु, ज्योत्सना त्रिपाठी, एसएसडी सच्चन आदि मौजूद रहे।



शिविर में खाद्य पदार्थ विक्रेताओं को जानकारी देते सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

**सात खाद्य लाइसेंस व 162 खाद्य कारोबारियों को पंजीकरण पत्र दिए**

## किसान की हत्या में दो सगे भाइयों को उम्रकैद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** फास्ट ट्रैक कोर्ट ने भगतपुर में बुजुर्ग किसान की हत्या मामले में दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25-25,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दिनेश कश्यप ने बताया कि घटना 6 अक्टूबर 2008 की है। इस मामले में हरदेव ऊर्फ बब्लू और इनके भाई मनोहर एवं सुरेश उर्फ सुरेंद्र अभियुक्त थे। पुलिस ने 9 अप्रैल 2009 को आरोप पत्र दाखिल किया था। यह मामला न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट-3 में चल रहा था। अधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में न्यायालय में चली लंबी बहस और साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त हरदेव उर्फ बब्लू और उसका भाई मनोहर पुत्रगण दुर्गा सिंह यादव दोषी पाए गए हैं। विवेचना दरोगा पंकज कुमार ने की थी।

# माता के दर्शन करने को उमड़े भक्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कपूर कंपनी स्थित हुल्का माता मंदिर में चल रहे बसौड़ा मेले में शुक्रवार को भक्तों में खास उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर के बाहर माता शीतला के दर्शन के लिए लंबी कतार देखने को मिली। यहां भक्तों ने अपनी बारी आने पर माता को बासी भोजन का भोग लगाया और विश्व में शांति की कामना की। उधर, पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा के लिए मौजूद रहा।

बसौड़ा मेला अब अपने अंतिम दिनों में है। होली के बाद यह 15 दिवसीय मेला प्रारंभ होता है। यहां मान्यता है कि निःसंतान महिलाओं के मन्नत मांगने पर माता शीतला उनके घर नवजात के रूप में आती हैं। यहां नवविवाहित जोड़े भी माता शीतला के दर्शन के लिए आते हैं। यहां 15 दिन तक भक्तों की भीड़ देखने को मिलती है। मंदिर के बाहर मेला लगता है। जहां बच्चे भरपूर आनंद लेते हैं। श्रद्धालुओं ने सुबह से ही पहुंचकर शीतला माता के दर्शन किए। उन्हें बासी भोजन का भोग लगाया और कौड़ी आदि का प्रसाद अर्पित किया। महंत बीएन गोस्वामी ने श्रद्धालुओं को मोरपंखी से आशीर्वाद दिया। इस दौरान अतुल जौहरी, नवीन गोस्वामी आदि मौजूद रहे।


हुल्का माता मंदिर में दर्शन के लिए खड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**देवी को श्रद्धालुओं ने बासी भोजन का लगाया भोग**

## एक नजर

### गैंगस्टर राजीव को सजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** न्यायालय एडीजे-पांच ज्ञानेंद्र सिंह यादव ने गैंगस्टर में अभियुक्त राजीव को दो वर्ष कारावास और 5,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अधिवक्ता राजीव त्यागी ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध गिरोह बनाकर आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से अपराध के आरोप में मूंढापांडे थाने के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक राघुराज सिंह ने 23 अप्रैल 2008 को मामला दर्ज कराया था। अभियुक्त राजीव पुत्र बलराम गजरौला थाना क्षेत्र में बस्ती करबा का निवासी है।

**खेल** | एमपीएस क्रिकेट एकेडमी में मिनी आईपीएल की शुरुआत

# आरसीए रॉयल्स ने एक विकेट से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एमपीएस क्रिकेट एकेडमी में शुक्रवार को मिनी आईपीएल की शुरुआत हुई। पहला मैच आरसीए रॉयल्स और यूथ इंडियंस के बीच खेला गया। इस रोमांचक मैच को आरसीए ने आखिरी गेंद पर अपने नाम किया। आरसीए के लिए आरुष गुप्ता ने शानदार शतकीय पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 23 चौके और 3 छक्के लगाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

टॉस जीतकर यूथ इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 30 ओवर में 9 विकेट खोकर 233 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए तुषार ने 73 गेंदों पर शानदार 78 और मोहम्मद रिहान ने 22 गेंदों पर ताबड़तोड़ 38 रन बनाए। वहीं रॉयल्स के लिए आकाश चौहान ने 6 ओवर में 31 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए।

जवाब में रॉयल्स ने आरुष की शतकीय पारी के दम पर 30 ओवर में 9 विकेट खोकर 234 रन बनाकर एक विकेट से मैच जीत लिया। यूथ टीम के लिए अर्जुन गुप्ता और संदीप ने 3-3 विकेट लिए। आरुष को उनकी शतकीय पारी के लिए मैन आफ द मैच दिया गया। मुख्य अतिथि अनशुल गुप्ता, विजय गुप्ता, बद्दरूद्दिन सिद्दिकी रहे। इस दौरान आयोजक दानिश आलम, विजय तमंग, नितिन कुमार आदि मौजूद रहे।



मैन आफ द मैच आरुष गुप्ता को सम्मानित करते मुख्य अतिथि, साथ में अन्य खिलाड़ी।

## स्प्रिंगफील्ड ने द आर्यन क्रिकेट एकेडमी को हराया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी में चल रही क्रिकेट लीग में शुक्रवार को द आर्यन क्रिकेट एकेडमी और स्प्रिंगफील्ड क्रिकेट एकेडमी के बीच मुकाबला खेला गया। स्प्रिंगफील्ड ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। द आर्यन क्रिकेट एकेडमी ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 8 विकेट खोकर 152 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्प्रिंगफील्ड ने 34.2 ओवर में 4 विकेट खोकर जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच कृष्णा यादव को चुना। अंपायर की भूमिका में कृष्णा यादव और हर्ष सिंह रहे। स्कोरर आजाद सिंह रहे। मोहम्मद हसीन, रुक्मणी ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन सिद्धार्थ मलिक, हिमांचल यादव, चमन सिंह, शिव कुमार रावत, तरुण चिमा, ओम दत्त शर्मा, रोहित कुमार रहे।

## परीक्षा परिणाम देख खिले बच्चों के चेहरे

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** आरआरके स्कूल में शुक्रवार को नर्सरी से कक्षा ग्यारह तक के बच्चों को रिपोर्ट कार्ड वितरित किया। परीक्षा परिणाम देख बच्चों के चेहरे खिल उठे।

बच्चे नई कक्षा में जाने की खुशी में उमंग व जोश से भरे दिखाई दिए। सबसे पहले अध्यापिकाओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना की गई। बच्चे परीक्षा परिणाम देख बहुत खुश थे। बच्चों के लिए गुड इन एकेडमिक एवं सर्वाधिक उपस्थिति के आधार पर मेडल सर्टिफिकेट एवं गिफ्ट दिए गए। मेडल, सर्टिफिकेट एवं गिफ्ट पाकर बच्चे अत्यंत खुश थे। प्रधानाचार्या वंदना छाबड़ा ने सभी बच्चों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन कृति अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर पूजा, नेहा, संयुक्ता पाण्डेय, स्वाति, जया, तरुणा, रजनी, शेफाली, नीतू, मनिका आदि अध्यापिकाएं मौजूद रहीं।

# कल से 10 अप्रैल तक ट्रेनों का संचालन होगा प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**रद रहेगी लखनऊ-बालामऊ पैसेंजर, कई का बदलेगा समय**

**अमृत विचार :** रेल मंडल के आलमनगर और लखनऊ के बीच कई विकास कार्य कराने है। जिसके लिए रेलवे को मुख्यालय से मंजूरी मिल गई है। ब्लाक के चलते सात अप्रैल से 10 अप्रैल तक कई ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ेगा। इसके लिए रेलवे ने यात्रियों को सूचित कर दिया है।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि लखनऊ-आलमनगर के बीच रेल के विकास कार्य पूरे करने के लिए तीन दिन का ब्लॉक लिया है। इस दौरान मुरादाबाद-लखनऊ रेल मार्ग पर रेल संचालन प्रभावित रहेगा। जिसके चलते लखनऊ-बालामऊ पैसेंजर आठ और 10 अप्रैल, लखनऊ-शाहजहांपुर पैसेंजर ट्रेन आठ से 10 अप्रैल तक रद रहेगी। फिरोजपुर से धनबाद किसान और अमृतसर-हावड़ा पंजाब मेल सात से नौ अप्रैल तक आलमनगर-ट्रांसपोर्ट नगर और उतरेटिया रूट से चलेगी। वहीं डिब्रूगढ़ जाने वाली ट्रेन सात अप्रैल को चंडीगढ़ से तीन घंटे और राज्यरानी एक्सप्रेस आठ से 10 अप्रैल तक देरी से रवाना होगी।

सियालदह एक्सप्रेस (13151) भी कोलकाता से सवा दो और तीन घंटे की देरी से रवाना की जाएगी। इसी तरह भगत की कोठी से ट्रेन को दो घंटे की देरी से संचालित की जाएगी। जबकि राज्यरानी, हिमगिरी और जम्मूतवी-भागलपुर अमरनाथ को रास्ते में रोककर संचालित किया जाएगा।

## एक नजर

### ईद की खरीदारी के लिए बाजार में उमड़ी भीड़

**कांठ, अमृत विचार :** ईद उल फितर के चलते बाजार गुलजार हैं। बाजार में लोग खरीदारी कर रहे हैं। इसके कारण दुकानदार भी खुश हैं। सबसे अधिक भीड़ नगर के मीना बाजार में दिखाई दे रही है। कांठ का बाजार इन दिनों ईद उल फितर के मद्देनजर गुलजार है। सौंदर्य प्रसाधन, कपड़े, जूते, चप्पल, ज्वेलरी, किराना आदि दुकानों पर ज्यादा खरीदार पहुंच रहे हैं। नगर के व्यापारियों और दुकानदारों ने भीड़ को देखते हुए बाजार में अतिरिक्त पुलिस ड्यूटी की मांग की है। मिठाई की दुकानों पर भी रात दिन मिठाइयां बनाने का कार्य चल रहा है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री व नगर अध्यक्ष निरुपम विश्नोई ने कहा कि ईद के त्योहार पर बाजार में दुकान देर तक खुलती हैं। इसलिए दुकानदारों की सहूलियत के लिए कटौती मुक्त बिजली आपूर्ति की जाए।

### रास्ते में रोककर मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर रास्ते में रोककर गाली-गलौच मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर चैदरी निवासी अतीक पुत्र अब्दुल वाहिद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि तीन अप्रैल को शाम छह बजे ग्राम गढ़ी निवासी अशरफ पुत्र हनीफ व अज्ञात दो व्यक्तियों ने मौढ़ी हजरतपुर के रास्ते में रोककर मारपीट और गाली गलौज की है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के बाद दो अज्ञात व्यक्तियों के बारे में भी जानकारी की जाएगी।

### छात्रा की गुमशुदगी का मामला दर्ज

**ठाकुरद्वारा अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में देर शाम गेहूं की कटाई कर घर लौटी छात्रा लापता हो गई। परिजनों के तलाश करने पर भी छात्रा नहीं मिली। पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री गुरुवार देर शाम खेत से गेहूं काटकर मां के साथ घर आई थी। इसके बाद खाना खाकर सो गई। सवेरे परिजनों ने उठकर देखा तो छात्रा घर पर नहीं थी। परिजनों ने छात्रा की तलाश की। लेकिन उसके नहीं मिलने पर पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गोली कांड मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम छज्जूपुरा दोयम निवासी मोहित कुमार के साथ एक सप्ताह पूर्व हुए गोली कांड के दूसरे आरोपी को थाना छजलैट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ज्ञात हो कि 29 मार्च को थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम छज्जूपुरा दोयम निवासी मोहित कुमार से गांव के अमित कुमार एवं सन्दलीपुर निवासी कपिल कुमार की कहासुनी एवं मारपीट हो गई थी। जिसमें सन्दलीपुर निवासी कपिल कुमार ने मोहित कुमार पर फायरिंग कर दी थी। जिससे मोहित कुमार घायल हो गया था। पीड़ित की तहरीर पर थाना छजलैट पुलिस ने एक अप्रैल को आरोपी अमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया था। शुक्रवार को थाना छजलैट पुलिस के उप निरीक्षक इसरार अहमद एवं उस्मान अली तथा हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार ने दूसरे आरोपी कपिल कुमार पुत्र महिपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।



कांठ में अलविदा जुमा की नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार



कुंदरकी में लाल मस्जिद में नमाज अदा करते रोजेदार। ● अमृत विचार

# कड़ी सुरक्षा में हुई अलविदा जुमा की नमाज

## मुल्क की तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी, जरुरतमंदों की मदद करने को कहा

संवाददाता, छजलैट/कांठ

**अमृत विचार :** क्षेत्र में अलविदा जुमा की नमाज सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। पुलिस-प्रशासन ईद उल फितर पर सामूहिक नमाज को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए अधीनस्थों को समय से तैयारी के निर्देश दिए।

अलविदा जुमा की नमाज क्षेत्र में सभी मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। नगर क्षेत्र की माहीग्रान मस्जिद, लाल मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, छप्पर वाली मस्जिद, सराय खजूर, रसूलपुर चौराहा, गढ़ी, ऊमरी कलां, सलेमपुर व छजलैट क्षेत्र के गांवों में मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। प्रशिक्षु आईपीएस ऋषभ रुनवाल, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह, इंस्पेक्टर जयदेव सिंह यादव और प्रशासनिक अधिकारियों ने अलविदा जुमे की नमाज की व्यवस्थाएं देखीं। थाना छजलैट के पास मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज अदा की। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि ईद का त्योहार आ रहा है। सभी लोग पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव भी चल रहा है। ईद के त्योहार पर किसी तरह की कोई नई परंपरा नहीं होनी चाहिए।



बिलारी में ईदगाह में तैयारियों का जायजा लेते कमेटी के पदाधिकारी।



ठाकुरद्वारा में अलविदा जुमा पर नमाज अदा करते लोग।

### नमाज से पहले कुरान की तिलावत

**बिलारी, अमृत विचार :** शुक्रवार को अलविदा जुमा की नमाज के लिए मस्जिदों में लोग वक्त से पहले ही पहुंच गए। इस दौरान कई रोजेदार नमाज से पहले कुरान की तिलावत करते नजर आए। अलविदा की नमाज के बाद जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती हामिद अली नईमी ने रमजान विदा होने से संबंधी खिताब किया। सभासद मोहम्मद कासिम अंसारी ने कहा कि जरुरतमंदों की मदद करें। शहर इमाम मौलाना सदाकत हुसैन ने बताया कि ईद की नमाज ईदगाह में ईद के दिन 8 :30 बजे होगी। ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद रफी राजू ने बताया कि ईद की नमाज को लेकर इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। इस दौरान मोहम्मद सुलेमान, मोहम्मद जरीफअंसारी, मोहम्मद नदीम, अशफाक हुसैन मुल्लाजी, मोहम्मद रेहान, मोहम्मद ओवैस, कलीम नूरी, इकराम हुसैन, गुलाम पहलवान आदि उपस्थित रहे।

### मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** अलविदा जुमा की नमाज के लिए नगर और ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ रही। वहीं मौलाना ने जकात फितरा के बारे में रोजेदारों को बताया। अलविदा जुमा को नगर की जामा मस्जिद मुहल्ला ताली, मस्जिद छिपीयान, मस्जिद कुरैशियान, मस्जिद फिरदौस, गिलो वाली मस्जिद, कैलेंडर वाली मस्जिद में नमाजियों की भीड़ पहुंची। जुमा की नमाज से पहले तकरीर करते हुए मस्जिद के इमाम ने कहा केवल जुमा का रोजा रखना ही फर्ज नहीं पूरे महीने के रोजे रखना फर्ज है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र के रामनगर खागूवाला, शरीफनगर, सुरजननगर, भायपुर, मस्तल्लीपुर, राघूवाला, मलपुरा लक्ष्मीपुर, गोपीवाला, कमालपुरी खालसा, कालाझांडा, बोबदवाला, पसियापुरा पदार्थ, रतूपुरा, ख्वाजपुर धंतला, जाफराबाद, पीलकपुर गुमानी, फरीदनगर, फौलादपुर गांवों में अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। मौलाना यामीन कासमी ने फरमाया कि हर मुस्ताहिक मुस्लमान पर 2 .50 फीसदी अपने माल की जकात फर्ज है और इसे जरूर निकालें, वरना गुनाह होगा। कहा कि माहे रमजान की अलविदा जुमा पर अल्लाह की इबादत में नमाज पढ़ना बेहद खास माना जाता है। कहा जाता है कि अलविदा जुमा पर नमाज पढ़ने वालों की अल्लाह जायज तमन्ना पूरी करता है। इस मौके पर सदर हाजी याकूब कुरैशी, हाजी फहीम मौलाना शुएब, मौलाना नदीम ,सगीर अहमद कुरैशी, इस्लाम कुरैशी, इकराम कुरैशी, मोहम्मद तकी आदि मौजूद रहे।

### रोजेदारों ने अदा की अलविदा जुमा की नमाज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** नगर व देहात की सभी मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। नमाजियों से मस्जिद की रौनक देखते ही बनती थी। शुक्रवार को रोजेदारों ने सुबह से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। इस दौरान मस्जिदों को सजाया भी गया। रमजान के आखिरी जुमा को नमाज अदा करने से दुआएं कबूल होती हैं। खुदा रोजेदारों पर रहमतों की बारिश करता है, लोगों में प्यार और भाईचारा बढ़ता है। मुख्य रूप से नगर की मस्जिद ए आला हजरत, लाइनपार मस्जिद, मस्जिद ए सिद्दीकी ए अकबर, किला मस्जिद, काजी वाली मस्जिद, मुगलों वाली मस्जिद, लाल मस्जिद, दादा मियां के मजार वाली मस्जिद, जामा मस्जिद, एक मीनार वाली मस्जिद, और कर्बला कालोनी मस्जिद और नई विकसित आबादी में मौजूद मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा की गई। इसके साथ ही देहात क्षेत्र के ग्राम हाथीपुर चित्तू, महलोली, गजीपुर, बाखीपुर, पीतपुर, सौंदा, बाछल भूड़, जलालपुर खास, बगरउआ, चक फाजलपुर, सैफपुर चित्तू, रूपपुर, गदीपुरा, कमालपुर फतेहाबाद, भीकनपुर कुलवाड़ा, डोमघर, इमरतपुर फखरुद्दीन, हरियाना, ढकिया जुम्मा, इमरतपुर सिरसी आदि गांवों की मस्जिदों में भी अलविदा की नमाज अदा की गई।


## 25 छुट्टा पशुओं को स्कूल में किया बंद

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** कुआं खेड़ा खालसा के किसानों ने खेतों में फसलें बर्बाद कर रहे पशुओं को गांव के जूनियर हाईस्कूल में बंद कर दिया। बाद में भाकियू के महामंत्री घनेंद्र शर्मा के नेतृत्व में कई किसानों ने उप जिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा को शिकायती पत्र देकर छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की।

शुक्रवार को भाकियू के जिला महामंत्री घनेंद्र शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने एसडीएम को बताया कि कुछ लोग ट्रैक्टर-ट्रालियों से पशुओं को रात में गांव के जंगल में छोड़ गए। जिससे किसानों की फसलों को भारी नुकसान हो रहा है।

इससे क्षेत्र के किसान परेशान हैं। शुक्रवार सुबह किसानों ने 25 छुट्टा पशुओं की घेराबन्दी कर जूनियर हाईस्कूल में बंद कर दिया। किसानों ने एसडीएम से कहा कि छुट्टा पशुओं को गोशाला भेजा जाए।



कुआंखेड़ा खालसा के जूनियर हाईस्कूल में बन्द छुट्टा पशु। ● अमृत विचार

▸▸ **एसडीएम के आदेश पर बीडीओ ने पशुओं को अब्दुल्लापुर लेदा गोशाला भिजवाया**

एसडीएम अजय कुमार मिश्रा ने बीडीओ सुरेश चन्द्र गुप्ता को निर्देश दिए कि वह जूनियर हाईस्कूल में बन्द पशुओं को अब्दुल्लापुर लेदा स्थित गोशाला में भिजवा दें।

> उप जिलाधिकारी के आदेश पर कुआं खेड़ा खालसा के जूनियर हाईस्कूल में बंद 25 छुट्टा पशुओं को अब्दुल्लापुर लेदा गोशाला में भेज दिया है। कोई पशुपालक अपने पशुओं को छुट्टा छोड़ता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी।
>
> **–सुरेश चन्द्र गुप्ता,** बीडीओ

## विदेश में नौकरी के नाम पर चार लोगों से 5.60 लाख ठगे

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

▸▸ **रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी**

**अमृत विचार :** विदेश में नौकरी दिलाने का प्रलोभन देकर क्षेत्र के बेरोजगार युवकों को ठगने का सिलसिला जारी है। जिसके चलते गांव के चार बेरोजगार युवकों से ठगों ने पांच लाख 60 हजार रुपये की ठगी कर ली। आरोपी दो युवकों को अपने साथ विदेश ले गया और वहां से लापता हो गया। युवकों ने जानकारी परिजनों को दी। तक किसी तरह दोनों विदेश से लौट पाए। पीड़ित युवकों ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

गांव अब्दुल्लापुर निवासी गुलफान पुत्र हफीजुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उत्तराखंड के काशीपुर कोतवाली के गांव सरवरखेड़ा निवासी ट्रैवल एजेंट से उसकी मुलाकात हुई थी। उसने विदेश में अच्छी नौकरी दिलाने का वादा किया। कहा कि वह खुद उनको विदेश में साथ ले जाकर कम्पनी में नौकरी दिलाएगा। कुछ दिन बाद कागजात तैयार कराने के बाद वह गांव के दो युवकों को अपने साथ ओमान ले गया। वहां पहुंचकर आरोपी दोनों युवकों को छोड़कर फरार हो गया। ओमान में दोनों युवक भूखे प्यासे पडे. रहे। इसकी सूचना युवकों ने घर वालों को दी। जिस पर परिजनों ने रुपयों की व्यवस्था कर युवकों को घर वापस बुलाया। यहां वापस आकर रुपये वापस मांगने पर आरोपी ट्रैवल एजेंट ने गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित युवक ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर रुपये वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

## सार-संक्षेप

### संभल से डॉ. राशिद अली पीस पार्टी के प्रत्याशी घोषित

**बिलारी, अमृत विचार :** पीस पार्टी की मोहल्ला ठाकुरान स्थित मंडल कार्यालय पर बैठक हुई। जिसमें प्रदेश के कई पदाधिकारी पहुंचे। बैठक में संभल लोकसभा क्षेत्र से डॉ. राशिद अली को सांसद प्रत्याशी घोषित किया। गुरुवार को बैठक में पीस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रईस कुरैशी ने डॉ. राशिद अली को सांसद प्रत्याशी घोषित किया। डॉ. राशिद अली बिलारी के गुरेर गांव के निवासी हैं। पीस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ने मौलाना हसन राजा को संभल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव प्रभारी नियुक्त किया। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव कलीममुल्ला फैजी, मंडल कोऑर्डिनेटर शकील अहमद साबरी, मंडल महासचिव डॉ. यासीन सैफी, आमिर, कफील इदरीसी, डॉ. राशिद हुसैन सैफी, जहूर अहमद, राहत जान, माजिद हुसैन सैफी रहे।



परीक्षाफल दिखाते छात्र-छात्राएं, साथ में शिक्षक व अतिथि। ● अमृत विचार

### परीक्षाफल वितरित कर विद्यार्थियों को दी विदाई

**छजलैट, अमृत विचार :** विकास खंड छजलैट के प्राथमिक विद्यालय हरकिशनपुर में परीक्षा परिणाम वितरण कर विद्यार्थियों को विदाई दी गई। कक्षा एक में प्रथम स्थान चैररिष, द्वितीय स्थान हर्ष, तृतीय स्थान सूरज ने प्राप्त किया है। कक्षा दो में आयुषी, नैनशी, निकिता, कक्षा तीन में आदर्श, पलक, आदित्य और कक्षा चार में अंजलि, तमन्ना, लकी, कक्षा पांच में यश, अभिजीत, रुपाली ने स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार एवं ग्राम प्रधान उवेद खान ने अंक प्रमाण पत्र, स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रधानाध्यापिका प्रेमलता एवं समस्त स्टाफ की प्रशंसा की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान उवेद खान, एसएमसी अध्यक्ष कुंता देवी, एआरपी डॉ. गौतम सिंह, मनीष कुमार प्रधानाध्यापिका प्रेमलता, गुंजन सुनेजा, राशि, संजीव कुमार विश्नोई, सुमित कुमार रहे।



संचारी रोग नियंत्रण के प्रति जागरूक करते छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

### संचारी रोग नियंत्रण की दी जानकारी

**कांठ, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय माननगर में संचारी रोग नियंत्रण जागरुकता अभियान कार्यक्रम संचालित किया। शुक्रवार को प्रधानाध्यापिका भुवनेश कुमारी ने विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों के साथ संचारी रोग नियंत्रण जागरुकता रैली निकाली। रैली में बच्चों द्वारा संचारी रोग नियंत्रण के नारे लगाए गए। गली-गली, गांव-गांव घूमकर स्वच्छता के प्रति जनजन को जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि आपका अमूल्य मत है इसका प्रयोग अवश्य करें। विद्यालय में पोस्टर, चित्रकला, स्लोगन कविता, निबंध इत्यादि प्रतियोगिता कराई गई। कार्यक्रम में आलिया नूर, सानिब, अरशद, सना, वंशिका, कशिश, राधिका, तस्मिया, विवेक, उकाशा बच्चों ने प्रतिभाग किया।

### 875 ग्राम गांजा बरामद, युवक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा अमृत विचार : शुक्रवार को** कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक देव सिंह कांस्टेबल गुलशन कुमार के साथ क्षेत्र में गशत कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम ने अब्दुल्लापुर लेदा के निकट पेट्रोल पंप के पास एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तलाशी के दौरान युवक के पास से 875 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना मतीन पुत्र सिकन्दर नगर निवासी वार्ड 25, मोहल्ला कुरैशियान बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।

### 20 साल से लापता हिस्ट्रीशीटर उत्तराखंड से गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा अमृत विचार :** कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि 20 साल पहले गांव करनावाला जब्ती निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र नत्थू सिंह को रिकार्ड में लापता दर्शाया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर लापता हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन के दौरान उपनिरीक्षक तिवेंद्र सिंह ने हिस्ट्रीशीटर राजेंद्र पुत्र नत्थू को उत्तराखंड के शिव विहार कालोनी काशीपुर से पकड़ा और कोतवाली ले आई।

### स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली रैली

**छजलैट, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय राजीपुर खद्दर ( कम्पोजिट ) के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली। शुक्रवार को प्रभारी प्रधानाध्याक बृजेन्द्र कुमार विश्नोई के नेतृत्व में बच्चों ने गांव का भम्रण किया। रैली के दौरान बच्चे स्लोगन लिखी हुईं तख्तियां लेकर चल रहे थे। अरुण कुमार, पुनीत कुमार, शिवानी ने अभिभावकों से अपील की कि छह वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों के नाम विद्यालय में लिखवाएं। रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर गांव की गलियों का भम्रण करते हुए विद्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान दीपक, ओमकारी, बबीता आदि रहे। प्रधानाध्यापक बृजेन्द्र कुमार विश्नोई ने बताया कि एक अप्रैल से नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है। राज्य सरकार ने विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के लिए बच्चों का दाखिला परिषदीय विद्यालयों में कराने के लिए जागरुकता अभियान शुरू किया है। शासन के निर्देश पर सभी पढ़े-सभी बढ़ें को साकार करने के लिए स्कूल चलो अभियान चलाया जा रहा है।

## तहसील में पति-पत्नी और प्रेमिका में जमकर मारपीट

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

▸▸ **मारपीट में अधिवक्ता की पत्नी घायल, कोतवाली में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की**

**अमृत विचार :** अधिवक्ता की पत्नी ने पति और उसकी प्रेमिका को आमने-सामने बात करते हुए पकड़ लिया। जब पत्नी ने पति व प्रेमिका का विरोध किया तो प्रेमिका ने अधिवक्ता की पत्नी से मारपीट की। इसके बाद दोनों में मारपीट होने लगी। इसके बाद अधिवक्ता, उसकी पत्नी और प्रेमिका के बीच जमकर मारपीट हुई। हंगामा बढ़ता देख किसी तरह अधिवक्ताओं ने बीचबचाव किया। हालांकि मारपीट में अधिवक्ता की पत्नी घायल हो गई। अधिवक्ता की पत्नी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अपने पति व उसकी प्रेमिका के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने अधिवक्ता की पत्नी को जांच के लिए अस्पताल भेज दिया।

शुक्रवार को अधिवक्ता की पत्नी अपने पति के चेम्बर पर अचानक पहुंची तो उसने पति को दूसरी महिला से बात करते पकड़ लिया। यह सब देख अधिवक्ता की पत्नी ने इसका विरोध किया। इसके बाद देखते ही देखते वहां हंगामा हो गया और लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। अधिवक्ता की पत्नी का आरोप है कि उसके पति व दूसरी महिला ने उसे मारपीट घायल कर दिया।

जिसके बाद अधिवक्ता की पत्नी कोतवाली गई और पूरी घटना की शिकायत करते हुए अधिवक्ता पति व उसकी प्रेमिका पर मारपीट का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। अधिवक्ता की पत्नी के साथ कुछ अधिवक्ता आरोपी अधिवक्ता की शिकायत करने कोतवाली में पहुंचे। जहां पर कोतवाली प्रभारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

**आयोजन** रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

## मतदान कर अच्छा जनप्रतिनिधि चुनें

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पुलिस-प्रशासन के साथ स्वास्थ्य विभाग भी पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव बेलवाल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह ने स्कूली बच्चों और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ लेकर नगर में मतदाता जागरुकता रैली निकाली और 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव में सभी लोगों से मतदान करने का आह्वान किया।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए और अच्छे जनप्रतिनिधि के चयन के लिए सभी लोग मतदान करें। क्योंकि मतदान करना प्रत्येक मतदाता का अधिकार और कर्तव्य है। लोकसभा चुनाव के मतदान में सभी महिला, पुरुष, युवा युवतियां बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। मतदाता जागरुकता रैली पूरे नगर में निकाली गई और जगह-जगह रुककर लोगों को जागरूक किया। रैली में विद्यार्थियों ने नारे लगाए। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव चौधरी ने सभी लोगों से आह्वान किया कि एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान भी चलाया जा रहा है। जिसमें सभी लोगों को अपने घर के आसपास सफाई में नाली की सफाई करनी जरूरी है जिससे संचारी रोग से बचा जा सके। इस अवसर पर डॉ. जुल्फिकार चौधरी, बीपीएम चंद्रशेखर यादव, भगवान सिंह, उमेश कुमार, आयशा आदि स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।



रैली निकालते स्वास्थ्यकर्मी, साथ में विद्यार्थी व अन्य। ● अमृत विचार

## बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहबाजपुर कलां निवासी शाहबाज पुत्र नासिर किसी काम से ठाकुरद्वारा आया था। वह अपने गांव वापस जा रहा था। वहीं, शरीफनगर निवासी हेमंत कुमार पुत्र पुष्पराज सिंह गांव शरीफनगर से ठाकुरद्वारा आ रहा था। तभी मानावाला गांव के निकट शाहबाज की बाइक हेमंत की बाइक से टकरा गई। हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



## एक नजर

### शांतिपूर्ण तरीके से हुई अलविदा की नमाज

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र में शुक्रवार को अलविदा जुमा की नमाज शांतिपूर्ण अदा की गई। मस्जिदों पर पुलिस तैनात रही। हजारों नमाजियों ने खुदा से मुल्क में अमन और चैन की दुआ की। नगर के चौपला स्थित जामा मस्जिद समेत नगर के मोहल्ला चौहानपुरी स्थित मस्जिद में भी अलविदा जुमे की नमाज हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों में भी शांतिपूर्ण रूप से जुमे की नमाज अदा हुई। चौपला स्थित जामा मस्जिद पर चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार मय फोर्स के मुस्तैद रहे। चौहानपुरी स्थित मस्जिद में कस्बा चौकी इंचार्ज अरूण कुमार गिरि ने सुरक्षा की कमान संभाली। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने भी शहर व ग्रामीणों क्षेत्रों का जायजा लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी।

### नमाज के लिए मस्जिदों में उमड़ी लोगों की भीड़

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों में अलविदा जुमा को मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भर गईं। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में स्थित सभी मस्जिदों में लोगों ने नमाज अदा की। शिया जामा मस्जिद में मौलाना मसरूर अब्बास ने नमाज अदा कराई। नई बस्ती जामा मस्जिद में मुफ्ती अब्दुल रहमान ने नमाज पढ़ाई। इस दौरान हाफिज फरमान, शहाबुद्दीन अंसारी, फारूक अंसारी, असलम अंसारी, शिवाल हैदर, इमरान हैदर,वकार हैदर,नूर अब्बास, अथर अब्बास, मोहम्मद अख्तर आदि मौजूद रहे।

### भागवत कथा सुनकर भाव विभोर हुए लोग

**बुरावली, अमृत विचार :** शिव मंदिर बुरावली में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन कथा का महत्व बताते हुए मनोज शास्त्री ने कहा कि मृत्यु को जानने से उसका भय मन से मिट जाता है। जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा जीव को अभय बना देती है। कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परमहंसों की संहिता है। भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाती है। यह सुन लोग भाव विभोर हो गए। इस दौरान समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।


अमरोहा की जामा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार


हसनपुर की जामा मस्जिद में नमाज पढ़ते लोग। ● अमृत विचार

# अमन के साथ अलविदा जुमा की नमाज अदा

## लोगों ने अल्लाह से मांगी गुनाहों की माफी, देश में शांति की दुआ को उठे हजारों हाथ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** रमजान के आखिरी जुमा अलविदा के मौके पर मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भरी रहीं। लोगों ने अमन के साथ नमाज अदा कर अल्लाह से गुनाहों की माफी मांगी। बरकतों वाले इस महीने में मुल्क, कौम की तरक्की व अमन की दुआ की। जुमा की नमाज से पहले मौलाना ने तकरीर में रमजान की फजीलत बताई और सदका व जकात के बारे में जानकारी दी।

शुक्रवार को अलविदा जुमा के लिए सुबह से ही लोग नमाज की तैयारियां कर रहे थे। 12 बजे से मस्जिदों में नमाजियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। एक बजे तक शहर की जामा मस्जिद नमाजियों से खचाखच भर गई थी। मस्जिद के आसपास सफाई के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। दोपहर डेढ़ बजे मुफ्ती मोहम्मद जाहिद ने जामा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज अदा कराई। नमाज से पहले उन्होंने लोगों को रमजान की फजीलत बताई। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को सदका व जकात देने में पीछे नहीं रहना चाहिए। शिया जामा मस्जिद में मौलाना डॉ. सैयद मोहम्मद सियादत नकवी ने नमाज अदा कराई। इसके अलावा शहर की सभी मस्जिदों में भी नमाजियों की भीड़ उमड़ी रही। नौगांवा सादात व जोया क्षेत्र में भी मस्जिदों में नमाज अदा की गई। पहले पालिकाध्यक्ष के पति अतुल कुमार जैन व सभासद फहीम शाहनवाज ने जामा मस्जिद के आसपास सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस फोर्स तैनात रहा।


बुरावली की आयशा मस्जिद में नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार

### देश के लिए मांगी दुआ, तैनात रही पुलिस

**हसनपुर, अमृत विचार :** रमजान के आखिरी जुमा की नमाज को लेकर शुक्रवार को लोगों में उत्साह दिखा। क्षेत्र में शांति के साथ अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। इस दौरान पुलिस अलर्ट रही। नमाज के बाद दुआ के लिए रोजेदारों के हाथ उठे। लोगों ने अल्लाह से मुल्क में अमन चैन और तरक्की की दुआ मांगी। इमामों ने रमजान के रोजों की फजीलत बताई। कहा कि खुशनसीब हैं, हम सब कि अल्लाह ने यह मुकद्दस माह अता फरमाया।

### नेक रास्ते पर चलने की सीख देता है रोजा

**बुरावली, अमृत विचार :** न्याय पंचायत बुरावली क्षेत्र की मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। हजारों नमाजियों ने सजदे में सिर झुकाए। शुक्रवार को रमजान के आखिरी जुमा यानी अलविदा की नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। क्षेत्र की सभी मस्जिदों में भीड़ दिखी। रमजान की विदाई पर हर रोजेदारों की आंखें नम दिखाई दीं। सजदे में सिर और खुदा की इबादत के जज्बे से लबरेज मुल्क और तरक्की व खुशहाली की दुआ की। नमाजियों की जुबान पर देश की सलामती की दुआ और चेहरे पर अल्लाह का खौफ झलक रहा था। मुसलमानों ने सुबह से ही तैयारी शुरू कर दी। नए लिबास में इत्र की खुशबू महक उठी। नूरानी मस्जिद मदारीपुर में नमाज से पहले खुतबे में मौलाना जीशान अली ने कहा कि रोजा हमें नेक रास्ते पर चलने की सीख देता है। नफरत व बुराइयों को समाप्त करने और नेकी की राह पर चलने की सीख देता है। उन्होंने जकात के बारे में बताया कि जकात जरूरतमंदों को दें तो अल्लाह कबूल करेगा। पेशेवर को जकात दी तो उसे अल्लाह कबूल नहीं करेगा। बिलाल मस्जिद में मौलाना वहाब अली ने, आयशा मस्जिद में हाफिज सलीम, बाग वाली मस्जिद में कारी वसीम, छोटी मस्जिद में मौलाना अरशद अली ने नमाज अदा कराई। इसके अलावा गांव शकरगढ़ी, पतेई खादर, फत्तेहपुर ,चंदनपुर, सूतावली, बुरावली ,पिपलोती , जयतौली , बांसका कला, बांसका खुर्द, गंगवार आदि गांव में अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई।

### अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई

**सैदनगली, अमृत विचार :** कस्बे में लोगों ने रमजान के आखिरी जुमा को अलविदा की नमाज अदा की। मोहल्ला सादात की शिया जामा मस्जिद में लोगों ने नमाज अदा की। मौलाना हाजी कम्बर अली ने कहा कि जिस तरह सभी महीनों का सरदार रमजान है, उसी तरह सभी दिनों का सरदार जुमा है। रमजान का आखिरी जुमा जिसे अलविदा जुमा कहा जाता है। इसकी बहुत ज्यादा फजीलत है। मौलाना ने मुल्क व कौम की तरक्की खुशहाली अमन शांति की दुआ कराई।

# मुसलमान को अच्छा इंसान बनकर जीना चाहिए: वहाब

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** आयशा मस्जिद में 24 वें रोजे को तरावीह में कुरआन मुकम्मल हुआ। हाफिज सारिम ने कुरआन सुनाया और हाफिज उवैश व फैजान ने कुरआन सुना।

मौलाना अब्दुल वहाब ने तकरीर करते हुए कहा कि वे लोग खुशनसीब हैं, जिनको तरावीह में अल्लाह का कलाम सुनने के लिए मिला। यह सदका हमारे नबी का है। इसकी वजह से अल्लाह का कलाम हमको नसीब हुआ। उन्होंने कहा कि तरावीह अभी खत्म नहीं हुई हैं। चांद रात तक तरावीह पढ़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुसलमान को अच्छा इंसान बनकर जीना चाहिए। अच्छा इंसान वह होता है जिसका रिश्ता अपने मालिक के साथ अच्छा हो और बड़ों को इज्जत व छोटों पर रहम करने वाला हो। सभी इंसान खाली बर्तन की तरह है। बर्तन की कीमत उसमें रखे सामान से लगाई जाती है। लोगों ने कुरआन सुनने और सुनने वालों को इनामात से नवाजा। बच्चों ने नाते पाक पढ़ी। 25 वें रोजे को बाग वाली मस्जिद में कुरआन मुकम्मल हुआ। आखिरी में मौलाना अब्दुल वहाब ने दुआ कराई। इस मौके पर सदाकत चौधरी, इमरान, सज्जन, इकराम, रशीद, अफसर, इक़्तेदार,उम्मेद चौधरी, शादान, तकी,आदिल ,मास्टर जावेद, डाक्टर मारूफ ,मुशाहिद, खालिद आदि लोग मौजूद रहे।


सैदनगली की मस्जिद में नमाज के बाद दुआ मांगते लोग। ● अमृत विचार


# अदा की नमाज, अल्लाह की बारगाह में उठे हाथ

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** रमजान के आखिरी जुमा को बड़ी संख्या में मुस्लिमों ने नमाज अदा की। इस दौरान सभी ने मुल्क व कौम की तरक्की और कामयाबी के लिए दुआ मांगी। मस्जिदों के पुलिस बल तैनात रहा।

शुक्रवार को जामा मस्जिद में सबसे अधिक तादाद में लोगों ने जुमे की नमाज अदा की। यहां दोपहर बाद नमाजियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। समय बढ़ने के साथ मस्जिदें खचाखच भर गईं। जामा मस्जिद के इमाम ने रोजेदारों से अलविदा की नमाज अदा कराई। उन्होंने तकरीर में कहा कि हर नौजवान को शिक्षा पर अधिक ध्यान देना चाहिए। यह कंप्यूटर दौर है। सुखमय जीवन के लिए अच्छे समाज के विकास के लिए शिक्षा बहुत ही जरूरी है।

उन्होंने कहा कि रमजान-उल-मुबारक माह में अल्लाह तआला अपनी बेशुमार रहमतें और बरकतें अपने बंदों पर लुटाता है। यहां नमाज अदा करने वालों में डॉक्टर इस्माइल सैफी,मोहमद रियाज सैफी, डॉ नवाब सैफी, डॉ शराफत अली, डॉ अनीश अहमद,कलवा ठेकेदार,अशरफ अली, शाहरूख, एहसान अली, अमजद, महबूब अली, मोहम्मदद्दीन, सराजुद्दीन, आसिफ, अल्फाज़, मेहराज, शाहिद आदि मौजूद रहे।


मंडी धनौरा में नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार

### सजदे में झुके हजारों सिर

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** रमजान की आखिरी अलविदा की नमाज दोपहर एक बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। इस मौके पर लोगों ने मुल्क में अमन चैन और तरक्की की दुआ मांगी। कस्बा आदमपुर जामा मस्जिद में अलविदा की नमाज को लेकर नमाज से पहले ही सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना प्रभारी राजीव कुमार ने जामा मस्जिद के समक्ष पहुंचे जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराई। शुक्रवार दोपहर में नमाजियों ने जामा मस्जिद में नमाज अदा कर मुल्क में अमन चैन और तरक्की की दुआ मांगी।

### रमजान रब का महीना: मुफ्ती

**चौधरपुर, अमृत विचार :** माहे रमजान के अलविदा जुमा को कस्बे की सभी मस्जिदों में लोगों ने नमाज अदा की। नगर स्थित सभी मस्जिदों में अलविदा जुमा पर रोजेदारों ने अकीदत व एहतराम के साथ नमाज अदा की। जामा मस्जिद में मुरादाबाद से आए मुफ्ती इरफान हनफी ने नमाज अदा करने से पहले तकरीर में रमजान की फजीलत बयान की। उन्होंने बताया कि रमजान रब का महीना है। इस माह में अल्लाह की रहमत बरसती है और रोजेदार के लिए हर रोज जन्नत को सजाया जाता है। उन्होंने कहा कि लोग पूरे महीने का रोजे रखते हैं। रोजा सिर्फ इबादत और अल्लाह को खुश करने का तरीका भर नहीं है, बल्कि यह इंसान को सही मायने में इंसानियत के ढांचे में ढाल देता है। रोजा एक-दूसरे के दुख-दर्द को समझने व मदद करने के लिए प्रेरित करता है। इफ्तार के वक्त मांगी गई दुआ अल्लाह कबूल करता है।

### भाकियू की बैठक में छुट्टा पशुओं का मुद्दा उठा

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** ब्लॉक परिसर में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता रामकरेश त्यागी व संचालन रामवीर सिंह ने किया।

बैठक में भाकियू के कार्यकर्ताओं ने कहा कि छुट्टा पशु किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। इन पशुओं से किसानों को निजात दिलाई जाए। स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू की जाए।

60 वर्ष से अधिक आयु के किसानों को पांच हजार रुपये प्रति माह पेंशन दी जाए। बैराज गंग नहर व मध्य गंग नहर में पानी छोड़ा जाए, जिले की क्षतिग्रस्त हो चुकी सभी सड़कों की मरम्मत कराई जाए।

इस दौरान आलोक कुमार, राधेश्याम, झुंडे सिंह, जयविंदर सिंह, चंद्रपाल, मुकेश शर्मा, सुरेंद्र सैनी, गंगाराम सैनी, नत्थू सिंह, चरण सिंह, रामकुमार आदि मौजूद रहे।


प्रमाण पत्र दिखाते विद्यार्थी।

# प्रशिक्षण में छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** दूल्हेपुर अहीर के कंपोजिट विद्यालय में रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस दौरान छात्राओं ने आत्मरक्षा के गुर सीखे।

खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी आरती गुप्ता ने बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण उच्च प्राथमिक विद्यालयों की बालिकाओं को दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण से बालिकाओं के आत्मरक्षा व आत्म बल का विकास हो रहा है। आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दे रहे गंगेश्वरी ब्लॉक के व्यायाम शिक्षक वैभव गुप्ता ने बालिकाओं को महिला हिंसा से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी।

आत्मरक्षा की विधियां, पोजीशन, ब्लॉक्स, पंच, किक के बारे में जानकारी दी। इस दौरान सुनील यादव, विपिन पवार, सोनू कुमार, ऋतु गिरी, सोनिका त्यागी , संगीता त्यागी, सीमा, अमित कुमार, युद्धवीर सिंह, मदारी सिंह आदि मौजूद रहे।

### अभिभावकों का शोषण नहीं होगा बर्दाश्त : मनु

**अमरोहा, अमृत विचार :** आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने निजी स्कूलों व किताब विक्रेताओं द्वारा अभिभावकों के शोषण के विरुद्ध आवाज बुलंद की। कहा कि ड्रेस विक्रेता की मनमानी कर रहे हैं।

कचहरी में शुक्रवार को हुई आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया की बैठक में जिला प्रभारी मनु शर्मा एडवोकेट ने कहा कि निजी स्कूलों ने कमीशन खोरी के चक्कर में महंगे कोर्सों के नाम पर बुक सेलर्स, पब्लिशर्स व ड्रेस विक्रेताओं से मिलकर अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ा दिया है। निजी स्कूलों द्वारा अपने मनपसंद के बुक सेलर्स और ड्रेस विक्रेताओं से बच्चों के कोर्स लगाए जा रहे हैं। अभिभावकों की जेब पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों का सभी स्कूलों में एक जैसे कोर्स का प्रयोग प्रत्येक होना चाहिए। इस दौरान संगठन के महासचिव चंद्रगुप्त मौर्य, नगर अध्यक्ष विनोद मौर्य, दिनेश सिंह व नदीम खुसरो आदि रहे।

### अधिशासी अधिकारी ने सभासदों के साथ किया ईदगाह का निरीक्षण

**हसनपुर, अमृत विचार :** अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित व सभासदों ने नगर स्थित ईदगाह का निरीक्षण किया। सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिए।

अधिशासी अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि ईद से पहले सफाई एवं चूने आदि की व्यवस्था पूर्ण कर ली जाए। ईदगाह कमेटी के पदाधिकारियों से वार्ता कर व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मोहम्मद वसीम, खुर्रम आजाद खान, मोहम्मद अब्बास, नौशाद अहमद, हम्जा अली, मोहसिन, नितिन सैनी, राहुल सैनी आदि मौजूद रहे।


ईदगाह का निरीक्षण करते ईओ। ● अमृत विचार

त्योहार | कारोबार में तेजी से दुकानदार खुश, सौन्दर्य प्रसाधन की दुकानों पर भीड़

# ईद के लिए सज गए नगर के बाजार, उमड़े खरीदार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** ईद को लेकर नगर के बाजार सज गए हैं। कारोबारी और रोजेदार त्योहार को खुशनुमा बनाने में जुटे हैं। बाजारों में भीड़ दिख रही है। दुकानदारों के चेहरों पर भी खुशी नजर आ रही है। दुकानों पर खरीदारी हो रही है। ईद की नमाज को लेकर ईदगाहों पर साफ सफाई की जा रही है।

रमजान में अल्लाह की इबादत करने में जुटे लोग अब ईद की तैयारियों में लग गए हैं। बड़ों से लेकर बच्चे खरीदारी कर रहे हैं। ईद को लेकर व्यापारियों में भी उत्साह नजर आ रहा है। नगर के कई बाजारों में सजावट की गई है। सेवईयां, मेवा, कपड़े, जूते, टोपी, रुमाल, इत्र, चूड़ी आदि की दुकानों पर सुबह से लेकर देर रात तक खरीदारों की भीड़ लगी रही। नगर के पुराना डाकघर,मोहल्ला लालबाग एवं कंकर वाला कुआं पर स्थित दुकान देर रात तक खुली रही। कॉस्मेटिक के दुकानदार संजय अग्रवाल ने बताया कि ईद के चलते महिलाएं चूड़ी एवं सौन्दर्य प्रसाधन के सामान की खरीदारी कर रही हैं।

जूता व्यापारी मनोज गोयल ने बताया कि ईद की खरीदारी को लेकर चार-पांच दिन से बिक्री में तेजी आई है। नगर स्थित ईदगाह की रंगाई, पुताई और सफाई कराई जा रही है। बाजारों में भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी चौकसी बढ़ा दी है।


नगर के बाजार में दुकानों पर खरीदारी करते ग्राहक। ● अमृत विचार

### समिति के सदस्यों ने उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** शहर-ए-अमन वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित ज्ञापन एसडीएम बृजपाल सिंह को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि दलित व पिछड़ों पर अत्याचार हो रहे हैं। इसे रोका जाए और आपसी सौहार्दपूर्ण कायम किया जाए। इस दौरान तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शवाब आलम, नूर अब्बास राणा, अथर अब्बास, शोयब रजा आदि मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते समिति के सदस्य।


## कार्यालय जिला पूर्ति अधिकारी, अमरोहा

पत्रांकः- 15 /जि0पू0अ0/निलामी सूचना/2024 दिनांकः- 05/04/2024

**नीलामी सूचना**

मा० न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट, जनपद अमरोहा में विचाराधीन वाद संख्या D202213380000162 सरकार बनाम नीरज कुमार अग्रवाल में पारित अन्तरिम आदेश दिनांक 22.09.2023 के द्वारा 3700 लीटर मिट्टी तेल तथा 16 ड्रम खाली की नीलामी कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त जब्त मिट्टी तेल नीलामी हेतु मिट्टी तेल का मूल्य निर्धारण किये जाने के संबंध में अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय पत्रांक 1039/जि0पू0अ0 /प्रवर्तन/2024 दिनांक 04.01.2024 के द्वारा सेल्स आफिसर इण्डियन आयल, जनपद अमरोहा को निर्देशित किया गया जिसके क्रम में सेल्स आफिसर इण्डियन आयल जनपद अमरोहा द्वारा मिट्टी तेल का न्यूनतम समर्थन मूल्य 63.95 रूपया प्रति लीटर निर्धारित किया गया तथा जब्त मिट्टी तेल निर्धारित मूल्य या उससे अधिक दर से नीलाम किया जाना है। अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) महोदय के दिये गये निर्देशों के क्रम में उपजिलाधिकारी हसनपुर की अध्यक्षता में गठित नीलामी के रूप में समीति के समक्ष दिनांक 10.04.2024 अपरान्ह 01:00 बजे नीलामी की कार्यवाही किये जाने हेतु कार्यालय उपजिलाधिकारी हसनपुर, जनपद अमरोहा निर्धारित किया गया है। इच्छुक व्यक्ति / फर्म निर्धारित समय व स्थान पर उपरोक्त बोली में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। बोली की नियम एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर किसी भी कार्यदिवस में देखे जा सकते है।

(पूरन सिंह चौहान)
जिला पूर्ति अधिकारी
अमरोहा।

## एक नजर


चोरों द्वारा तोड़ी गई मोबाइल दुकान की छत। ● अमृत विचार

### छत तोड़कर मोबाइल की दुकान में चोरी

**बुरावली, अमृत विचार :** शुक्रवार रात चोर मोबाइल की दुकान की छत काट कर घुस गए। दुकान में रखे करीब एक लाख रुपये के मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। वारदात की जानकारी सुबह हुई, तो दुकानदार के होश उड़ गए। दुकानदार ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। यह घटना रहरा थाना क्षेत्र के गांव गंगवार की है। यहां के रहने वाले शहरोज आलम की गांव में ही बस अड्डे पर मोबाइल की दुकान है। इसमें पुराने मोबाइल की बिक्री की जाती है। गुरुवार शाम शहरोज दुकान बंद कर अपने घर चला गया। रात्रि के समय चोरों ने मोबाइल की दुकान की छत काटकर दुकान में रखे करीब एक लाख के मोबाइल फोन चोरी कर लिए। शुक्रवार सुबह जब शहरोज दुकान खोलने पहुंचा तो बिखरा सामान व कटी हुई छत देख होश उड़ गए। पीड़ित ने चोरी की तहरीर थाने में दे दी है। पुलिस जांच में जुट गई।

### ओवरलोडिंग में दो ट्रक किए गए सीज

**रहरा, अमृत विचार :** हसनपुर अलीगढ़ मार्ग पर बालू रेत से लगे दो ट्रकों को पकड़कर खनन इंस्पेक्टर ने सीज कर दिया। हसनपुर क्षेत्र में अवैध खनन धड़ल्ले से चल रहा है और प्रशासन भी आए दिन खनन के धंधेबाजों पर कार्रवाई कर रहा है। लेकिन इसके बावजूद भी वे बाज नहीं आ रहे हैं। खनन इंस्पेक्टर ने बताया कि बिना रॉयल्टी और ओवरलोड रेत से लदे दो ट्रैकों को सीज किया गया है।

### छात्रों ने निकाली रैली

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव तिगरिया खादर स्थित संविलियन विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली निकाली गई। इसमें मतदान के प्रति प्रेरित करते हुए नारे लगाए। इंचार्ज अध्यापक डॉ. पृथी सिंह ने मतदाताओं को शपथ दिलाई। इस अवसर पर श्वेता सक्सैना, सोनिका जावला, शिखा तोमर, रेखा रानी, सुधा रानी, मंजू रानी, संजीव कुमार मौजूद रहे।


महर्षि कश्यप की जयंती के मौके पर मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# लोकतंत्र के लिए 26 अप्रैल को जरूर मतदान करें लोग

संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय में हुई। इसमें महर्षि कश्यप के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। सुभासपा के जिला अध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि 26 अप्रैल को मतदान होना है। सभी लोग अपने मत का प्रयोग करें। सुभासपा एनडीए का घटक दल है। हम सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का दायित्व बनता है कि भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराया जाए। अपने-अपने बूथ पर मजबूती के साथ मतदान कराएं। बैठक में आदेश अमरोही, पंडित राम अवतार शर्मा, जगत सिंह गुर्जर, आकाश कश्यप, ओम सिंह कश्यप, जगवीर सिंह चौहान व अफ्फान आदि रहे।

## चुनाव प्रेक्षक ने किया प्रशिक्षण का निरीक्षण

**अमरोहा, अमृत विचार :** चुनाव प्रेक्षक राहुल शर्मा ने लिटिल स्कॉलर्स एकेडमी में चल रहे पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया।

मतदान की प्रक्रिया, कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट किस प्रकार प्रयोग की जाएगी। कौन से लिफाफे में क्या पैकिंग की जाएगी। सीलिंग, पीठासीन अधिकारी के दायित्व और कार्य मोकपोल सहित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी लेकर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें। कहा कि दुविधा है तो एक दूसरे से उसका समाधान अवश्य कर ले। मन में कोई भी बात नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी की परीक्षा भी कराई जाए।

### लोकसभा चुनाव : आठ अप्रैल को नाम वापसी के बाद जारी होगी प्रत्याशियों की सूची

# नौ उम्मीदवारों के पर्चे निरस्त, अब मैदान में 12

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा, बसपा, कांग्रेस सहित दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच की गई। कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने जांच की। 12 प्रत्याशियों के पर्चे जांच में सही पाए गए। नौ उम्मीदवारों के नामांकन त्रुटि होने के चलते निरस्त कर दिए गए। हालांकि उम्मीदवारों के नामों की अंतिम सूची 8 अप्रैल को नामांकन वापसी के बाद जारी की जाएगी।

कलेक्ट्रेट स्थित जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच सुरक्षा व्यवस्था के बीच की गई। नामांकन पत्रों के साथ लगे प्रमाण पत्रों निवास, शैक्षणिक योग्यता के प्रमाणपत्रों, मतदाता सूची में नाम, दलीय प्रत्याशियों को पार्टी से मिले अधिकृत पत्र व सिंबल आदि का मिलान किया गया। कमियों को इंगित कर रजिस्टर पर दर्ज किया गया। इस दौरान जिन नामांकन पत्र में त्रुटियां मिलीं उसे निरस्त किया गया। जांच के दौरान कुल नौ प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त किए गए हैं। जांच में जिन 12 प्रत्याशियों के पर्चे सही पाए गए हैं उसमें मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य राजनैतिक दलों में भाजपा के कंवर सिंह तंवर, इंडियन नेशनल कांग्रेस से कुंवर दानिश अली व बहुजन समाज पार्टी से मुजाहिद हुसैन शामिल हैं। जबकि इनसे भिन्न पंजीकृत राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों में अखिल भारतीय परिवार पार्टी से सुहैल हैदर शामिल हैं। निर्दलीय में काशिफ हुसैन, कुमदेश कुमार, कुशाग्र, जीतपाल राणा, दानिश, नईमउद्दीन, नरेंद्र सिंह, सुरेश के नाम शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शनिवार से इच्छुक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं। 8 अप्रैल को नाम वापसी के बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जाएगी।


नामांकन पत्रों की जांच के दौरान मौजूद उम्मीदवार व उनके प्रतिनिधि।

### इनके नामांकन पत्र हुए निरस्त

निर्दलीय अमीचंद, तसब्बुर अजान, रामअवतार, राजपाल सैनी विजेंद्र सिंह, भारतीय जनजन पार्टी के रमेश, निर्दलीय वीर सिंह, जनहित पार्टी प्रगतिशील की अंजू, ड्राईवर समाज पार्टी से अजयपाल सिंह शामिल हैं।

# आईसीयू में पड़ी एक्सपायरी दवा की तरह है कांग्रेस

### उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को बूथ अध्यक्षों को लोकसभा चुनाव में 400 सीटें पार का मंत्र दिया। उन्होंने विपक्ष पर जमकर हमला किया। कहा कि कांग्रेस आईसीयू में पड़ी एक्सपायरी दवा की तरह है। समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी बन चुकी है। कांग्रेस छोड़ो यात्रा निकालकर लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास जता रहे है।

अमरोहा लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के पक्ष में जोया स्थित एक बैंक्वेट हॉल में भाजपा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन हुआ। इसमें उपमुख्यमंत्री ने बूथ अध्यक्षों में जोश भरा। उन्होंने कहा कि इस बार मेरा बूथ सबसे मजबूत के साथ लड़ जाओ। यह विकसित भारत की गारंटी वाला चुनाव है। महिलाओं की सशक्तीकरण, युवाओं को रोजगार देने वाला चुनाव है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में ही जम्मू से अनुच्छेद 370 हटाया गया और वहां देश का तिरंगा फहराया। उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा करार दिया। कहा कि यह घोषणा पत्र न अगड़ों का है न पिछड़ों का है। कहा कि देश में भाजपा की आंधी है, लोग कांग्रेस के बहकावे में नहीं आएंगे।

उन्होंने भाजपाइयों से पूछा कि दानिश अली इस बार क्या संसद का मुंह देख पाएंगे। कहा कि सभी की हवाइयां उड़ी हैं। देश के गरीबों को लूटने वाले, भ्रष्टाचार करने वालों की हवा खराब है। असली फिल्म 4 जून के बाद आएगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी अब समाप्तवादी पार्टी होने वाली है। इस बार विपक्ष की भ्रष्टाचार वाली इमारतों को गिराना है। कहा कि कांग्रेस अब एक्सपायरी दवा की तरह हो चुकी है। 2014 से पहले देश में बदहाली थी। लेकिन जब से चाय बेचने वाला और एक गरीब मां-बाप का बेटा प्रधानमंत्री बना है, तब से देश में खुशहाली आई है। विकास हुआ है।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी व अखिलेश यादव का राजनीतिक भविष्य खतरे में पड़ गया है। झूठ बोलकर देश को गुमराह किया है। सपाइयों का नारा था, खाली भूखंड हमारा, आज राम राज्य है। कोई माफिया अब किसी गरीब के मकान की ओर नहीं देख सकता।

आज सभी लोग सबका साथ, सबका विकास पर ध्यान दे रहे हैं। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी, लोकसभा क्षेत्र के संयोजक बृजेश चौधरी, विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, विधायक राजीव तरारा, जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, राकेश वर्मा, चंद्रभान भाटी, विरेंद्र सिंह, ऋषिपाल नागर, मनवीर चिकारा, प्रेम सिंह, सैनी और मदन वर्मा आदि मौजूद रहे।


उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर व अन्य। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### कुत्तों ने छात्रा को नोंचकर किया घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** दुकान से सामान खरीदने जा रही कक्षा-तीन की छात्रा को पांच कुत्तों ने नोंच कर जख्मी कर दिया। उसकी आवाज सुनकर घरों से बाहर निकले लोगों ने कुत्तों से किसी तरह छात्रा को बचाया। परिवार वालों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद छात्रा को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। शहर के मोहल्ला बसंत विहार निवासी दिनेश शर्मा की आठ वर्षीय बेटी साक्षी शर्मा कक्षा-तीन की छात्रा है। वह शुक्रवार दोपहर मोहल्ले में स्थित दुकान से अकेली सामान खरीदने जा रही थी। रास्ते में पांच कुत्तों ने छात्रा पर हमला कर दिया। कुत्तों ने छात्रा की कमर व सिर को नोंच लिया। चीख पुकार की आवाज सुनकर मोहल्ले वालों ने डंडे से कुत्तों को वहां से भगाया। जानकारी मिलने पर छात्रा के परिवार वाले भी मौके पर पहुंचे। घायल छात्रा को सीएचसी में भर्ती कराया।

### कॉलेज के संस्थापक की पुण्यतिथि मनाई

**गजरौला, अमृत विचार :** शिव इंटर कालेज के संस्थापक पंडित शिवकिशोर शर्मा की पुण्यतिथि मनाई गई। पंडित सुखदेव शर्मा ने हवन कराया। प्रबंधक सुभाष भूषण शर्मा ने बताया कि इस विद्यालय के संस्थापक पंडित शिव किशोर शर्मा ने गरीबों, वंचितों व शोषितों के उत्थान के लिए शिक्षा की अलख जगाने के लिए विद्यालय को 1950 में अपनी भूमि दान दी थी। इस विद्यालय को इंटरमीडिएट की मान्यता दिलाई। उनकी प्रेरणा से ही रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के लिए भूमि दान में दी गई। प्रधनाचार्य डॉ. शलभ भारद्वाज ने कहा कि जिस जन कल्याण की भावना से इस कॉलेज की स्थापना की। इस दौरान प्रबंधन समिति की ओर से डॉ. आशुतोष भूषण शर्मा, डॉ. रविभूषण शर्मा, मनुभूषण शर्मा, गगन अग्रवाल, नरेंद्र कुमार, जसपाल सिंह, अनिल यादव, जीतपाल सिंह, आशुतोष, नरेश त्यागी, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

### त्रिवेणी चीनी मिल के पेराई सत्र का 7 को समापन

**रहरा, अमृत विचार :** चंदनपुर स्थित त्रिवेणी चीनी मिल के पेराई सत्र 2023-24 का सात अप्रैल को समापन होगाा। इसके सत्र का आरंभ 30 अक्टूबर को हुआ था। चीनी मिल ने गत पेराई सत्र में 105 लाख क्विंटल गन्ना लक्ष्य के सापेक्ष 104 लाख क्विंटल गन्ना पेराई किया है। पेराई सत्र 2023-24 में चीनी मिल ने 106 लाख क्विंटल गन्ना पेराई का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इसके सापेक्ष 4 अप्रैल तक चीनी मिल ने 9080807 क्विंटल गन्ने की पेराई की है। पेराई का समापन 7 अप्रैल को किया जाएगा। त्रिवेणी शुगर मिल चीनी मिल के उपाध्यक्ष आमोद कुमार शर्मा ने बताया कि समय से कृषक को भुगतान हो। इसकी प्राथमिकता हमेशा से ही चीनी मिल प्रबंधन की जा रही है।

### छात्र-छात्राओं ने समझी चीनी बनाने की प्रक्रिया

**हसनपुर/रहरा, अमृत विचार :** क्षेत्र के वेदांता ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढबारसी के कक्षा-10 के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को त्रिवेणी शुगर मिल चंदनपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का प्रारंभ मिल के प्रोडक्शन एवं क्वालिटी मैनेजर ने बच्चों को गन्ने की विभिन्न प्रजातियां के बारे में बताया। गन्ने से चीनी बनाने की प्रक्रिया समझाई। छात्र-छात्राओं ने मिल में सभी मशीनों के बारे में जानकारी प्राप्त की और चीनी के उत्पादन को गन्ने के जूस निकालने से लेकर चीनी बनने और उसके पैकिंग तक की प्रक्रिया को समझा। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा, शिक्षक अनिरुद्ध कुमार बच्चों के साथ रहे। इस दौरान चीनी मिल के वाइस प्रेसिडेंट आमोद कुमार शर्मा ने बच्चों को स्टोरी बुक्स उपहार में दी।

### पुलिस ने 408 मतदान केंद्रों पर लगाए सीसीटीवी

**अमरोहा, अमृत विचार :** पुलिस ने जिले के 408 मतदान केंदों पर सीसीटीवी कैमरे लगा दिए हैं। एसपी कुवंर अनुपम सिंह ने बताया कि मतदान केंद्रों पर हाई क्वालिटी के कैमरे लगाए गए हैं। वाईफाई नेटवर्क से सभी कैमरे पुलिस कार्यालय व पुलिस चौकी पर स्थापित सीसीटीवी कंट्रोल रूम से कनेक्ट रहेंगे। स्क्रीन पर सभी मतदान केंद्रों की लाइव फीड की राउंड द क्लॉक मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके अलावा महत्वपूर्ण सीसीटीवी स्थलों की फीड स्क्रीन पर देखा जा रहा है। बताया कि अमरोहा शहर कोतवाली पुलिस ने 30, थाना अमरोहा देहात ने 37, नौगांवा सादात में 45, मंडी धनौरा ने 60, बछरायूं ने 14, गजरौला ने 33, रजबपुर ने 35, हसनपुर ने 17, सैदनगली ने 28, आदमपुर ने 18 व रहरा थाना पुलिस ने 37 मतदान केंदों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए हैं।

### पुलिस ने तीन जुआरी पकड़े

**डिडौली, अमृत विचार :** पुलिस ने तीन जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकदी, ताश के पत्ते, मोमबत्ती आदि सामान बरामद किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों का चालान कर दिया। बताया कि खैया शेखूपुर माफी वाले रास्ते पर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। पकड़े गए तीनों आरोपियों से पूछताछ में अपने नाम शारिक गांव मंसूरपुर संभल में असमोली बताया। इमरान व आमिर गांव शहबाजपुर जनपद संभल बताए हैं।


छप्पर में आग लगने के बाद उठता धुआं। ● अमृत विचार

# बिजली का तार टूटकर गिरने से किसान के घर में लगी आग

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** बुरावली गांव में किसान के घर शुक्रवार दोपहर एक बजे छप्पर पर बिजली का तार टूट कर गिर गया जिससे छप्पर में आग लग गई। आग की लपटें देखकर अफरा तफरी मच गई।

आसपास के लोग बाल्टियों में भरकर पानी से आग बुझाने के लिए पहुंचे। बिजली की लाइन कटवाई और आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। रहरा थाना क्षेत्र के गांव बुरावली निवासी मकसूद ने घर के सामने पशुओं के लिए छप्पर डाल रखा है। अचानक बिजली का तार छप्पर पर टूट कर गिर गया। गनीमत यह रही कि उस समय पशु बाहर बंधे हुए थे।

## बाइक की मरम्मत कराने गए युवक को पीटा, तहरीर

**गजरौला, अमृत विचार :** बाइक की मरम्मत कराने के लिए गए युवक को दबंगों ने डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दे दी है।

क्षेत्र के गांव तिगरी निवासी नीशू कुमार पुत्र सन्तोष कुमार शुक्रवार की सुबह गांव के पास ही बाइक की मरम्मत कराने के लिए गया था। तभी अचानक उसी के गांव निवासी अरूण पुत्र कमल सिंह, हिमांशु पुत्र जीतेन्द्र और अनुज कुमार पुत्र राकेश हाथों में डंडे लेकर दुकान पर पहुंच गए। किसी बात को लेकर युवक के साथ गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। जिसका उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को घटना की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

# गंग नहर में डूबने से किशोर की मौत

संवाददाता, नौगांवा सादात

**अमृत विचार :** गांव नौगांवा तगा निवासी मोहम्मद आरिफ (16) दोस्तों के साथ गंग नहर में नहाते करते समय डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई। दोस्त को डूबता देखकर उसे छोड़कर भाग गए और घर जाकर नहीं बताया। घर से फरार हो गए। बाद में पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का दफन कर दिया गया।



गांव नौगांव तागा में नसरुद्दीन सैफी का परिवार रहता है। वह फर्नीचर बनाने का काम करते हैं। नसरुद्दीन के तीन बेटे और चार बेटियां हैं। बेटियों की शादी हो चुकी है। उनका छोटा बेटा आरिफ अपने दोस्त सुभान, अरमान और भूरे के साथ गुरुवार तीन बजे गंग नहर में नहाने चला गया। नहाते समय आरिफ गहरे पानी में डूब गया। उसे डूबता देख दोस्त घबरा कर भाग गए और उन्होंने घर जाकर भी नहीं बताया। जब आरिफ घर नहीं लौटा तो उसके परिजनों को चिंता हुई।

उन्होंने सारी रात आरिफ को इधर-उधर जंगल में तलाश किया। शुक्रवार सुबह आठ बजे उनको पूर्व प्रधान मोहम्मद अली के बेटे अशरफ ने आरिफ के दोस्तों से पूछताछ की। उन्होंने गंग नहर में पुल के पास गहरे रुके पानी में डूबने की बात बताई। यह बात सुनकर ग्रामीण व परिजन गंग नहर पर पहुंचे। वे उसका शव बरामद करने के बाद घर लेकर आ गए। शुक्रवार को बिना कार्रवाई किए ही दफन कर दिया।


किशोर की मौत के बाद घर के बाहर भीड़। ● अमृत विचार

## सियासत

### किसानों, महिलाओं और व्यापारियों ने रखी राय, गिनाईं अपनी-अपनी समस्याएं

# सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने वाला हो सांसद

संवाददाता, हसनपुर


**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव करीब आते ही मतदाता अपनी समस्याओं को लेकर सांसद से काफी उम्मीदें लगाए हुए हैं। कुछ मतदाताओं का कहना है कि क्षेत्र का सांसद ऐसा हो, जो विकास करा सके।

कुछ का कहना है कि क्षेत्र में रोजगार ला सके। इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करें। किसानों की एक मात्र समस्या छुट्टा पशुओं की है। किसानों का कहना है कि क्षेत्र का सांसद छुट्टा पशु की इस समस्या से उन्हें निजात दिलाएं।

युवाओं का कहना है कि जो क्षेत्रवासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से दिला पाए, ऐसा सांसद होना चाहिए। व्यापारी वर्ग का कहना है कि क्षेत्र का प्रतिनिधित्व वह व्यक्ति करे, जो व्यापारी वर्ग को हर दिक्कत से बचा पाए। महिलाओं का कहना है कि हमारे क्षेत्र का सांसद ऐसा होना चाहिए जो बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करें। सब लोगों को साथ लेकर सबके सुख-दुख में खड़ा हो सके। सांसद अपनी क्षेत्र की जनता से एक परिवार जैसा रिश्ता रखें, ताकि परेशानी के मौके पर वह उसके साथ हर समय खड़ा मिले। फिलहाल सांसद से अमरोहा की जनता को कई उम्मीदें हैं। सांसद चुनने को लोग इंतजार कर रहे हैं।

## चर्चा

**लोग बोले- जनता के मुद्दों को संसद में उठाना चाहिए**


हसनपुर क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या छुट्टा पशुओं की है। हमारा सांसद ऐसा होना चाहिए, जो किसानों की इस समस्या का निस्तारण कराए। इससे किसानों को राहत मिल सकेगी। **-काले सिंह चौहान, किसान**


देश का अन्नदाता इस समय छुट्टा पशुओं से काफी परेशान है। छुट्टा पशु फसलें बर्बाद कर रहे हैं। हमला कर किसानों को घायल भी कर रहे हैं। सांसद इस समस्या से छुटकारा दिलाए। **-देवेंद्र सैनी, किसान**


हमारे क्षेत्र का सांसद ऐसा होना चाहिए जो हर समय जनता के काम करा सके। सरकारी योजनाओं का भी लाभ जनता तक पहुंचा पाए। इससे लोगों को राहत मिलेगी। **-राजकुमारी, गृहिणी**


सांसद ऐसा होना चाहिए जो चुनाव में वादा न करें और सांसद बनने के बाद क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करे। सब को साथ लेकर चले। बिना किसी भेदभाव के काम करने वाला होना चाहिए। **- कपिल सैनी, व्यापारी**


क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने वाला सांसद हो। शिक्षा ही एकमात्र हथियार है, जो बेरोजगारी को दूर कर सकती है। जब देश का भविष्य शिक्षित होगा, तब ही देश उन्नति करेगा। **-ललित त्यागी, शिक्षक**


हमारे क्षेत्र का सांसद ऐसा होना चाहिए, जो जनता के सुख-दुख में उसके साथ हर समय खड़ा हो सके। अपने क्षेत्र लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य कर सके। **-अनुराधा, गृहिणी**

## कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग चोटिल

**गजरौला, अमृत विचार :** कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक घायल की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मंडी धनौरा के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी मुनेश अपने पड़ोसी मोनू के साथ गुरुवार गजरौला आया था। देर रात दोनों घर लौट रहे थे। इस दौरान खाद गुर्जर मार्ग पर सामने से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। आरोपी चालक कार लेकर फरार हो गया। राहगीरों ने घायलों को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मोनू की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर घायलों के परिजन भी अस्पताल में पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों के विवाद में चले लाठी डंडे, 12 लोग हुए घायल

संवाददाता, हसनपुर

## विवाद

- तीन की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया
- कस्बा उझारी की घटना, मौके पर पहुंची पुलिस ने की पूछताछ

**अमृत विचार :** खेल-खेल में बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर बड़ों में कहासुनी के बाद लाठी डंडे चले। इसमें दोनों पक्षों के 12 लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए नगर स्थित सीएचसी लाया गया। जहां तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कस्बा उझारी में बुधवार को अशरफ व कासिम के बच्चों के बीच कहासुनी हो गई थी। इस बीच अशरफ ने दोनों बच्चों को डांट कर घर भेज दिया था। गुरुवार देर रात्रि अशरफ नमाज पढ़कर घर जा रहा था। तभी कासिम पक्ष के लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसका बाद दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। इस दौरान एक पक्ष के इरफान अली, अरमान, मुस्तकीम, राजी, दानिश, हुसैन जहां, सानिया, शिवली, सना और द्वितीय पक्ष का रानी, अशरफ अली, मुरसलीन, असद, तैयबा खातून घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। तीन लोगों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। थाना अध्यक्ष निशांत राठी ने बताया कि मारपीट की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस मौके पर भेजी गई थी। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### कौम व देश की खुशहाली की मांगी दुआ

**चन्दौसी, अमृत विचार :** रजमान माह के अंतिम जुमे पर मस्जिदों में नमाज अदा की गई। जिसमें कौम व देश की खुशहाली व तरक्की की दुआ की गई। सुरक्षा की दृष्टि से प्रमुख मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। शुक्रवार को रमजान माह के अंतिम जुमा था। दोपहर को शहर की सभी मस्जिदों में जुमा अलविदा की नमाज अदा की गई। रोजेदारों ने मस्जिदों में पहुंच देश व कौम की खुशहाली के लिए दुआ मांगी। नमाज के दौरान जारई गेट स्थित बड़ी मस्जिद पर एसडीएम नीतू रानी, सीओ डॉ. प्रदीप कुमार, प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह पुलिस बल व अर्द्ध सैनिक बल के साथ मौजूद रहे। अर्द्ध सैनिक बल ने शहर में कुछ स्थानों पर पैदल मार्च भी किया। शाम तक पुलिस गश्त जारी बनी रही।

### तीसरे अशरे की फजीलत के बारे में बताया

**सरायतरीन, अमृत विचार :** सरायतरीन की जामा मस्जिद समेत दूसरी मस्जिदों में जुमा अलविदा की नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों ने मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की। जामा मस्जिद के इमाम रियाउल हक ने लोगों को रमजान के तीसरे अशरे की फजीलत के बारे में बताया। उन्होंने जकात अदा करने के लिए विशेष ताकीद की। कहा कि इस्लाम में जकात की अत्यधिक अहमियत है। जकात इसीलिए जरूरी है कि इससे गरीब लोग अपनी जरूरतें पूरी करते हैं। इस्लाम में गरीबों, मिस्कीनों, परेशान हाल लोगों की मदद करने को अत्यधिक महत्व दिया गया है। किसी की मदद दिखावा करके न की जाए। अल्लाह के यहां दिखावे वाली मदद कुबूल नहीं है।

### बंदर को लगा करंट तो झुंड ने मचाया उत्पात

**संभल अमृत विचार :** संभल मंडी समिति में शुक्रवार को बिजली लाइन पर उछल कूद करते वक्त बंदर को करंट लग गया। बंदर ने चीखना शुरू किया तो बंदरों का झुंड इकट्ठा हो गया। बंदरों के झुंड ने उत्पात मचाना शुरू कर दिया। बंदरों का झुंड हमला न कर दे, इसी आशंका के चलते आढ़ती भी सहम गए।

### पशुशाला में आग से एक पशु की मौत, दो झुलसे

**रजपुरा अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव सैतुआ निवासी श्रीपाल सिंह पुत्र रामरहीश की पशुशाला में शुक्रवार को अचानक आग लग गई। आग की लपटों की चपेट में आकर एक पशु की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो पशु गंभीर रूप से झुलस गए। पशुओं के चीखने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। आग से पशुशाला में रखा सामान भी जल गया।



संभल की जामा मस्जिद में जुमा अलविदा की नमाज अदा करते रोजेदार। ● अमृत विचार



सिरसी में नमाज अदा करते रोजेदार। ● अमृत विचार

# जुमा अलविदा पर नमाजियों ने की मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ

## शहर, कस्बा और देहात क्षेत्र की मस्जिदों में बड़ी संख्या में उमड़े लोग, सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे

कार्यालय संवाददाता, संभल/सरायतरीन

**अमृत विचार :** रमजान में जुमा अलविदा पर नमाज अदा करने के लिए मुस्लिमों में उत्साह दिखाई दिया। लोगों ने बड़ी संख्या में मस्जिदों में नमाज अदा की। संभल की जामा मस्जिद में भी लोगों ने नमाज अदा करते हुए मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ मांगी। शहर, कस्बा और देहात क्षेत्र की मस्जिदों में भी जुमा अलविदा की नमाज अदा की गई। इस दौरान सुरक्षा एवं निगरानी के कड़े प्रबंध रहे।

जुमा अलविदा पर लोगों ने शुक्रवार को निर्धारित समय पर नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों का रुख किया। देखते ही देखते मस्जिदों में लोगों की भीड़ बढ़ती चली गई। संभल शहर की जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

यहां लोगों ने नमाज अदा करते हुए हाथ उठाकर मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की। शहर, कस्बा और देहात क्षेत्र की मस्जिदों में भी लोगों ने नमाज अदा करने के बाद दुआ मांगी। नमाज अदा करने के लिए लोगों में उत्साह दिखाई दिया। इस बीच सुरक्षा और निगरानी के भी प्रबंध रहे। संभल के अलावा सिरसी, सरायतरीन, हयातनगर, असमोली, ओबरी, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में लोगों ने मस्जिदों में जुमा अलविदा की नमाज अदा करके दुआ मांगी।



संभल में सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेते डीएम मनीष बंसल व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत।

### सिरसी की मस्जिदों में नमाज अदा करने उमड़े लोग

**सिरसी अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के कस्बा सिरसी में जुमा अलविदा की नमाज अदा की गई। इमाम बारगाह मोहल्ला गर्वी में स्थित इमामे जुमा मस्जिद गर्वी में मौलाना एहतेशाम अली नकवी ने नमाज अदा कराई। मस्जिद कुरैशियान मोती मस्जिद, किदवई मस्जिद, बुद्ध बाजार मस्जिद, नासर शहीद मस्जिद आदि में भी नमाज हुई। बड़ी तादाद में लोगों ने नमाज अदा करके मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

### नेक बंदों के गुनाहों को माफ करेगा अल्लाह

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी में स्टेशन की मदीना मस्जिद में जुमा अलविदा की नमाज कारी शकील अहमद ने अदा कराई। कारी शकील अहमद ने खुतबे में कहा कि अभी कुछ दिन पहले कहा जा रहा था कि रमजान आने वाला है लेकिन अब यह पाक महीना रुखसत होने वाला है। रोजा रखकर कुरान पढ़कर झूठ, चोरी, फरेब, धोखाधड़ी समेत तमाम गुनाहों से खुद को बचाकर अल्लाह की इबादत करनी है। अल्लाह अपने नेक बंदों के गुनाहों को माफ करेगा। इस दौरान मदीना मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सेक्रेट्री सलीमुद्दीन, मौलवी नवील अहमद, जाहिद, शफीक फारुखी, निजामुद्दीन ठेकेदार, शाहिद सैफी, शकील कुरैशी, रहीस, शकील फारुखी आलम, दानिश सैफी आदि रहे। क्षेत्र के मुडेना, दिनौरा, खलीलपुर, भिरावटी, सुल्तानगढ़, गढ़ी बिचौला आदि की मस्जिदों में भी लोगों ने जुमा अलविदा की नमाज अदा की। सीओ दीपक कुमार भी पुलिस बल के साथ गश्त करते रहे।

## अलर्ट रहा पुलिस प्रशासन चप्पे चप्पे पर दिखी पुलिस की तैनाती

कार्यालय संवाददाता, संभल

- मस्जिदों के आसपास और विभिन्न प्वाइंटों पर तैनात किए गए पुलिसकर्मी
- मजिस्ट्रेटों ने हर गतिविधि पर रखी नजर, डीएम, एसपी ने देखे सुरक्षा प्रबंध

**अमृत विचार :** जुमा अलविदा पर संभल जिले में पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। मस्जिदों के अलावा अन्य प्वाइंटों पर पुलिस की मुस्तैदी दिखी। संभल में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा प्रबंध देखे। उच्च अधिकारियों ने अधीनस्थों को निर्देश दिए।

जुमा अलविदा पर नमाज को शांतिपूर्वक एवं सद्भाव के साथ संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और निगरानी के इंतजामों का खाका खींचा था। शुक्रवार को सुबह से ही पुलिस अलर्ट मोड पर दिखी।

मस्जिदों के आसपास के अलावा विभिन्न प्वाइंटों पर पुलिस मुस्तैद हो गए। शहर, कस्बा से लेकर देहात क्षेत्र में कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए। नियुक्त मजिस्ट्रेट भी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करने लगे।

दोपहर में डीएम मनीष बंसल और एसपी कुलदीप सिंह गुनावत संभल पहुंचे। उन्होंने जामा मस्जिद पर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेकर अधीनस्थों को निर्देश दिए।

यहां निर्धारित समय पर शांतिपूर्वक तरीके से नमाज अदा हुई। अन्य मस्जिदों में भी नमाज अदा होने पर पुलिस । प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

### मस्जिद के बाहर से हटवाए शामियाने

**संभल अमृत विचार :** जुमा अलविदा के मौके पर संभल में जामा मस्जिद के बाहर और आसपास शामियाना लगवाया गया था। यह व्यवस्था लोगों के नमाज पढ़ने को लेकर की गई। जिसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई। डीएम मनीष बंसल और एसपी कुलदीप सिंह गुनावत को भी शामियाने लगे दिखे। जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने साफ कहा कि बाहर और आसपास जो शामियाने लगाए गए हैं उन्हें हटा दिया जाए। बताया गया कि नमाज केवल मस्जिद के अंदर अदा की जायेगी यह बात काफी पहले साफ कर दी गई थी। बाद में शामियानों को हटा दिया गया।



गुन्नौर में नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार

### अलविदा जुमा पर नमाज अदा करने वालों की पूरी होती है मन्नत

**गुन्नौर, अमृत विचार :** मुकद्दस रमजान महीने में जुमा अलविदा पर मुस्लिमों ने मस्जिदों में नमाज अदा की। नगर की मस्जिदों में अल्लाह की इबादत के लिए रोजेदारों ने सिर झुकाया। मुल्क की बेहतरी और अमन चैन के लिए दुआ मांगी। इस दौरान कड़ी पुलिस चौकसी रही। जुमा अलविदा को नमाजियों ने चिलचिलाती धूप में भी अकीदत और एहतराम के साथ नमाज अदा की। कस्बे की करीब डेढ़ दर्जन मस्जिदें नमाजियों से भरी रहीं। लोगों ने खुदा से मुल्क में अमन चैन और तरक्की की दुआ मांगी। जामा मस्जिद में पेश इमाम मौलाना मुन्फिद कादरी ने रुखसत हो रहे रमजान को लेकर तकरीर की। कहा कि हम सब खुशनसीब हैं कि परवरदिगार ने रमजान का मुकद्दस माह अता फरमाया। माहे रमजान में अलविदा जुमा पर अल्लाह की इबादत में नमाज पढ़ना बेहद खास माना जाता है। अलविदा जुमा पर नमाज पढ़ने वालों की मन्नत अल्लाह पूरी करता है।



धनारी में नमाज अदा करने आए लोग। ● अमृत विचार

## मारपीट में महिलाओं सहित पांच घायल, तीन गिरफ्तार

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** हयातनगर थाना क्षेत्र में घर के सामने गाली गलौज करने के विरोध में हुई मारपीट में दो महिलाओं सहित पांच लोग घायल हो गए।

थाना क्षेत्र के गांव कैली निवासी पुष्पेंद्र, भूरे उर्फ सतेंद्र बहजोई थाना क्षेत्र के गांव बरखेरा निवासी चन्दर के साथ मिलकर गुरुवार की रात आठ बजे गांव के ही खेमपाल के घर के सामने खड़े होकर गाली गलौज कर रहे थे। आरोप है कि गाली गलौज का विरोध करने पर विवाद होने लगा। सूचना मिलने पर पुष्पेंद्र व भूरे के परिजन हाथों में लाठी डंडे व लोहे की रॉड लेकर मौके पर आ गए और मारपीट करने लगे। जिसमें खेमपाल की पत्नी हरनंदी, संजय, उसकी पत्नी रेनू, हेमंत और आदेश घायल हो गए। देर रात पुलिस ने चन्दर, भूरे व पुष्पेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायल संजय, रेनू, हेमंत, हरनंदी और आदेश का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया। पुलिस ने चन्दर, भूरे और पुष्पेंद्र को गांव दतावली मार्ग से गिरफ्तार कर लिया।

## दो बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल

**सरायतरीन, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मिया सराय निवासी आसिफ शुक्रवार की रात साढ़े आठ बजे बाइक पर सवार होकर हयातनगर थाना क्षेत्र के मुहल्ला सरायतरीन से घर आ रहा था। संभल बहजोई मार्ग पर स्थित पातालेश्वर शिव मंदिर के पास सामने से आ रही बाइक ने आसिफ की बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में आसिफ व दूसरा बाइक सवार भी घायल हो गया। मौके पर इकठ्ठा हुए आसपास के लोगों ने आसिफ को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जबकि दूसरे बाइक सवार को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

## चाहे नर हो या नारी, मतदान सबकी जिम्मेदारी

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत गंगा श्योदान सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। जिसके बाद विचार संगोष्ठी भी हुई।

शुक्रवार को सुबह छात्राएं बैनरों और पट्टिकाओं के साथ कॉलेज परिसर में जुटीं। छात्राओं ने कॉलेज से नेहरू चौक तक जागरूकता रैली निकाली। छात्राएं हाथों में मतदान के प्रति जागरुकता के लिए नारे लिखीं तख्तियां लिए थीं। छात्राओं ने पहले मतदान फिर जलपान आदि नारे लगाए। डिग्री कॉलेज में हुई विचार संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान करके सशक्त सरकार निर्माण में अहम भूमिका निभानी चाहिए। इस दौरान एसडीएम रमेश बाबू, सीओ आलोक सिद्धू, नोडल अधिकारी अंशुल चौधरी, प्रबंधक अनुराग यादव, डॉ.शिखा, डॉ. शिल्पी, सुरभि, रूपवती, मनीषा, सीबी सिंह, श्योराज सिंह, कल्याण सिंह आदि रहे।




गुन्नौर में कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### गेहूं क्रय केंद्र पर सन्नाटा, 35 दिन बाद खरीद नहीं

**बबराला, अमृत विचार :** मंडी समिति में खुले राजकीय गेहूं क्रय केंद्र पर सन्नाटा है। केंद्र पर 35 दिन बाद भी गेहूं का एक भी दाना नहीं खरीदा जा सका है। क्रय केंद्रों पर गेहूं के पहुंचने में बिलंब होने का अनुमान शायद विभागीय अधिकारियों को था, इसीलिए क्रय केंद्रों के खोलने की रस्म अदायगी और आधी अधूरी तैयारी रहीं। क्रय एजेंसियों के कर्मचारी जरूर पहुंचे। नगर क्षेत्र के किसानों का गेहूं खरीदने के लिए मंडी समिति में खाद्य एवं रसद विभाग का गेहूं क्रय केंद्र बनाया गया है। केंद्र प्रभारी अनूप कुमार ने बताया कि केंद्र एक मार्च को खोल दिया गया था। किसानों से संपर्क कर पोर्टल पर पंजीकरण कराने को कहा गया है। शुक्रवार तक क्रय केंद्र पर कोई किसान गेहूं लेकर नहीं आया है। क्रय केंद्र पर अभी तक गेहूं का दाना न आने की एक वजह क्षेत्र में अभी कटाई शुरू न होना माना जा रहा है। आढ़ती मुकेश कुमार का कहना है कि क्षेत्र में गेहूं की कटाई अप्रैल में होती है। खरीद केंद्रों पर गेहूं की आवक आमतौर पर मई के पहले सप्ताह से शुरू होती है। अब तक गेहूं खेतों में ही खड़ा है।



रैली में मतदान का अलख जगाते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### रैली निकालकर जगाई मतदान करने की अलख

**संभल/रजपुरा अमृत विचार :** रजपुरा में स्थित सिपाही लाल स्मारक किसान इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें प्रधानाचार्य रामबाबू ने छात्र छात्राओं से कहा कि वह अपने-अपने गांव में जाकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करें। कार्यशाला के बाद छात्र-छात्राओं ने रजपुरा में मतदाता जागरुकता रैली भी निकाली। इस दौरान कौशल किशोर, संदीप, जसवंत सिंह, अशोक कुमार, विजय शर्मा, गिन्नी भटनागर, इंदिरा कुमारी, खुशबू राघव, चंचल चौहान आदि रहे।

### नगर पंचायत चेती, बबराला में शुरु हुई फॉगिंग

**बबराला, अमृत विचार :** मच्छरों के प्रकोप को लेकर अमृत विचार में छपी खबर के बाद नगर पंचायत ने फागिंग शुरू करा दी है। चेयरमैन ने इस तरफ संजीदगी को जाहिर करते हुए नियमित रूप से फांगिग कराने का ऐलान किया है। नगर में मच्छरों का जबरदस्त प्रकोप है। अमृत विचार ने 5 अप्रैल के अंक में पेज 7 पर मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से लोग परेशान...शीर्षक से खबर प्रकाशित की। जिसके बाद नगर पंचायत हरकत में आ गई। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने नगर में सभी वार्डों में तत्काल फागिंग करने के निर्देश दिए।



फागिंग करती नगर पंचायत की मशीन।

**घोटाला** — भाजपा नेता ने एसडीएम को दी सूचना, पूर्ति निरीक्षक मौके पर पहुंचे

## मुफ्त मिलने वाले चावल को बेचने की आशंका, वाहन पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में गरीबों को मुफ्त मिलने वाले चावल को 29 रुपये किलो में बेचने की आशंका पर भाजपा नेता और लोग इकट्ठा हो गए। करीब 10 क्विंटल चावल लदे टाटा मैजिक को पकड़ लिया। मामला एसडीएम तक पहुंचा तो पूर्ति निरीक्षक ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। डीएम के निर्देश पर एडीओ कोआपरेटिव ने जांच शुरु की है।

मुहल्ला बरेली सराय में शुक्रवार को सुबह टाटा मैजिक पर लगे साउंड सिस्टम से भारत सरकार की योजना के तहत 29 रुपये किलो चावल बेचने का प्रचार किया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलते ही भाजपा नेता सौरभ गुप्ता और अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। बरेली सराय में स्थित शिव मंदिर पर टाटा मैजिक को रोक लिया गया। भाजपा नेता ने कहा कि भारत सरकार की ओर से राशन वितरण योजना के तहत चावल कार्डधारकों को मुफ्त दिया जा रहा है। आशंका है कि उसी चावल को कट्टों में भरकर 29 रुपये किलो बेचा जा रहा है। इस बीच एक व्यक्ति भी मौके पर पहुंचा तो उससे भी जानकारी ली गई तो वह मौके पर स्थिति साफ नहीं कर सका। भाजपा नेता ने पूरे मामले की जानकारी एसडीएम विनय कुमार मिश्रा को दी। जिसके बाद पूर्ति निरीक्षक सजनलाल गुप्ता टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पूर्ति निरीक्षक ने चावल लदे टाटा मैजिक को कब्जे ले लिया। मामला जिलाधिकारी मनीष बंसल तक पहुंचा तो उन्होंने एडीओ कोआपरेटिव एके त्रिपाठी को जांच के निर्देश दिए। एडीओ कोआपरेटिव ने बताया कि जो कागजात मिले हैं, उनके मुताबिक भारत सरकार की योजना के तहत नाहरठेर की इंडिया राइस मिल को टेंडर हुआ था। हालांकि इसकी सूचना जिला प्रशासन को नहीं दी गई थी। पूरे मामले की जांच रिपोर्ट शनिवार को जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी।



पूर्ति विभाग के अधिकारियों से बात करते भाजपा नेता सौरभ गुप्ता। ● अमृत विचार

- एडीओ कोआपरेटिव ने की जांच

### भाजपा नेता बोले, बड़ा घोटाला है

**संभल, अमृत विचार :** भाजपा नेता सौरभ गुप्ता ने बताया कि यह बड़ा घोटाला नजर आ रहा है। सवाल यह है कि भारत सरकार के लोगो वाला बैनर लगाकर कोई निजी संस्थान कैसे सामान बेच सकता है। वहीं चावल भी वही है जो सरकार गरीबों को मुफ्त वितरण के लिए भेज रही है। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच हो तो सच सामने आ जायेगा।

### घूम रहे ऐसे दर्जनों वाहन

**संभल, अमृत विचार :** शहर में जो वाहन पकड़ा गया वह अकेला नहीं था जिस पर भारत सरकार का बैनर लगाकर चावल बेचे जा रहे थे। ग्रामीण इलाके में ऐसे दर्जनों वाहन चावल बेचने के काम में लगे हैं। बैनर के साथ ही लाउडस्पीकर से आवाज लगाकर भारत सरकार की योजना के तहत चावल बेचे जाने का दावा किया जाता है।

## किशोरी से छेड़छाड़ का विरोध करने पर मारपीट में छह घायल

संवाददाता, संभल

- छात्रा के साथ ही उसके पिता व दादा, दादी भी हुए घायल

**अमृत विचार:** गांव में शौच को जा रही 12 वर्षीय किशोरी से चार युवकों ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला किया जिसमें छात्रा सहित छह लोग घायल हो गए।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की 12 वर्षीय पुत्री कक्षा छह की छात्रा है। गुरुवार देर शाम सात बजे छात्रा घर के पास ही जंगल में शौच के लिए जा रही थी। आरोप है कि नलकूप पर बैठे गांव की ही दूसरे मुहल्ला के चार युवक नशा कर रहे थे। छात्रा जैसे ही नलकूप के पास पहुंची उनमें से एक युवक ने छात्रा को दबोच लिया। इस पर छात्रा ने शोर मचा दिया। इस पर परिजन मौके पर आ गए और विरोध जताते हुए परिजन छात्रा को लेकर घर आ गए। चारों युवकों ने गाली गलौज करते हुए फोन पर अपने परिजनों को बुला लिया और घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें छात्रा व उसके पिता सहित छह लोग घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर छात्रा, उसके पिता, दादा व दादी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### दुष्कर्म आरोपी सहित चार गिरफ्तार, तमंचा बरामद

**संभल, अमृत विचार :** मुहल्ला फतेह उल्ला सराय निवासी निषाद उर्फ शहजाद किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोप में वांछित था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। सोनकपुर थाना क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर मिर्जा निवासी सुभाष पुत्र प्रकाश व संभल कोतवाली क्षेत्र के गांव हिंडोली निवासी सुभाष पुत्र रामरतन को हजरतनगर गढ़ी पुलिस ने वारंट पर गिरफ्तार किया। वहीं ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव हसनगढ़ की मढैया के यतिन को पुलिस ने गिरफ्तार कर तमंचा बरामद किया।

## एक नजर

### दो माह बाद भी गिरफ्तारी न होने पर रोष

**बनियाठेर, अमृत विचार :** नरौली के मोहल्ला बंजारी कुआ निवासी चुन्नी पुत्र नवाब खां ने बताया कि पिता नवाब खां व भाई भूरा के साथ जमीन का विवाद है। उसने जमीन के अपने हिस्से में लेहटा (काली सरसों) बो रखा है। 28 फरवरी को वह अपने खेत पर लेहटा काट रहा था। उसी समय पिता व भाई खेत पर गए और गाली-गलौच कर मारपीट की। ईंट मार कर सिर फोड़ दिया। बचाने आयी पत्नी सरमीन के साथ भी मारपीट की। बताया कि इस मामले में पुलिस ने नवाव खां व भूरा उर्फ चिकना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

### युवक के साथ मारपीट कर धमकाया

**बनियाठेर, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव अकरौली निवासी हरकिशोर पुत्र चुन्नी लाल ने पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें उसने कहा गया है कि गांव के ही एक युवक ने उसके बेटे के साथ बेवजह मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इससे पहले भी युवक उसके बेटे के साथ मारपीट कर धमका चुका है। जिससे परिवार में भय का माहौल है। कानूनी कार्रवाई की जाए।

### अवैध खनन में जेसीबी को पकड़ा

**असमोली,अमृत विचार :** नायब तहसीलदार ने छापेमारी कर अवैध रूप से खनन कर रही जेसीबी मशीन को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है।

सूचना मिली थी कि असमोली के खासपुर में बालाजी ब्रिक्स ईंट भट्ठे पर जेसीबी से अवैध खनन किया जा रहा है। इस सूचना के बाद नायब तहसीलदार सतेंद्र सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो जेसीबी मशीन खनन करती मिली। नायब तहसीलदार ने खनन की अनुमति मांगी तो चालक नहीं दिखा पाया। वहीं ईंट भट्ठा संचालक भी भट्ठा संचालन से संबंधित कागजात नहीं दिखा पाया।

### खाटू श्याम मंदिर के लिए किया भूमि पूजन

**गवां,अमृत विचार :** गवां में श्याम प्रभु खाटू मंदिर हेतु भूमि पूजन विधि विधान के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी कलेक्टर वंदना मिश्रा मौजूद रहीं। श्याम भक्तों ने भजन कीर्तन के साथ हवन में आहुतियां देकर पूजा अर्चना की। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष की सजा

## न्यायालय ने 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया, 2022 को हुई थी घटना

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी





- अर्थदण्ड अदा न करने पर दो वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी
- अर्थदण्ड की धनराशि पीड़िता को पुर्नवास हेतु दी जाएगी

**अमृत विचार:** नाबालिग को बहला-फुसला कर ले जाने और उससे दुष्कर्म करने के मामले में दोषी को दस वर्ष के कारावास व 30 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। घटना 13 नवंबर 2022 को थाना जुनावई क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। मुकदमा न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी के यहां विचाराधीन था।

थाना जुनावई क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित किशोरी के पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 13 नवंबर 2022 की रात करीब 12 बजे से चार बजे के बीच उसकी 15 वर्षीय बेटी घर से लापता हो गई। सुबह जब वह सोकर उठा तो बेटी को घर में न पाकर खोजबीन शुरू कर दी।

तलाश के दौरान पता चला कि रजनेश पुत्र ओमकार, हरवीर पुत्र पप्पू, वीरेश पुत्र ओमकार उसके घर से उसकी बेटी को बहला फुसला कर ले गए हैं।

इसके बाद वह इन लोगों के घर गया तो आरोप है कि इन लोगों ने उसके साथ गाली-गलौच की और मारपीट पर आमादा हो गए। प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी। पीड़िता को बरामद कर 164 के बयान दर्ज कराए गए। गवाह के बयान अंकित किए जाने के बाद संकलित साक्ष्य के आधार पर अरविंद पुत्र घलेंद्र निवासी भोजपुर थाना गुन्नौर जिला संभल के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 246/2022 के अंतर्गत धारा 363, 328, 346 आईपीसी व धारा 3/4 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया और विवेचना के बाद साक्ष्यों को एकत्र कर छह जनवरी 2023 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। तब से मुकदमा न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश के यहां विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष से शासकीय अधिवक्ता नरेंद्र कुमार यादव ने साक्ष्यों के आधार पर दलीलें पेश कीं।

शुक्रवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश अशोक कुमार यादव द्वितीय ने आरोपी अरविंद को धारा 363 आईपीसी के आरोप में दोषी करार देते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

अर्थदण्ड अदा न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। धारा 376 आईपीसी सपठित धारा 4 पॉक्सो एक्ट के आरोप में 10 वर्ष के कठोर कारावास व 25 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

अर्थदण्ड अदा न करने पर दो वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अर्थदण्ड की समस्त धनराशि पीड़िता को पुर्नवास हेतु प्रदान की जाएगी। सभी सजाएं साथ चलेंगी।

## अवैध नर्सिंग होम संचालन में दंपती के खिलाफ रिपोर्ट

**धनारी, अमृत विचार:** धनारी में पेट्रोल पंप के पास स्थित अवैध नर्सिंग होम पर स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी में कागजात नहीं मिलने पर नोडल अधिकारी ने झोलाछाप दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

स्वास्थ्य विभाग में नोडल अधिकारी डॉ. विरास यादव ने थाना धनारी में अवैध नर्सिंग होम संचालक आबिद व उसकी पत्नी डॉ. तरन्नुम सलाम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि मंगलवार को सूचना मिलने पर धनारी पेट्रोल पंप के पास स्थित अवैध रुप से संचालित अलीगढ़ नर्सिंग होम पर छापेमारी की थी। यहां आबिद व डॉ. तरन्नुम सलाम से नर्सिंग होम से संबंधित कागजात दिखाने को कहा, लेकिन आबिद व डॉ. तरन्नुम सलाम कोई कागजात नहीं दिखा सके। जिसके बाद नोडल अधिकारी डॉ. विरास यादव ने अवैध अलीगढ़ नर्सिंग होम को सील कर दिया था। थाना प्रभारी नरेश कुमार ने बताया कि नोडल अधिकारी डॉ. विरास यादव की तहरीर मिलने पर आबिद व डॉ. तरन्नुम सलाम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## किशोरी को ले जाने के आरोप में तीन युवकों पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- दूसरे समुदाय के युवकों पर है नाबालिग को ले जाने का आरोप
- पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर लगाया दुर्व्यवहार करने का आरोप

**अमृत विचार:** सीकरी गेट के पजाया से तीन युवक दूसरे समुदाय की 16 वर्षीय किशोरी को तीन दिन पहले बहला-फुसलाकर ले गए थे। शुक्रवार को कोतवाली पहुंची पीड़ित पक्ष की महिलाओं ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज बेटी को बरामद करने की मांग की है। आरोप लगाया कि पुलिस उनके साथ दुर्व्यवहार कर रही है।

कोतवाली में किशोरी के पिता ने तहरीर दी है, जिसमें कहा कि चार अप्रैल की शाम चार बजे मोहल्ले ही दूसरे समुदाय के तीन युवक उनकी पुत्री को बहला-फुसला कर ले गए हैं। घटना के बाद पीड़ित ने आरोपियों को नामजद करते हुए कोतवाली में तहरीर दी। इसके बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। साथ ही पुलिस पर पीड़ित पक्ष से दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। घटना के तीसरे दिन शुक्रवार को हिंदू जागरण मंच के नेता कौशल किशोर के साथ किशोरी के परिजन व अन्य परिचित महिलाएं कोतवाली पहुंची। कोतवाली में महिला क्राइम इंस्पेक्टर पूनम राठी ने पीड़ित पक्ष को आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने व उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद करने का आश्वासन दिया। पुलिस ने किशोरी को ले जाने के आरोप में जीशान व सलमान निवासी सीकरी गेट पजाया व एक अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

> किशोरी को बहला-फुसला कर ले जाने की रिपोर्ट तीन युवकों के विरुद्ध दर्ज की गई है। पुलिस आरोपियों व किशोरी की तलाश में जुटी है। शीघ्र ही गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद किया जाएगा।
> **-अतर सिंह,** प्रभारी निरीक्षक

## पत्रकार पर हमला कर किया घायल

**संभल, अमृत विचार:** संभल कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार पर कुछ लोगों ने हमला कर घायल कर दिया। घटना की पुलिस को तहरीर दी गई है। एक समाचार पत्र के लिए सौंधन से रिपोर्टिंग करने वाले सुभाष सिंघल शुक्रवार को देर रात सौंधन से अपने घर संभल आ रहे थे।

उनका कहना है कि चौधरी सराय पुलिस चौकी से पहले बिस्मिल्लाह हॉस्पिटल के निकट कुछ लोगों ने उनकी बाइक रुकवा कर हमला कर दिया और मारपीटकर बुरी तरह घायल कर दिया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल व अन्य लोग मौके पर पहुंचे। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## रंगोली के माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान चलाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ ली
- मजबूत लोकतंत्र की स्थापना के लिए मतदान अवश्य करें

**अमृत विचार:** सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंड्री स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर रंगोली के माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान चलाया। मतदान करने व लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ ली।

प्रधानाचार्य कपिल दीप ने बताया कि एक ईमानदार व कुशल नेतृत्व वाली सरकार के बिना हम मजबूत लोकतंत्र व विकसित देश की कल्पना नहीं कर सकते। योग्य व कुशल नेता के चुनाव के लिए सभी मतदाता आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान अवश्य करें। ताकि मजबूत लोकतंत्र की स्थापना की जा सके।

कहा कि जनता के पास यही एक ताकत होती है। बहुत से लोग अपने मत की ताकत से परिचित नहीं हैं। वह मतदान के दिन घर ही रहना पसंद करते हैं और अपने मत का प्रयोग नहीं करते। इसलिए मतदान प्रतिशत भी बहुत कम रहता है। इससे किसी भी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलता।

मतदान के प्रति छात्र-छात्राएं व युवा अपने घर परिवार व आसपास के लोगों को जागरुक करें और उनसे कहें कि मतदान वाले दिन वह अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के बसंत शंकर, दिवाकर गुप्ता, भुवनेश, आलोक गोयल सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



संभल से भक्तों के जत्थे को रवाना करते अतिथि। ● अमृत विचार

## रामलला व बाबा विश्वनाथ के दर्शन को रवाना हुए 80 श्रद्धालु

संवाददाता,संभल

**अमृत विचार :** हिंदू जागृति मंच की प्रेरणा से 80 श्रीराम भक्तों का जत्था श्रीराम लला एवं बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए अयोध्या और बनारस के लिए रवाना हुआ।

शहर में जनता पेट्रोल पंप के सामने रवानगी से पहले भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने भक्तों के माथे पर चंदन का तिलक लगाते हुए माल्यार्पण किया और भगवा पटका पहनाए। भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू ने भक्तों को लड्डू खिलाकर केले वितरित किए। दो बसों से श्रीराम और हर-हर महादेव के जयकारे लगाए भक्त रवाना हुए। तीन दिन में अयोध्या और बनारस की यात्रा पूरी होगी। इस दौरान शोभित गुप्ता, गगन वार्ष्णेय, हृदेश यादव, सरदार रंजीत सिंह, सीमा आर्य आदि रहे।

# हाईटेंशन लाइन से टच हुआ केबिल, बच्ची झुलसी

संवाददाता, संभल/कैलादेवी

- ग्रामीणों ने संभल गवां मार्ग पर लगाया जाम
- पुलिस ने समझा-बुझाकर जाम खुलवाया
- सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में ट्रक की पहचान की गई है

**अमृत विचार:** कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर ग्रामीण के घर जा रहा बिजली का केबिल टूटकर ट्रक में फंसकर हाईटेंशन लाइन से टच हो गया। जिससे ग्रामीण के घर में रखे बिजली के उपकरणों में लगी आग की चपेट में आकर कमरे सो रही आठ माह की बच्ची झुलस गई। ग्रामीणों ने संभल गवां मार्ग पर जाम लगा दिया।

थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर स्थित गांव शकरपुर में रात तीन बजे संभल की ओर जा रहे ट्रक की चपेट में आकर केबिल टूटकर ट्रक में फंस गया और थोड़ी दूर आगे गुजर रही हाईटेंशन बिजली के तारों से केबिल टच हो गया। जिससे बंटी व संजय घर में हाईटेंशन करंट दौड़ गया। दो फ्रिज, कूलर, वॉशिंग मशीन, चार पंखे इनवर्टर व बैटरी सहित अन्य उपकरणों में आग लग गई। अचानक से आंख खुलने पर नींद से जागे संजय ने शोर मचाया। इससे पहले कमरे में सो रही बंटी की आठ माह की बेटी कूलर में लगी आग की चपेट में आकर झुलस गई। सूचना मिलने पर खेत से बंटी भी घर पहुंच गया और गांव के लोगों के साथ मिलकर ट्रक से केबिल टूटने की जानकारी होने पर सड़क पर जाम लगा दिया।

जाम की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। बंटी ने बताया कि गांव खिरनी में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में ट्रक की पहचान की गई है।



सिरसी में आग से जली फसल को देखते लोग। ● अमृत विचार

### हाईटेंशन तारों में फाल्ट से गेहूं की फसल जलकर राख

**सिरसी, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में हाईटेंशन बिजली के तारों में फाल्ट होने से निकली चिंगारी से छह बीघा गेहूं की फसल जलकर बर्बाद हो गई। आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत कर आग को फैलने से रोका। सिरसी के मुहल्ला शर्की निवासी नसीम का छह बीघा खेत गांव पोटा जाने वाले मार्ग पर स्थित है। शुक्रवार को दोपहर एक बजे खेत में गेहूं की फसल के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली के तारों में फाल्ट हो गया। तारों से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। आग लगती देखकर आसपास के लोगों ने शोर मचा दिया। लेकिन तेज हवा की वजह से आग ने देखते ही देखते सारी गेहूं की फसल को अपनी जद में ले लिया। ग्रामीणों ने बिना फायर ब्रिगेड को सूचना दिए ही खेत के चारों ओर की आग को बुझा कर पड़ोस के खेत में जाने से रोका। जिससे और ज्यादा नुकसान होने से बच गया। हालांकि गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

**अभियान** — नारायण सेवा समिति की बैठक में जल बचाने के उपाय सुझाए

# गिरते भूजल स्तर को लेकर चिंता जाहिर की गई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- वाटर टैंकों पर ओवरफ्लो अलार्म लगवाने के लिए अभियान चलाने का संकल्प

**अमृत विचार:** श्री नारायण सेवा समिति की बैठक शुक्रवार को ब्रजनगर कालोनी स्थित भोलेनाथ भवन में हुई। जिसमें पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जल बचत के सुझाव प्रस्तुत किये। गिरते भूजल स्तर को लेकर चिंता जाहिर की और वाटर टैंकों पर ओवरफ्लो अलार्म लगवाने के लिए अभियान चलाने का संकल्प लिया।

अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय ने कहा कि भूजल एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है जो हर प्राणी के जीवन के लिए आवश्यक है। मुख्य वक्ता डॉ. टीएस पाल ने कहा कि जल के दुरुपयोग के कारण जल की लगातार कमी होती जा रही है जिसके लिए जल बचत के उपायों पर गंभीरता से विचार करना होगा। संरक्षक केजी गुप्ता ने कहा कि पृथ्वी के दो तिहाई भाग जल से घिरे होने के बावजूद इस पर दो-तीन प्रतिशत जल ही इस्तेमाल के योग्य है।



बैठक करते नारायण सेवा समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

प्रबंधक हरीश कठेरिया ने कहा कि जल जैसे संसाधन को सिर्फ बचाया जा सकता है, इसे बनाया नहीं जा सकता। डॉ. जयशंकर दुबे ने कहा कि भविष्य में स्वच्छ जल का अभाव एक बड़ी समस्या के रूप में हमारे समक्ष आएगा। विपिन गुप्ता ने कहा कि आज पूरा समाज भूजल के गिरते स्तर की वजह से गंभीर जल संकट की चपेट में है। मुकुंद अग्रवाल ने कहा कि भूजल की कमी के कारण कई स्वास्थ्य संबंधी घातक बीमारियां और जल संकट जैसी समस्याएं सामने आ रही है। रोशनलाल ने कहा कि इस भूजल की कमी के कारण मानव पेड़ पौधों और जीव जंतुओं का विकास एवं वृद्धि प्रत्यक्ष रूप से कुप्रभावित होती है। सचिन शर्मा ने कहा कि आज मनुष्य भौतिक सुख साधनों की प्राप्ति के लिए भूजल का अंधाधुंध दोहन कर रहे हैं तथा भूजल प्रदूषण को भी बढ़ावा दे रहे हैं। सभी सदस्यों ने जल बचत के उपायों में वाटर टैंकों पर ओवरफ्लो अलार्म लगवाने के समिति के उपाय को उपयुक्त बताया तथा इसे अभियान के रूप में अपनाने का संकल्प लिया। अध्यक्षता सुभाष वार्ष्णेय ने की तथा संचालन हरीश कठेरिया ने किया।

## सऊदी अरब में उमराह करने गए माता-पिता से बेटे का टूटा संपर्क

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- एजेंट से बात कराने के लिए चक्कर काट रहा बेटा, कोतवाली पुलिस को दी तहरीर

**अमृत विचार:** एजेंट के माध्यम से माता-पिता को उमराह करने सऊदी अरब भेज दिया। मगर एजेंट ने दोनों को रिसीव नहीं किया। वहां दंपती बिछड़ गए। जानकारी करने पर एजेंट कोई जवाब नहीं दे रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर दंपती के परिजन परेशान है। घटना को लेकर एजेंट के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी गई है।

जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा के गांव औरछी निवासी फारुख अली ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि उसने अपने मां वशीरन व पिता सत्तार अली को तीन अप्रैल को दिल्ली एयरपोर्ट से सऊदी अरब में उमराह के लिए रवाना हुए थे। दंपती जिस एजेंट के द्वारा उमराह करने गए थे वह कोतवाली क्षेत्र के एफआर इंटर कॉलेज के पास रहता है। सऊदी अरब पहुंचने पर पीड़ित के माता-पिता आपस में बिछड़ गए।



पति से बिछड़ी वृद्धा वशीरन।

बताया कि सऊदी अरब से अनजान व्यक्ति ने वीडियो कॉल करके उनकी वशीरन से बात कराई। बात करते-करते उनकी मां रोने लगी और बताया कि उनके पति बिछड़ गए हैं। जब दंपती के पुत्र ने एजेंट को बात बताई, लेकिन अभी तक एजेंट ने कोई भी उचित जवाब नहीं दिया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर एजेंट के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## सार-संक्षेप



निविदा संविदा कर्मचारी संघ के नव मनोनीत पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बने किरण पाल

**संभल, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी का चुनाव को लेकर 132केवी विद्युत उपकेंद्र पर हुआ। जिसमें जिले की संभल, चंदौसी और बबराला डिविजन के कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से किरण पाल सिंह को जिलाध्यक्ष चुना। पूर्व में जिलाध्यक्ष रहे अशोक त्यागी के कार्यकाल की सराहना की गई। पूर्व की जिला कार्यकारिणी को भंग करने के बाद नवनियुक्त जिलाध्यक्ष की घोषणा की गई। संघ की घोषित कार्यकारिणी में किरणपाल सिंह जिलाध्यक्ष, सुखवीर सिंह और नदीम जैदी जिला उपाध्यक्ष, रविंद्र चौधरी, सत्यनारायण यादव, अभिषेक चौधरी जिला महामंत्री, कमल सैनी और रवि कुमार जिला कोषाध्यक्ष, रियाजुल, अवनीश चौधरी जिला मीडिया प्रभारी, सतेंद्र सिंह और मंगल सैनी सोशल मीडिया प्रभारी, दिशांत गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, शारिक जिला संगठन मंत्री, राहित तुर्की, खुशीराम जिला संयुक्त मंत्री, अमित कुमार, समरपाल, अनिल कुमार जिला कार्यालय मंत्री, पवन सैनी, सुनील कुमार जिला प्रचार मंत्री, नीशू चौधरी जिला कार्यवाहक अध्यक्ष बनाए गए। इस दौरान रामकुमार यादव, गुलवीर, कमल सैनी, उमेश कुामर, दिनेश सैनी, सलमान हैदर, भुवनेश, प्रेमशंकर, दुष्यंत, अमित, रियाजुल, सतेंद्र, आदि रहे। अध्यक्षता रामकुमार शर्मा ने की।

### श्रीमद् भागवत कथा सुनने से हो जाता है कल्याण



कथा सुनाते रूपेंद्र भारद्वाज।

**बबराला, अमृत विचार :** नगर में सब्जी बाजार के पास चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वाचक रूपेंद्र भारद्वाज ने पूतना उद्धार एवं श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान जो भी लीला करते हैं वह अपने भक्तों के कल्याण या उनकी इच्छापूर्ति के लिए करते हैं। शुक्रवार को संगीतमय श्रीमद भागवत कथा की शुरूआत भागवत आरती और विश्व शांति की प्रार्थना के साथ की गई। कथा वाचक रूपेंद्र भारद्वाज ने कहा कि आप जिस मनोरथ के साथ श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करेंगे आपके उस मनोरथ की सिद्धि होगी। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से ही जीव का कल्याण हो जाता है। इस दौरान डिंपल वार्ष्णेय, खुशबू, हेमा, भावना, संजू, परेखा वार्ष्णेय, गिरीश चंद्र, रूचि, अमित वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### श्रीकृष्ण-सुदामा प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव बनियाखेड़ा की मढ़ैया में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को कथा के सातवें दिन कथा वाचक सोमवीर शास्त्री ने सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब भगवान श्रीकृष्ण द्वारका में राज करने लगे, तो उनके मित्र सुदामा गरीब थे। उनके पास खाने तक को कुछ न था। एक दिन उनकी पत्नी ने समझाया कि अपने मित्र श्रीकृष्ण से जाकर मिले। पत्नी के बार-बार कहने पर सुदामा भगवान श्रीकृष्ण के पास पहुंचे तो फटे हुए कपड़े थे व एक पोटली रखी थी। जब द्वारपालों ने रोका तो सुदामा ने श्रीकृष्ण को अपना मित्र बताया। जब द्वारपाल श्रीकृष्ण के पास पहुंचे तो सुदामा का नाम लिया तो श्रीकृष्ण नंगे पैर दौड़ते हुए अपने मित्र के पास पहुंचे। इसके बाद श्रीकृष्ण ने सुदामा के पैर धोए और भोजन कराया। कुछ दिन बाद विदा किया। सुदामा कहने लगे कि श्रीकृष्ण ने मुझे कुछ नहीं दिया। लेकिन जब अपे घर पहुंचे तो महल बना हुआ था। तब सुदामा ने कहा कि मित्र हो तो कान्हा जैसा। अंत में आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान काफी संख्या में महिला व पुरुष मौजूद रहे।

### श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का हुआ मंचन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गोशाला रोड पर श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को कथा के पांचवें दिन कथा वाचक अखिलेश्वर रामानुज वैष्णव दास ने श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया। कहा कि गोकुल में रहकर श्रीकृष्ण ने कई राक्षसों का वध किया। इसके बाद आतंक का पर्याय बने कंस का श्रीकृष्ण ने मथुरा जाकर उसके घमंड को चूर-चूर कर दिया। कथा के बीच श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह का मंचन किया गया। अंत में आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान ओम प्रकाश गोगी, अभिषेक मांगलिक, शिवम अग्रवाल, अनिल गोयल, शिवांगी, सुनीता आदि मौजूद रहे।



महाराजा निषादराज की शोभायात्रा में नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार

### निषादराज जयंती पर धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महाराजा निषादराज महर्षि कश्यप तुरैहा समाज समिति की ओर से महर्षि कश्यप व निषादराज जयंती पर कैथल गेट से शोभायात्रा निकाली गई। इससे पूर्व शुक्रवार की सुबह हवन-पूजन के बाद आरती कर देश की खुशहाली की कामना की गई। मुख्य अतिथि डॉ. सीपी सिंह व नगर पालिकाध्यक्ष लता कुमारी वार्ष्णेय ने फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा में महर्षि कश्यप, रामलला, गंगा मैया, निषादराज, श्रीराम-सीता-लक्ष्मण को नाव से गंगा पार कराते हुए केवट, नारद मुनि के गुरु कालू बाबा की झांकी शामिल रही। इसके अलावा राधाकृष्ण के स्वरूप में सजा कलाकार धार्मिक गीतों पर नृत्य करते चल रहे हैं। कैथल गेट तिल वाली गली से आरंभ हुई शोभायात्रा ब्रहम बाजार, फड़याई बाजार, घंटाघर, बड़ा बाजार, घास मंडी से ब्रह्म बाजार होते हुए कैथल गेट स्थित श्री दाऊजी मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। इस दौरान प्रेम दादा, राजकुमार कश्यप, वीरेंद्र तुरैहा, नीरज कश्यप, रमेश चंद्र तुरैहा, हरप्रसाद कश्यप, कालीचरन कश्यप, डेविट कश्यप, बबलू, राम प्रकाश कश्यप, प्रहलाद कश्यप, अखिलेश कश्यप, भीमसेन, ओमकार कश्यप, चमन कश्यप, विक्की कश्यप, राजन कश्यप आदि मौजूद रहे।



बबराला में सम्मानित किये गये बच्चे। ● अमृत विचार

### मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

**बबराला अमृत विचार :** सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परीक्षाफल जारी होने के बाद प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को मेडल से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने छात्राओं के भविष्य में शिक्षा की उपयोगिता और शिक्षा का महत्व बताया। इस दौरान नेहा यादव, अनुराधा, पल्लवी कंसल, मीनाक्षी, कमलेश शर्मा, महक काजी, नमृता उपाध्याय आदि रहीं।

## एक नजर

### साइकिलों के शोरुम में आग से सामान नष्ट

**मंडावर, अमृत विचार :** साइकिलों के शोरुम में अचानक आग लग गई जिससे वहां साइकिले व सामान नष्ट हो गया। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। कुछ लोगों का कहना है कि बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगी है। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम और नगर पंचायत के पानी के टैंकर से आग पर बमुश्किल काबू पाया गया। मोहल्ला फराश टोली निवासी दानिश ने बस स्टैंड से बिजनौर की ओर जाने वाले रास्ते पर साईकिल का शोरूम खोल रखा है। इसमें गुरुवार रात 12 बजे आग लग गई। आसपास के रहने वाले लोगों व पुलिस ने शोरुम स्वामी और फायर बिग्रेड को सूचना दी। फायर बिग्रेड के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। पुलिस की सूचना पर नगर पंचायत से पानी का टैंकर ले जाया गया।


### कृषि पशुपालन के परीक्षा फार्म आज से भरे जाएंगे

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमएससी कृषि उत्तरार्द्ध पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन के द्वितीय वर्ष के संस्थागत और बैक और छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा के फार्म भरने की तिथि निर्धारित कर दी है। छात्र 6 से 10 अप्रैल तक ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं। महाविद्यालयों को 12 अप्रैल तक भरे हुए फार्म सत्यापित करने होंगे।

# अलविदा की नमाज अदा, मांगी दुआ

## मस्जिदों में इमामों ने रोजे की फजीलत बताई, तैनात रही पुलिस

संवाददाता, किरतपुर/अफजलगढ़/हल्दौर/नगीना



बिजनौर की मस्जिद में नमाज पढ़ते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** किरतपुर नगर की जामा मस्जिद में शुक्रवार को अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। इमाम मुफ्ती कलीम ने नमाज अदा कराई।

उधर, अफजलगढ़ क्षेत्र में भी अलविदा जुमा की नमाज पढ़ी गई। इस दौरान मस्जिदों के पास सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा, कस्बा इंचार्ज सुमित राठी व पुलिस फोर्स तैनात रही। इमाम मुफ्ती सईदुर्रहमान ने अलविदा जुमा की फजीलत बयान की। उन्होंने कहा कि ईद उल फितर की नमाज से पहले जकात और फितरा अदा कर दें। हल्दौर नगर स्थित मुख्य बाजार स्थित जामा मस्जिद और मोहल्ला तोलावाला की मोती मस्जिद में नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद में शहर काजी मुफ्ती अब्दुल्ला जामिई ने नमाज अदा कराई। मोती मस्जिद में मौलाना मोहम्मद इरशाद ने नमाज पढ़ाई। शहर काजी मुफ्ती मोहम्मद अब्दुल्ला जामिई ने लोगों से भाईचारा कायम रखते हुए ईद उल फितर का त्योहार मनाने की अपील की। उधर, नगीना क्षेत्र में अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। नगर की जामा मस्जिद के पास पुलिस बल तैनात रहा। इमाम मुफ्ती उवैस अकरम ने नमाज अदा कराई।

### मुल्क में अमन के लिए उठे हजारों हाथ

**बिजनौर, अमृत विचार :** रमजान के आखिरी जुमा शुक्रवार को शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अदा हुई। इस दौरान मस्जिदें भरी नजर आई। चहशीरी जामा मस्जिद में नमाज के बाद देश में शांति एवं भाईचारे की दुआ मांगी गई। उलमा ने बताया कि रमजान सभी महीनों में खास है। इसमें रहमत व बरकत आती है। रोजा और इबादत इंसान को पवित्र बना देता है। अगर इंसान समझ जाए कि रोजे कि क्या अहमियत है और उसके कितने फायदे हैं, तो लोग तमन्ना करेंगे कि काश पूरा साल रमजान का महीना होता।

### फरीदाबाद में करंट से जीवन सराय के दो युवकों की मौत

**किरतपुर, अमृत विचार :** किरतपुर क्षेत्र के गांव जीवन सराय निवासी दो युवकों की फरीदाबाद में काम करते समय एचटी लाइन का करंट लगने से मौत हो गई। युवकों की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

फरीदाबाद में मजदूरी करने गए शादान (20) पुत्र वसीम व गोहर (20) पुत्र शाइन को वेल्डिंग करने के दौरान करंट लग गया। इससे दोनों झुलस गए। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन फानन उपचार के लिए दोनों को चिकित्सक को दिखाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों युवकों को मृत घोषित किया। घटना की सूचना परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया।

परिजन तुरंत फरीदाबाद के लिए रवाना हुए। शुक्रवार शाम प्रधान के पति बाबर ने बताया कि अभी शव दिल्ली में है। कार्रवाई पूरी होने के बाद ही दोनों के शवों को उनके घर लाया जाएगा। बताया गया कि गांव का ही हाशिम नाम का ठेकेदार है, जो लगभग दो माह पहले इन दोनों युवको को फरीदाबाद कार्य के लिए ले गया था, जहां ये बिजली का कार्य कर रहे थे। तभी दोनों को करंट लग गया।



घायल डॉ आनंद गहलोत से जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

## घर में घुसकर निजी चिकित्सक से मारपीट, नकदी लूटने का आरोप

संवाददाता, नगीना

**अमृत विचार :** निजी चिकित्सक के घर में घुसकर महिला व एक युवक ने हमला कर घायल कर दिया। चिकित्सक ने 25000 की नकदी लूटने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच की है।

चिकित्सक आनंद गहलोत ने बताया कि पोस्ट ऑफिस नगीना के पास उनका क्लीनिक है। शुक्रवार शाम करीब 5:30 बजे वह मोहल्ला पंजाबी कॉलोनी में टहलने के लिए कपड़े बदलने को घर गए थे। आरोप है कि तभी एक महिला और युवक उनके साथ ही मकान में घुस गया और दोनों हमलावर हो गए। चिकित्सक से हाथापाई की। इससे चिकित्सक चोटिल हो गए। आरोप है कि दोनों 25000 की नकदी लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी चिकित्सक ने आसपास के लोगों को दी तो भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी राकेश वशिष्ठ, थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी जा रही है।

### किसान नेताओं ने टोल प्लाजा पर सौंपा ज्ञापन

**हापुड़, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति के सभी कार्यकर्ता ने शुक्रवार को टोल प्लाजा पर ज्ञापन दिया। इसमें बताया कि कुछ दिनों से उनके संगठन के सदस्यों की गाड़ियों को निकलने में दिक्कत आ रही थी। इस संबंध में उन्होंने टोल प्लाजा के मैनेजर अजीत चौधरी से वार्ता की। उन्होंने किसान नेताओं की समस्या का समाधान किया। इसके बाद किसानों ने उन्हें धन्यवाद दिया।

इस दौरान भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन पहलवान, छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष कपिल गोस्वामी, प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप यादव, प्रदेश महासचिव पोविन्दर कुमार, अभिषेक कुमार, हापुड़ के जिला अध्यक्ष हरविंदर सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी योगेश शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी करण चौहान आदि उपस्थित रहे।



नगीना में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज जी। ● अमृत विचार

## आज मुख्यमंत्री नगीना और चांदपुर में

संवददाता, नगीना

**अमृत विचार :** नगीना और चांदपुर में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभाओं को संबोधित करेंगे। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी और भाजपा-रालोद गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में लोगों से वोट की अपील करेंगे। उनके कार्यकम को लेकर शुक्रवार को दिनभर तैयारियां की गईं। इस बीच डीआईजी मुनिराज जी ने नगीना में जनसभा स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।

पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज जी ने नगीना पहुंचकर सभा स्थल व हेलीपैड, बैरियर, पार्किंग व अन्य तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था परखी। डीआईजी ने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राम अर्ज, एसडीएम अवनीश त्यागी, पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश वशिष्ठ व थाना प्रभारी सुनिल कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### दहेज प्रथा का विरोध करते थे महर्षि कश्यप

**हापुड़, अमृत विचार :** दिल्ली रोड स्थित अग्रसेन भवन में समाज के लोगों व महर्षि कश्यप निषाद युवा जागृति संस्था की ओर से महर्षि कश्यप की जयंती मनाई गई। इस दौरान वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में कश्यप समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। समाज के बुजुर्गों और मातृशक्ति का सम्मान किया गया। होनहार छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिए। वक्ताओं ने महर्षि कश्यप के संस्कारों से शिक्षा लेने को कहा। कहा कि वह दहेज प्रथा, समाज में नशें का विरोध करते थे। आगामी पीढ़ी की शिक्षा पर ध्यान देने का प्रोत्साहित करते थे। सदर विधायक विजयपाल आढ़ती ने समाज में शिक्षा पर जोर दिया। पवन कश्यप ने लोगों से बुराइयों से दूर रहने को कहा। इस अवसर पर अनिल कश्यप, विनीत कश्यप, राधेश्याम कश्यप आदि रहे।

## डकैती की झूठी सूचना देने वाला युवक गिरफ्तार, जेल भेजा गया

संवाददाता, अफजलगढ़

▸▸ **गांव सीरवासुचांद की घटना कई घंटे तक पुलिस विभाग में मचा रहा हड़कंप**

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव सीरवासुचांद में गुरुवार रात युवक ने 112 डायल पुलिस को डकैती की झूठी सूचना दी। पुलिस ने शुक्रवार को उसका चालान कर दिया।

सीरवासुचंद निवासी रियाजुद्दीन उर्फ छोटे ने पुलिस को डकैती की सूचना दी थी। कहा कि गांव पुक्खेवाला त्रिलोकपुर मार्ग स्थित गांव सीरवासुचंद में उसके घर में घुसकर करीब पांच बदमाशों ने तमंचा दिखाकर 55 हजार रुपये लूट लिए थे। डकैती की सूचना पर पुलिस सकते में आ गई।

इसके बाद हलका इंचार्ज संदीप कुमार ने एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल, सीओ अफजलगढ़ अर्चना सिंह, थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा को भी डकैती की सूचना दी। मौके पर पहुंच कर युवक के बताए अनुसार, पुलिस तीन घंटे तक परेशान रही। पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो रियाजुद्दीन उर्फ छोटे ने बताया कि परेशानी में होने की वजह से उसने डकैती की झूठी सूचना दी थी।

थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा ने बताया कि डकैती की फर्जी सूचना देने के मामले में आरोपी रियाजउद्दीन उर्फ छोटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दूसरी ओर पुलिस ने नाजिम निवासी गांव कासमपुरगढ़ी का शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर चालान किया है।

### तौकीर के पास कोई नौकरी नहीं व्यापार फिर कहां से फाइनेंस कराते हैं दंगा

**बरेली, अमृत विचार :** अदालत की ओर से 2010 के दंगे के मास्टर माइंड करार दिए गए मौलाना तौकीर रजा खां पर के खिलाफ एक बार फिर उन्हीं के खानदान की बहू निदा खान ने मोर्चा खोला है।

निदा ने सवाल उठाया है कि तौकीर रजा के पास न कोई नौकरी है, न वह व्यापार करते हैं तो फिर दंगा कहां से फाइनेंस कराते हैं। इसकी ईडी को जांच करनी चाहिए। तीन तलाक पीड़िताओं की लड़ाई लड़ते-लड़ते भाजपा में शामिल हो चुकी निदा खान ने फेसबुक पर तौकीर के खिलाफ टिप्पणी की है। कहा है, यह अभिनेता नहीं तो क्या हैं।

धरना-प्रदर्शन के लिए कभी तबीयत खराब नहीं हुई। दंगे के मामले में कोर्ट ने सरेंडर करने का आदेश दिया तो तबीयत बिगड़ गई। यह असल जिंदगी के अभिनेता हैं।

## भविष्य में देश और समाज का नेतृत्व करेंगे विद्यार्थी : विनय

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** जोया स्थित द आर्यंस स्कूल में शुक्रवार को हुए कार्यक्रम में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना व संगीता सक्सेना शामिल हुए। इस दौरान स्कूल के प्रबंधक चौधरी हरपाल सिंह, अनिल कुमार सिंह, निदेशक अमन लिट्ट व प्रधानाचार्य आदेश सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम का आरंभ दिव्या, रिया, कशिश, तन्वी चौधरी, प्रज्ञा मिश्रा, गुनिका, अक्षी चौधरी, खुशमनप्रीत कौर, अंशिका, हिमांशी, वान्या त्यागी, हिमांशी लावत और अरुणिमा शर्मा ने तिलक लगाकर किया। उपराज्यपाल ने कहा कि हमेशा ऊंचा लक्ष्य रखते हुए कड़ी मेहनत और परिश्रम की बदौलत उसे प्राप्त करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि छात्र भविष्य में देश और समाज का नेतृत्व करेंगे। अपनी योग्यता और परिश्रम के बल पर देश एवं राष्ट्र को गौरवान्वित करें। उपराज्यपाल ने कहा कि समय का उचित प्रबंधन कर अपने अंदर हमेशा सकारात्मक विचारों को स्थान दें। एक अच्छा नागरिक बनकर देश और राष्ट्र निर्माण के लिए योगदान दें।

उन्होंने कहा कि अपनी सभ्यता और संस्कृति के साथ जुड़ते हुए नैतिक शिक्षा प्राप्त करें। छात्र समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें।

उन्होंने बच्चों से सादगी, दया, करुणा और विनम्रता जैसे गुणों को सदैव अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपने माता-पिता, अपने अध्यापकों और दोस्तों का सदैव सम्मान करें। इस दौरान प्रबंधक चौधरी हरपाल सिंह व अनिल कुमार सिंह ने भी विचार रखे।



भागवत कथा सुनतीं महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

## भगवान की भक्ति नहीं छोड़नी चाहिए

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला लक्ष्मीनगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन कथावाचक अत्रि महाराज ने भगवान के विवाहों का वर्णन किया। जिसने भी भगवान को जिस भाव से पाने की इच्छा प्रकट की, भगवान ने उसी भाव से भक्तों को अपनाया। उन्होंने कहा कि सुदामा भगवान के परम सखा थे। विद्वान ब्राह्मण थे, तपनिष्ठ एवं अयाचित थे। समाज में झांकियों के माध्यम से सुदामा की जो छवि प्रस्तुत की जा रही है, उस पर कथावाचक ने चिंता व्यक्त की। लोगों से कहा कि वह सुदामा के बारे में जानने के लिए नरोत्तमदास के सुदामा चरित पढ़ें।

उपसंहार की कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान ने अपना दिव्य ज्ञान प्रदान किया। संसार की परेशानियों में उद्विग्नता पैदा करती हैं।

भगवान की कथा मन को शांत करती है, उन्होंने परिक्षित मोक्ष की कथा सुनाई, कलयुग में होने वाले श्री कल्कि अवतार का भी वर्णन किया। कथा के दौरान अत्रि जी ने अपने श्रीमुख से मधुर कंठ के साथ भजन भी सुनाए, श्रोताओं ने तालियां बजाकर प्रसन्नता व्यक्त की।

### दुष्कर्म के प्रयास, मारपीट में सात लोगों पर रिपोर्ट

**अमरोहा, अमृत विचार :** युवक ने घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता की मां ने आरोपी की शिकायत उसके परिजनों से की तो उन्होंने मां-बेटी को मारा पीटा। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक समेत उसके परिवार की छह महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

यह घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। बताया गया कि पति की मृत्यु के बाद एक महिला अपनी दो नाबालिग बेटियों के साथ यहां एक किराये के मकान में रहती है। आरोप है कि गांव में रहने वाला शहजाद उनकी 14 वर्षीय छोटी बेटी के साथ छेड़खानी करता है। नौ मार्च की शाम उसने घर में घुसकर किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी ने मां को आपबीती बताई। उसकी मां ने आरोपी युवक की शिकायत उसके घर जाकर उसके परिजनों से की तो वह भड़क गए। 30 मार्च शाम आरोपियों ने घर पर चढ़ाई कर दी।



मतदाता को जानकारी देते प्रेक्षक राहुल कुमार जैन। ● अमृत विचार

## लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मतदाता दें अपना योगदान

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव प्रेक्षक राहुल कुमार जैन ने गीता नगरी और फरीदपुर गोगा में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सभी अपने मत अधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया कि होम वोटिंग शत प्रतिशत रूप से कराएं। एक भी मतदाता अपने मत अधिकार से वंचित न रहने पाए। उन्होंने कहा कि जो मतदाता आज अपने मताधिकार का प्रयोग न कर पाएं तो आगामी तिथियों में शत प्रतिशत रूप से उनका वोट डलवाएं।

### मेमू ट्रेन में तब्दील होगी बरेली मुरादाबाद और बरेली रोजा पैसेंजर

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन से जल्द ही मेमू ट्रेन का संचालन होगा। बरेली-मुरादाबाद और रोजा पैसेंजर ट्रेनों को मेमू ( मेन लाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) रैक में बदला जाएगा। इसके बाद पैसेंजर ट्रेनों से भी आईसीएफ कोच खत्म हो जाएंगे।

यह पहला मौका है जब बरेली जंक्शन से मेमू ट्रेन चलेगी। कुछ दिनों पहले इज्जतनगर मंडल ने भी अपनी कई ट्रेनों को मेमू में बदला है। मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मुरादाबाद-बरेली-मुरादाबाद के बीच रोज चलने वाली पैसेंजर ट्रेन 04366 / 04365 में अब नौ आईसीएफ कोच की जगह 12 मेमू रैक को लगाया जाएगा। इसके अलावा बरेली-रोजा-बरेली के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन 04380/04379 में अब सात कोच की जगह 12 मेमो कार रैक को लगाया जाएगा।

**कार्रवाई** | पासपोर्ट में दर्ज नाम-पते से छापेमारी कर रही टीम

## फरार आरोपियों की तलाश में दी दबिश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/टांडा

**अमृत विचार :** लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (अमौसी) पर सोना और सिगरेट तस्करी के मामले में हिरासत से फरार हुए नगर के 30 आरोपियों की तलाश में कस्टम विभाग एवं पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। लेकिन आरोपी हाथ नहीं आ सके हैं। आरोपियों के परिजन भी फरार हैं। पासपोर्ट से आरोपियों का पता चलने के बाद लगातार दो दिन से कस्टम विभाग की टीम टांडा में छापामारी कर रही है।

शुक्रवार को कस्टम विभाग एवं पुलिस की कई टीमों ने नगर में आरोपियों की तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी है। टीम के एक अधिकारी ने बताया कि जब तक आरोपी हाजिर नहीं होंगे, उन्हें पकड़ने के लिए दबिश का सिलसिला जारी रहेगा। मंगलवार को चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (अमौसी) पर कस्टम विभाग ने सोना और सिगरेट की तस्करी के मामले में नगर के 36 युवकों को हिरासत में लिया था। जिनमें 30 लोग अधिकारियों को चकमा देकर एयरपोर्ट से फरार हो गए थे।

टीमें गुरुवार से आरोपियों की धरपकड़ के लिए नगर में विभिन्न स्थानों पर दबिश दे रही हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी को टीमों के नगर में पहुंचने की सूचना से उनके परिजन भी फरार हो गए हैं। इनके अलावा युवकों को लालच देकर इस धंधे में शामिल करने वाले भी लापता हैं।

### आरोपियों को आठ अप्रैल तक पेश होने के दिए नोटिस

**रामपुर/टांडा,अमृत विचार :** सोना तस्करी के मामला इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है। गुरुवार और शुक्रवार को कस्टम विभाग की टीम टांडा पहुंची। जहां पासपोर्ट के आधार पर कस्टम विभाग की टीम छापेमारी कर रही है। शुक्रवार को कस्टम विभाग की टीम ने सभी आरोपियों को आठ अप्रैल तक हाजिर होने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। इसके अलावा टीम ने कस्बे में आकर छानबीन एवं जांच के आधार सोना तस्करी में शामिल कुछ अन्य आरोपियों के नाम व पते भी नोट किए हैं। कस्टम विभाग की टीम द्वारा टांडा में की गई कार्वाई से लोगों में खलबली मची हुई है।

> लखनऊ से कस्टम विभाग की टीम गुरुवार को भी आई थी। शुक्रवार को भी टीम आई है। क्राइम ब्रांच की टीम टांडा की पुलिस मदद कर रही है। सोने की तस्करी से जुड़ा मामला बताया जा रहा है। -केएन आनंद, सीओ, टांडा

### कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में हाथी के बच्चे की मौत

**रामनगर, अमृत विचार :** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के कालागढ़ रेंज स्थित हाथीशाला में उपचार के दौरान हाथी के बच्चे ने दम तोड़ दिया। उसकी उम्र 23 माह 5 दिन बताई जा रही है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार हाथी का बच्चा लंबे समय से बीमार था। उसका वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दुष्यंत शर्मा की देखरेख में उपचार चल रहा था। शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में हाथी के बच्चे का शव विच्छेदन कराया गया। विसरा व आंतरिक अंगों के सैंपल को परीक्षण के लिए आईवीआरआई इज्जतनगर बरेली भेजा गया है। इस दौरान कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. धीरज पांडे, साइंटिस्ट डॉ. एम करिकलन, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दुष्यंत शर्मा, डॉ. राहुल सती, डॉ. आयुष उनियाल समेत स्थानीय एनजीओ के सदस्य विरेन्द्र अग्रवाल आदि रहे।




कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली की कार का घेराव करते लोग। ● अमृत विचार

## दानिश की कार का किया घेराव

संवाददाता अमरोहा/हापुड़

**अमृत विचार :** अमरोहा लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे सांसद दानिश अली का विरोध हो रहा है। शुक्रवार को नौगांवा में अलविदा जुमा की नमाज के बाद लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी सांसद दानिश अली की कार का घेराव किया। इस दौरान विधायक समरपाल सिंह के पुत्र प्रतीक धारीवाल लोगों को हटाते दिखाई दिए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि दानिश अली ने इस मामले में कोई अपना बयान जारी नहीं किया है।

नौगांवा सादात में शुक्रवार को अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली भी नौगांवा सादात कस्बे में नमाजियों से मिलने गए थे। नमाज के बाद भीड़ इकट्ठा हो गई। जैसे ही सांसद अपनी कार में बैठकर वहां से निकले तो लोगों ने उनका विरोध करना शुरू कर दिया। उनकी कार का घेराव किया। इस घटना के वायरल वीडियो में सांसद की कार दिखाई दे रही है जिसका लोग घेराव करते नजर आ रहे हैं।

### मोजे में नकल छिपाकर लाया छात्र पकड़ा गया

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में परीक्षा के दौरान बीए द्वितीय वर्ष के छात्र को नकल करते पकड़ा गया। छात्र मोजे में नकल की चार पर्चियां छिपाकर लाया था। सचल दल ने यूएफएम कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी है। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि सचल दल ने चेकिंग के दौरान द्वितीय पाली में बीए अर्थशास्त्र के छात्र के पास से दो पर्चियां पकड़ीं। जब उसकी तलाशी ली तो दो और पर्चियां मोजे में मिलीं। वह चारों पर्चियां मोजे में छिपाकर कक्ष तक लाया था।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

पर्जन्यनाथा : पशवो राजानो मन्त्रिबान्धवा : ।
पतयो बान्धवा : स्त्रीणां ब्राह्मणा वेदबान्धवा : ॥

पशुओं के रक्षक बादल होते है ,राजा के रक्षक उसके मंत्री ,पत्नियों के रक्षक उनके पति तथा वेदों के रक्षक ब्राह्मण ( ज्ञानी पुरुष ) होते हैं।

## संपादकीय

# मदरसा शिक्षा

उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी जिसमें उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को 'असंवैधानिक' और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला करार दिया गया था। शीर्ष अदालत के इस फैसले को मदरसा बोर्ड के लिए एक बड़े फैसले के रूप में देखा जा सकता है। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद काफी विवाद हुआ था और इस मामले में उच्चतम न्यायालय का रुख किया गया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया। यूपी मदरसा बोर्ड की तरफ से अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि आज कई गुरुकुल भी प्रसिद्ध हैं, वे अच्छा काम कर रहे हैं तो क्या हमें उन्हें बंद कर देना चाहिए। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि यह निर्देश प्रथम दृष्टया उचित नहीं था। उच्च न्यायालय ने 2004 अधिनियम के प्रावधानों की गलत व्याख्या की है, क्योंकि यह धार्मिक शिक्षा प्रदान नहीं करता है और कानून का उद्देश्य और चरित्र नियामक प्रकृति का है। हाईकोर्ट के फैसले के चलते मदरसों में पढ़ रहे लाखों बच्चों के भविष्य पर सवालिया निशान लग गया था। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से कहा गया कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद मदरसों की मान्यता स्वतः समाप्त हो गई है।

गौरतलब है कि शिक्षा की पश्चिमी शैली के वैकल्पिक मार्ग के रूप में धार्मिक मदरसों ने इस्लामी समाज की शिक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इस्लाम के इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बचाव पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट में कहा गया कि मदरसे की यह व्यवस्था 120 साल से चली आ रही है, ऐसे में इसे समाप्त नहीं किया जा सकता। यह निर्णय छात्रों के अधिकारों पर आघात करेगा,क्योंकि विशेष शिक्षा का चयन करना हमेशा छात्रों और उनके माता-पिता की पसंद रही है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि धर्म का उलझाव अपने आप में संदिग्ध मुद्दा है, जिस पर विचार-विमर्श की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने उचित ही कहा कि यदि इस निर्णय का उद्देश्य मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध करवाना था तो कानून को असंवैधानिक न घोषित करके कुछ दिशानिर्देश भी जारी किए जा सकते थे। कहा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से उत्तर प्रदेश के 25 हजार मदरसों के 17 लाख छात्रों को बड़ी राहत मिली है।

# कुछ सैद्धांतिक समस्याएं भी हैं एक साथ चुनाव कराने में



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

भविष्य में अगर कोई केंद्रीय या राज्य सरकार गिर गई और लोकसभा या संबंधित विधानसभा भंग करनी पड़ गई तब सारे चुनाव एक साथ ही कराने के इस प्रावधान का क्या होगा,इस बारे में उच्च स्तरीय समिति की राय स्पष्ट है।

आम चुनाव-2024 की अधिसूचना जारी होने से ठीक दो दिन पहले 'एक देश एक चुनाव' के मुद्दे पर गठित उच्च स्तरीय समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी। समिति की अनुशंसाओं में देश की सभी विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा चुनाव (संभवतः 2029 में होने वाले अगले आम चुनाव) के साथ ही कराने की बात सर्वोपरि है। स्थानीय निकायों,ग्राम पंचायतों और नगर पालिकाओं के चुनाव पहली बार इस साझा चुनाव के 100 दिन के अंदर करा लेने और बाद में तीनों स्तरों के चुनाव एक साथ ही कराते रहने की अनुशंसा भी इसमें की गई है।

जाहिर है इसके लिए कुछ विधानसभाओं का कार्यकाल घटाना होगा और कुछ का बढ़ाना होगा जिसके लिए बड़े पापड़ बेलने होंगे। उच्च स्तरीय समिति ने इसके लिए संविधान बदलने का सुझाव दिया है। उसकी सभी अनुशंसाओं को अमल में उतारने के लिए संविधान में कम से कम पांच संशोधन करने होंगे और इतने बड़े पैमाने की चुनावी कसरत से जुड़ी तकनीकी जरूरतें पूरी करने के लिए आठ हजार करोड़ रुपये भी खर्च करने होंगे,लेकिन समिति का कहना है कि देश की राजनीतिक स्थिरता के लिए सरकारों में दूरदृष्टि पैदा करने के लिए और लगातार कहीं न कहीं होते रहने वाले चुनावों के भारी खर्चे से देश को बचाने के लिए यह सब जरूरी है।

भविष्य में अगर कोई केंद्रीय या राज्य सरकार गिर गई और लोकसभा या संबंधित विधानसभा भंग करनी पड़ गई तब सारे चुनाव एक साथ ही कराने के इस प्रावधान का क्या होगा,इस बारे में उच्च स्तरीय समिति की राय स्पष्ट है। उसका कहना है कि अगले चुनाव में जाना पड़ ही गया तो जाएंगे, लेकिन वह सदन अपने पूरे कार्यकाल के लिए नहीं,बचे हुए कार्यकाल के लिए ही चुना जाएगा। यानी चौथे साल में लोकसभा भंग हो गई तो चुनाव की कसरत सिर्फ लोकसभा के लिए ही संपन्न की जाएगी,लेकिन नए सिरे से चुनी गई लोकसभा एक साल ही काम करके भंग हो जाएगी और उसे 'एक देश, एक चुनाव' के तहत जल्द ही दोबारा चुनकर आना होगा। सरकार की कोशिश इस उच्च स्तरीय समिति को पार्टी एजेंडा से ऊपर उठाकर प्रस्तुत



करने की रही है। इसीलिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में कुल आठ सदस्यों की समिति गठित की गई तो लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को भी इसमें शामिल किया गया था,लेकिन चौधरी ने कुछ ही समय बाद यह कहते हुए इससे अपना नाम वापस ले लिया था कि समिति के लिए जो कार्यभार निर्धारित किया गया है,उसके सारे निष्कर्ष पहले से ही तय हैं,विचार-विमर्श की उसमें कोई गुंजाइश ही नहीं है। नतीजा यह रहा कि व्यवहार में उच्च स्तरीय समिति का स्वरूप पूरी तरह सरकारी हो गया और इसे बीजेपी की ही एक और पहल की तरह देखा जा रहा है।

अध्यक्ष रामनाथ कोविंद के अलावा समिति में शामिल बाकी नाम थे-गृहमंत्री अमित शाह, विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल, हाल तक वित्त आयोग के प्रमुख रहे एन. के. सिंह, फिलहाल अलग पार्टी चला रहे बीजेपी के करीबी और लोकसभा में कांग्रेस के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, पूर्व सूचना आयुक्त संजय कोठारी, पूर्व संसदीय सचिव सुभाष सी. कश्यप और सत्तापक्ष से जुड़े हाई प्रोफाइल मुकदमे लड़ने वाले वकील हरीश साल्वे। थोड़ा पहले जाकर देखें तो 'एक देश एक चुनाव' का मुद्दा बीजेपी की जन्मकुंडली में पड़े तीनों मुद्दों- संविधान के अनुच्छेद 370 का खात्मा, यूनिफॉर्म सिविल कोड और अयोध्या में बाबरी मस्जिद की जगह पर ही राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण के ठीक बाद आता रहा है। इसकी गिनती एक देश,एक निशान,एक विधान,एक प्रधान, एक इम्तहान,एक संस्कृति,एक बाजार,एक टैक्स, एक वगैरह की श्रेणी में होती रही है। गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने 'एक देश एक चुनाव' की व्यवस्था लागू करने की बात कही थी और 2016 में इस पर गठित विधि आयोग ने 2018 में अपनी अनुशंसाएं भी जमा कर दी थीं, लेकिन व्यापकता के ख्याल से इसे यहां तक लाया गया।

व्यापकता का हाल अभी कुल मिलाकर यह है कि उच्च स्तरीय समिति ने 47 पार्टियों के प्रतिनिधियों से बातचीत करने की जानकारी अपनी रिपोर्ट में दी है जिसमें 32 ने 'एक देश एक चुनाव' के पक्ष में और 15 ने इसके विरोध में अपनी राय दी है,लेकिन पार्टियों के नाम पर गौर करें तो ऐसा एक भी दल नहीं दिखता,जो राजनीतिक रूप से बीजेपी का विरोधी हो मगर उसकी राय इस मुद्दे पर सरकारी प्रस्ताव के साथ हो,जो पार्टियां अपनी किसी न किसी मजबूरी में बीजेपी के साथ हैं,वे इस मुद्दे पर भी उसके साथ हैं। बाकी का मानना है कि लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय चुनाव पूरे देश में एक साथ कराना न सिर्फ क्षेत्रीय दलों और आकांक्षाओं के लिए हानिकर होगा,उन्हें अप्रासंगिक बना देगा,बल्कि भारत के विराट सांस्कृतिक वैविध्य पर भी यह एक दिन पाटा फेर देगा। इसके जवाब में सरकारी पक्ष का कहना है कि विपक्षी दल इस मुद्दे पर बेकार का वितंडा खड़ा कर रहे हैं,क्योंकि 'एक देश एक चुनाव' की व्यवस्था तो 1967 तक भारत में चल ही रही थी। सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव उस समय तक लोकसभा चुनाव के साथ ही होते थे और पंचायती राज वाली मौजूदा व्यवस्था तब तक बनी ही नहीं थी। वह तो 1967 में कई राज्यों में मिली-जुली कांग्रेस विरोधी सरकारें बनीं,जो जल्द ही कांग्रेस की कोशिशों के चलते ही गिर गईं और हर राज्य में अलग-अलग समयों पर विधानसभा चुनाव कराए जाने की परंपरा चल पड़ी।

जो भी हो, हकीकत फिलहाल यही है कि बीजेपी के अलावा देश में कोई भी पार्टी ऐसी नहीं है जिसके पास एक साथ होने वाला देशव्यापी त्रि-स्तरीय चुनाव लड़ने लायक संसाधन और कार्यकर्ता मौजूद हों और बीजेपी ने भी यह ढांचा अपने दम पर नहीं खड़ा किया है। 1925 में स्थापित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने सौ साल की लगातार कोशिशों से गांव-गांव, गली-गली में कार्यकर्ताओं का ढांचा तैयार किया है। बाकी पार्टियों का जमीनी ढांचा चुनाव के समय ही नजर आता है,वह भी तब जब वे सरकार में हों या सरकार बनाने की नजदीकी होड़ में शामिल हों। इस व्यावहारिक समस्या को और इससे जुड़े एकदलीय-एक सांस्कृतिक शिकंजे के खतरे को एक तरफ रख दें तो सारे चुनाव एक साथ कराने की बात में कुछ सैद्धांतिक समस्याएं भी जुड़ी हैं। आकार के मामले में दुनिया में भारतीय लोकतंत्र की कुछ बराबरी अमेरिका के साथ ही खोजी जा सकती है,जहां हर दो साल पर बड़ी चुनावी हलचलें देखने को मिलती हैं। राष्ट्रपति चुनाव चार साल पर होते हैं,लेकिन जैसे ही अमेरिकी राष्ट्रपति का कार्यकाल आधे पर पहुंचता है,बहुत बड़े पैमाने पर गवर्नरों और सीनेटरों के चुनाव होते हैं। इन चुनावों में ऐसा अक्सर होता है कि राष्ट्रपति की पार्टी संसद के दो में से एक सदन में या कभी-कभी दोनों में ही अल्पमत में आ जाती है। चलताऊ जुबान में लोग इसे राष्ट्रपति का कुड़क मुर्गी वाली स्थिति में पहुंच जाना कहते हैं,लेकिन इसे अपने सिस्टम की शक्ति मानते हैं।

अमेरिका से तुलना करके देखें तो भारत में राजनीतिक व्यवस्था की समस्या कुछ और है, जिस पर हमारे यहां कोई बात ही नहीं होती। यह समस्या है पार्टियों में स्थानीय जनतंत्र की संपूर्ण अनुपस्थिति। अमेरिका में दोनों प्रमुख पार्टियों की टोला-मोहल्ला स्तर की समितियां हैं और पूरे धूमधाम से उनके चुनाव होते हैं। जितनी चर्चा वहां राष्ट्रपति चुनाव की होती है,उतनी ही दोनों पार्टियों की, खासकर चुनौती देने वाली पार्टी के उम्मीदवार के चुनाव की भी होती है।

कैसी विडंबना है कि दुनिया की और ब्रह्मांड की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करने वाले भारतीय दलों में ऐसे भीतरी चुनावों की कोई परंपरा ही नहीं है। पार्टी का पूरा ढांचा ऊपर से या कहीं बाहर से मनोनीत किया गया होता है। ऐसे में लोकतंत्र के सारे हल्ले के बावजूद भारत की राजनीतिक व्यवस्था किसी न किसी की मनमानी पर ही टिकी है। जड़ में घुन जैसी इस बीमारी का इलाज क्या 'एक देश, एक चुनाव' जैसे किसी ऊपरी नुस्खे से हो जाएगा?

## प्रसंगवश

# फुरसत एक हसरतें अनेक

बड़े फुरसत से आए हो,फुरसत मिली तो सोचा मिलता चलूं,फुरसत ही कहां मिली,मरने की भी फुरसत नहीं,फुरसत ही नहीं मिलती,बड़े दिनों के बाद फुरसत के ये पल नसीब हुए हैं,कितनी मुश्किल से आज फुरसत का यह पल निकाला है। जैसे जुमलों के बीच फुरसत शब्द अपने आप में बड़ा ही सुकूनदायक है,रोमांचकारी है। भागती- दौड़ती जिंदगी की पटकथा में लगने वाला अल्पविराम है यह। एक फुरसत है और इसको खर्च करने के अनेक विकल्प। फुरसत की जल्द ढल जाने वाली शाम कई रास्तों की ओर फिसल, फिसल जाना चाहती है।

इन क्षणों का आनंद आपके अंदर जिस आनंद,जिस सकारात्मकता का समावेश करता है,उसका भौतिक मूल्यांकन संभव नहीं।

फुरसत मिली तो यह कर डाला,फुरसत मिली तो आज लॉन्ग ड्राइव पर निकल गए,फुरसत मिली तो आज यह चित्र पूर्ण उकेरन को पा गया,फुरसत मिली तो आज यह सिनेमा देख ली,फुरसत मिली तो आज इस पुस्तक को पढ़ डाला,फुरसत निकाल कर हम उनसे मिलने गए। मतलब एक फुरसत और अनेक हसरतें। यह फुरसत आपको जाड़े की गुनगुनी धूप में बैठने का आनंद देता है तो मदमाती चांदनी में नहाने का भी। उत्तम स्वास्थ्य हेतु श्रम और विश्राम का सधा हुआ संतुलन फुरसत लेकर आता है। आप इन पलों में वे करते हैं,जो आप सच में करना चाहते हैं,जिसे कर आपको जीवन जीने का सबसे सुखद अनुभव होता है।



रीता रानी
जमशेदपुर, झारखंड

इन क्षणों का आनंद आपके अंदर जिस आनंद,जिस सकारात्मकता का समावेश करता है,उसका भौतिक मूल्यांकन संभव नहीं। एक फुरसत आपको संगीत ,कैनवास, बागवानी,सैर -सपाटा, चलचित्र की ओर खींचे लिए बढ़ जाता है। एक फुरसत और अनेक रचनात्मकता के द्वार। लगातार काम के बाद ये केवल आराम के पल नहीं होते,बल्कि वे पल होते हैं जिनमें आप अपने सपनों के साथ जीते हैं। क्षमता फिर से उर्जान्वित होती है और जिंदगी उदास,नीरस व बोझिल होने से बच जाती है।

# ताकि लोकतंत्र रहे बेदाग



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

राजनीति में अपराध का समावेश लोकतंत्र पर एक धब्बा है और यह धब्बा सबसे ज्यादा अगर किसी को नुकसान पहुंचता है तो वह है-देश की जनता।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र का सीधा सा अर्थ है-जनता का शासन। किसी लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव वहां आयोजित होने वाले चुनाव होते हैं। किसी भी लोकतंत्र की सफलता के लिए उसका अपराध के कलंक से दूर रहना नितांत आवश्यक है। हाल ही में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट यह कहती है कि निवर्तमान 514 लोकसभा सदस्यों के द्वारा प्रस्तुत किए गए चुनावी हलफनामों में 225 सदस्यों के द्वारा अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की घोषणा की गई है। यह संख्या कुल सदस्य संख्या का लगभग 44 प्रतिशत है। इनमें से पांच प्रतिशत ऐसे हैं जिनकी संपत्ति 100 करोड़ रुपए से अधिक है। रिपोर्ट बताती है कि आपराधिक मामलों वाले निवर्तमान सांसदों में 29 प्रतिशत ऐसे हैं जिनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। ये मामले हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध एवं सांप्रदायिक तनाव को बढ़ाने जैसे गंभीर कृत्यों के खिलाफ दर्ज किए गए हैं। नौ सांसद ऐसे भी हैं जिनके खिलाफ हत्या के मामले दर्ज हैं। जबकि 28 ऐसे हैं जिनके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

इसके अतिरिक्त रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि 16 निवर्तमान सांसदों के विरुद्ध महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं, वहीं तीन के खिलाफ बलात्कार के मामले भी दर्ज हैं। कितनी चिंताजनक रिपोर्ट है यह। जरा कल्पना कीजिए कि हमारे देश के कर्णधारों में से 50 प्रतिशत ऐसे हैं,जो अपराधी हैं अथवा जिनकी छवि में कहीं न कहीं दाग लगा हुआ है। क्या यह स्थिति देश के विकास एवं प्रगति में सहायक होगी। क्या अपराध के छींटों को आगे बढ़ाकर हम भारत की छवि को विश्व पटल पर बेदाग रूप में स्थापित कर पाएंगे। राज्यों के मामले में रिपोर्ट यह कहती है कि उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसद आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। निस्संदेह यह एक बेहद गंभीर स्थिति है, किंतु ऐसी स्थिति आखिरकार कैसे उत्पन्न हुई। यह एक कड़वा सच है कि इन स्थितियों को जन्म देने वाले स्वयं हम एवं हमारा तंत्र है।

यहां पर विचारणीय प्रश्न यह उठता है कि अपराध में संलिप्त लोगों को लोकतंत्र की कमान कैसे मिल जाती है? कोई भी राजनीतिक पार्टी अपने एजेंडे के पहले बिंदु के रूप में इस संकल्प को क्यों नहीं शामिल करती कि वह जुर्म की दुनिया से जुड़े किसी भी शख्स को पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं प्रदान करेगी। अंततः देश की जनता भी अपराध के प्रतीक ऐसे चेहरों को अपने प्रतिनिधि के रूप में क्यों चुन लेती है? जनप्रतिनिधि के चयन की कसौटियां शायद आज बदल चुकी हैं। यही वजह है कि आपराधिक गतिविधियों से जुड़े हुए व्यक्ति भी लोकतंत्र के मसीहा बनने का सौभाग्य बड़ी आसानी से प्राप्त कर ले रहे हैं।

जनता जनार्दन भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय उन लक्ष्यों एवं एजेंडों को ध्यान में नहीं रखती जोकि समग्र विकास एवं उन्नति का मार्ग प्रशस्त करते हैं,लिहाजा जुर्म से जुड़े हुए लोग बड़ी आसानी से लोकतंत्र के महल की राह खोज लेते हैं। जहां लोकसभा एवं विधानसभा में एक प्रत्याशी के लिए खर्च की अधिकतम सीमा क्रमशः 95 लाख एवं 40 लाख रुपए निर्धारित की गई है,वहीं दूसरी तरफ वास्तविकता तो कुछ और ही रहती है। प्रत्याशियों के द्वारा चुनाव जीतने के लिए बेतहाशा पैसा खर्च किया जाता है। जनता का कुछ प्रतिशत ऐसा भी है जिसको धन के माध्यम से खरीदने का प्रयास किया जाता है और यह वर्ग भी लालच अथवा अपनी मजबूरी के वशीभूत होकर अपना मत बेचने पर सहमत हो जाता है।

राजनीति में अपराध का समावेश लोकतंत्र पर एक धब्बा है और यह धब्बा सबसे ज्यादा अगर किसी को नुकसान पहुंचता है तो वह है-देश की जनता। जब तक अपराध राजनीति में किसी न किसी रास्ते से प्रवेश पाता रहेगा तब तक देश के हालात सुधरने वाले नहीं हैं। इन चुनौतियों से निपटने का उपाय यही है कि अपराधियों के राजनीति में प्रवेश पर पूर्ण पाबंदी हो एवं जनता भी अपने मत का सदुपयोग बेखौफ होकर एवं सोच विचार कर करे।

## सोशल फोरम

# सबसे बड़ा रोड़ा

दुआ और प्रार्थना में भले ही आपसी झगड़े हों,लेकिन गति दोनों की एक सी ही है। लाखों फलस्तीनियों का जो हाल है वो बद से बदतरीन होता जा रहा है। किस इस्लामिक मुल्क के मुस्लिम इनके लिए दुआ नहीं मांगते होंगे। इस ईद पर सारे इस्लामी मुल्क उनके लिए फिर एक बार दुआ करेंगे, लेकिन कोई दुआ असर करती नजर नहीं आती। अब या तो दुआ मांगने वालों में ही कोई खोट है या ये एक गलतफहमी है कि दुआ से कुछ होता है।




तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

यही हाल प्रार्थनाओं का हैं। करोड़ों लोग रोज प्रार्थना करते हैं। खैर किसी की प्रार्थना/दुआ के बारे में बहुत दावा नहीं कर सकता,लेकिन मेरी एक प्रार्थना आज तक पूरी नहीं हुई और अगर कहीं ये पूरी हो जाए तो देश की आधी समस्याएं छू मंतर हो जाएंगी। अपनी इस प्रार्थना के पीछे की कहानी कहना भी थोड़ा जरूरी है। वरना आप समझ नहीं पाएंगे। हुआ यूं कि एक नए शहर में मेरी बदली हुई। शहर में मुझे कुछ पाइप खरीदने थे तो दुकानदार ने कहा कि चलिए अपने गोदाम से दे देता हूं। उसका गोदाम भी सरकारी जगह घेर कर बनाए धर्म स्थल के अंदर ही था। धार्मिक स्थलों के नाम पर जगह घेर उनका व्यवसायिक उपयोग बहुत सामान्य बात है। किसी भक्त को इससे कोई कष्ट नहीं होता। हमारे शहर में टाटा कंपनी ने लोगों के सार्वजनिक उपयोग के लिए बहुत सी खाली जगह छोड़ रखी थी, लेकिन धंधेबाजों ने हर जगह धर्म स्थल खड़े कर दिए। एक ही लाइन से पास-पास तीन चार धर्म स्थल देख अफसोस होता है।

कायदे से हम उतने धार्मिक नहीं जितना होने का दिखावा करते हैं और जितने धर्म स्थल बना डालते हैं। इस सार्वजनिक पैसे से इन खुली जगहों पर जनता के हित में अनेक काम किए जा सकते हैं,लेकिन धंधेबाजों को इससे क्या मतलब और शायद भक्तों को भी इससे कोई तकलीफ नहीं। चलते रास्तों को अवरुद्ध कर जिस तरह धर्म स्थल इस देश में बनाए गए हैं। ऐसे धर्म स्थलों के सामने से मैं जब भी गुजरता हूं तो एक बार वहां के ऊपर वाले से अपने भक्तों को ज्ञान देने की प्रार्थना/दुआ जरूर करता हूं। अब ब्राह्मण तो मैं हूं नहीं वरना श्राप (बदुआ) जरूर दे देता। वैसे इस कलियुग में दुआ, प्रार्थना और श्राप की एक ही गति है। ये सब मानसिक स्खलन से ज्यादा कुछ भी नहीं। **-फेसबुक वॉल से**

# लोकप्रिय संस्कृति और लोक संस्कृति



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आज की व्यावसायिकता ने इस लोकनृत्य की पवित्रता को खत्म कर इसे एक 'डिस्को कल्चर' में बदल दिया। श्रद्धा का स्थान अब एक भोंडी लोकप्रियता ने ले लिया है।

लोक साहित्य अथवा लोक संस्कृति सामान्यजन की रचना होती है,समष्टिजन की रचना होती है,उसकी एक निरंतर परंपरा होती है तथा उसकी चेतना सर्वमंगल से परिपूर्ण होती है,सब के भले में भला। लोक गीत,लोक कहानी, गाथा और पुराण पूरे समाज की थाती होती है तथा समाज उनके द्वारा मनुष्य के प्रति तथा मनुष्य की प्रकृति के प्रति दृष्टिकोण और व्यवहार को नियमित निर्धारित करता है।

लोक कथा प्रक्रिया या समष्टि प्रक्रिया में संपूर्ण समाज या संपूर्ण लोक जीवन की भागीदारी होती है। लोक साहित्य की चेतना सर्वजन चेतना है। इसके विपरीत लोकप्रिय संस्कृति की रचना व्यावसायिक कलाकारों द्वारा होती है। हालांकि वे अपनी वस्तु,विचार और अभिव्यक्ति शिल्प लोक संस्कृति से ही प्राप्त करते हैं और उनके द्वारा लोगों को आकर्षित भी करते हैं। अधिक श्रोता और दर्शकों को पाने की होड़ में वे सेक्स, अपराध और दुस्साहसिक प्रवृत्तियों और प्रकृत जीवन को भी लोकप्रिय संस्कृति में समाविष्ट कर लेते हैं। अभिजात वर्ग विकसित देशों के जीवन की होड़ करता है तथा लोकप्रिय संस्कृति इस वर्ग की नकल करती है। लोक संस्कृति की प्राचीन परंपरा का विवेक, दर्शन और सहज ज्ञान तो लोकप्रिय संस्कृति में नहीं होता है,क्योंकि लोकप्रिय संस्कृति भोगवादी है। वह आध्यात्मिक प्रेरणा देने में असमर्थ है,उसमें आंतरिक प्रेरणा का स्रोत नहीं है। वह व्यक्ति स्वार्थ से प्रेरित है। आह और कराह के भी पैसे लिए जाते हैं। लोक संस्कृति में सभी दर्शक सभी पात्र स्वतः प्रेरित हैं। जबकि लोकप्रिय संस्कृति में कुछ किराए पर लाए गए पात्र स्टेज पर हैं,बाकी उस दृश्य के उपभोक्ता हैं।

लोकप्रिय साहित्य के अंग-उपांग लोकजीवन की नकल से बनते हैं, लोकजीवन से राग या लय ले ली, शैली ग्रहण कर ली,कहानी ले ली,लेकिन उसकी चेतना लोक चेतना नहीं होती,वह वर्ग या व्यक्तिचेतना होती है, उसमें लोकहित के आवरण में व्यक्ति या वर्ग स्वार्थ की चेतना होती है। उससे कमाई करना,दोहन और शोषण करना। उदाहरण के लिए लोकनृत्य गरबा को देखें, गरबा मूलतः एक आनुष्ठानिक लोकनृत्य है। गो ब्रजरमण लालजी की ब्रजयात्रा का अवसर था। गुजराती महिलाएं यात्रा कर रही थीं,मधुवन का पड़ाव था, यात्रा लौट करके जल्दी आ गई। संध्या के समय महिलाओं ने गरबा का आयोजन किया, कितना भक्तिभाव-विभोर नृत्य था, जैसे जसोदा का लाला उनके साथ मौजूद है। वे बार-बार भावों में उसकी बलैया लेती नाच रही थीं।

आज की व्यावसायिकता ने इस लोकनृत्य की पवित्रता को खत्म कर इसे एक 'डिस्को कल्चर' में बदल दिया। श्रद्धा का स्थान अब एक भोंडी लोकप्रियता ने ले लिया और अब वह एक युगल 'क्लब डांस' बन चुका है। लोकप्रिय गरबा ने मध्यम वर्ग व महिलाओं को इससे दूर कर दिया,इनकी जगह किशोर या युवा वर्ग आ गया है। डांडिया खेलने वालों में अधिकतर 18-25 वर्ष के लोग नजर आते हैं। सुना है कि अब उसमें शामिल होने की टिकट भी बेची जाती है। यही बात हम फिल्म के क्षेत्र में देख रहे हैं। लोक साहित्य और लोकप्रिय साहित्य में वही अंतर है,जो एक जमाने के राष्ट्रीय नेताओं की स्वतः स्फूर्त जनसभा और आज की रैली (जिसमें किराए की भीड़ जुटाई जाती है) में है।

# कौन संभालेगा बिजनेस

करोल बाग के अजमल खान पार्क में सुबह तीन दोस्त घूमने के बाद एक बैंच पर बैठे हैं। कायदे से लंबी सैर के बाद इन सबको खुश होना चाहिए,पर सबके चेहरे पर तनाव की लकीरों को पढ़ा जा सकता है। इन सबकी चिंता एक जैसी है। इनके बच्चे अपने फैमिली बिजनेस का हिस्सा नहीं बनना चाहते। वे कुछ हटकर करना चाहते हैं या करने ही लगे हैं। इस कारण से जमे-जमाए हुए बिजनेस पर संकट आ गया है। कुछ के बच्चे भारत से बाहर कनाडा, अमेरिका, दुबई या आस्ट्रेलिया में सेटेल हो गए हैं,जो बाहर चले गए हैं,वे वापस आने को तैयार नहीं हैं।

ये स्थिति सिर्फ करोल बाग में ही नहीं है। ये सारी दिल्ली में हो रहा है। दर्जनों बिजनेस करने वाले परिवारों के बच्चे अपने तरीके से जिंदगी जीना चाहते हैं। वे उसी लाइन पर चलने को राजी नहीं हैं,जो उनके बड़े-बुजुर्गों ने खींची है। लाजपत नगर सेंट्रल मार्केट और विकास मार्ग में अपने स्थापित कपड़ों और ज्यूलरी के शो-रूम चला रहे कई परिवार अब अन्य विकल्पों के बारे में सोच रहे हैं। एक विकल्प यह है कि वे अपने स्पेस को रेंट पर दे दें। कुछ समय पहले करोल बाग में एक पुराने स्थापित साउथ इंडियन रेस्तरां और ड्राई फ्रूट की दुकान को रेंट पर दे दिया गया है। इसकी वजह वही है। नई पीढ़ी अपने परिवार के बिजनेस को करने में दिलचस्पी नहीं ले रही।



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

दरअसल जिन्हें अपने परिवार के बिजनेस को संभालना चाहिए था,वे सुबह 10 बजे से रात के 9-10 बजे तक शो-रूम में बैठने को तैयार नहीं हैं। कनॉट प्लेस के एक प्रसिद्ध शूज शोरूम के मालिक जॉर्ज च्यू भी अपने शोरूम पर ताला लगाने के बारे में सोचने लगे थे जब उनका बड़ा बेटा कुछ साल पहले कनाडा सेटेल हो गया था। छोटे बेटे के पास आईआईटी, दिल्ली से बी.टेक की डिग्री लेने के बाद देश-दुनिया से नौकरियों के बहुत सारे शानदार प्रस्ताव थे। वह टॉपर टाइप था आईआईटी में। उसने पिता की चिंता को समझा और वह अपने शोरूम को देखने लगा जिसे उसके दादा ने 1937 में शुरू किया था। बिजनेसमैन नरेन भीखूराम जैन का परिवार दिल्ली में एक सदी से भी अधिक समय से बिजनेस कर रहा है। उन्हें हर दूसरे-तीसरे दिन उनका कोई जान-पहचान का व्यक्ति वही बात बताता है जिसकी वजह से न जाने कितने व्यापारियों की पेशानी से पसीना निकल रहा है। नरेन के पिता भीखूराम जैन दिल्ली से सांसद भी रहे थे। स्थिति यह हो चुकी है कि दशकों से जमा हुआ बिजनेस करने वाले कई परिवार भी अपने कारोबार के भविष्य को लेकर परेशान हैं। उनके कामकाज को आगे लेकर जाना वाला कोई नहीं है। हालांकि काम सही चल रहा है और मुनाफा कमाकर दे रहा है।

आज से करीब बीसेक साल पहले कनॉट प्लेस का मशहूर नरूलाज रेस्तरां बंद हो गया था। वह तब अपनी लोकप्रियता के पीक पर था। नरूलाज के पिज्जा, आइसक्रीम, चाइनीज फूड, पेस्ट्रीज, केक वगैरह के जायके लाजवाब होते थे। कनॉट प्लेस का 1933 में श्रीगणेश हुआ और उसके अगले ही साल 1934 में एल ब्लाक में लक्ष्मी चंद नरूला तथा मदन नरूला ने नरूलाज होटल शुरू कर दिया। नरूलाज में 1950 में 'चाइनीज रूम' नाम से चाइनीज रेस्तरां शुरू हुआ। इसे राजधानी का पहला चाइनीज रेस्तरां माना जाता है। इसके बंद होने की वजह थी कि नरूलाज के मालिकों के बच्चे भारत से बाहर सेटेल हो गए थे व उम्र दराज होने लगे थे। आखिर में उन्होंने अपना सारा बिजनेस समेट लिया,पर अब तो नरूलाज जैसे हालात बहुत व्यापक स्तर पर पैदा हो रहे हैं। इसका क्या हल है,यह चिंता न जाने कितने कारोबारी परिवारों को खाए जा रही है।

# भाजपा के गढ़ में बसपा के बागी पर कांग्रेस का दांव

अनंत कृष्णन, मऊ


पूर्वांचल के वीआईपी जिलों की श्रेणी में आने वाले गोरखपुर जिले की बांसगांव सुरक्षित लोकसभा सीट पर चाय-पान की दुकानों में इस बार भी मुकाबला कांटे का ही होने की उम्मीद जताई जा रही है। यहां भाजपा ने तीन बार से लगातार जीत रहे कमलेश पासवान पर जहां पुनः भरोसा जताया है तो इंडिया गठबंधन की प्रमुख पार्टी कांग्रेस ने बसपा के बागी सदल प्रसाद पर दांव लगाया है। सदल प्रसाद 2004, 2014 और 2019 के चुनाव इस सीट पर हार चुके हैं। लेकिन 2014 व 19 में उनकी हार का अंतर कम रहा था। बसपा ने अभी इसी सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं।


**बांसगांव संसदीय सीट**

बांसगांव से भाजपा प्रत्याशी सांसद कमलेश पासवान को अपने विकास कार्यों और मोदी की गारंटी के साथ राम मंदिर से बने माहौल में आश्वस्त हैं कि वह जीत का चौका लगाने में कामयाब होंगे। कमलेश पासवान भाजपा के उन सांसदों में हैं, जिनकी संसद में उपस्थिति 75 प्रतिशत रही है। उन्होंने पिछले कार्यकाल में संसद में लिखित व मौखिक रूप से 150 से अधिक सवाल पूछे थे। उनके मुकाबले इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार चुनाव जीतने के लिए रात दिन एक कर रहे हैं। सदल प्रसाद को उम्मीद है कि इस बार उन्हें संसद में पहुंचने का रास्ता मिल जाएगा। हालांकि हर किसी की निगाह बसपा के हाथी की चाल पर लगी हुई है कि जातीय समीकरणों के लिहाज से वह किस करवट बैठेगा।

- जीत का चौका लगाने के लिए भाजपा प्रत्याशी सांसद कमलेश पासवान कर रहे जी तोड़ मेहनत
- लगातार दो बार से बसपा के टिकट पर लड़ रहे सदल प्रसाद इस बार कांग्रेस-सपा गठबंधन से दे रहे चुनौती

**75%** रही है संसद में कमलेश पासवान की उपस्थिति






कांग्रेस नेता महावीर प्रसाद यहां से चार बार चुने जा चुके सांसद, 1980, 84 और 89 के बाद 2004 में जीते

## किस विस में कितने मतदाता

- बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 21,96,918 है। चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3,55,437 हैं। पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,91,459 और महिला मतदाताओं की संख्या 1,63,938 है। बांसगांव विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3,79,709 है। इनमें पुरुष 2,07,012 और महिला 1,72,680 हैं। चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 4,36,617 हैं। इनमें पुरुष 2,34,961 और महिला मतदाता 2,01,650 हैं। रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3,16,397 हैं। इनमें पुरुष 1,63,109 और महिलाएं 1,53,274 हैं। बरहज में कुल मतदाता 3,18,481 हैं। इनमें पुरुष मतदाता 1,64,338 और महिला मतदाता 1,54,132 हैं।



## सदल प्रसाद का अपना आधार



- कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद का क्षेत्र में अपना मजबूत आधार है। उनकी बसपा के काडर वोट पर मजबूत पकड़ है। वे बसपा के परंपरागत मतदाताओं से लगातार संपर्क कर रहे हैं। सदल प्रसाद 2004 में महावीर प्रसाद से 16 हजार से अधिक वोटों से हारे थे। 2009 में प्रदेश सरकार में मंत्री होने के कारण सदल प्रसाद लोकसभा चुनाव नहीं लड़े थे। हालांकि उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि बसपा यहां दूसरे और कांग्रेस के महावीर प्रसाद चौथे नंबर पर चले गए थे।

### बसपा का नहीं खुला खाता

- इस सीट पर बसपा का अभी तक खाता नहीं खुला है। पार्टी सदल प्रसाद के दम पर ही इस सीट को जीतने की लगातार कोशिश करती रही पर उसे सफलता नहीं मिली। अब देखना यह है कि पार्टी यहां किस चेहरे पर दांव लगाती है।



### पांचों विधानसभा में भाजपा के विधायक

बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में गोरखपुर की चौरीचौरा, बांसगांव, चिल्लूपार और देवरिया जिले की रुद्रपुर और बरहज विधानसभा सीटें आती हैं। इस क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जबरदस्त प्रभाव है। उनकी कड़ी मेहनत और क्षेत्र के विकास की वजह से ही पार्टी के पास यहां पांचों विधानसभाओं में भाजपा के विधायक हैं।

### मोलहू प्रसाद का अनोखा प्रचार

बांसगांव लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार का एक अलग अंदाज 1967 के लोकसभा चुनाव में मोलहू प्रसाद ने दिखाया था। वह साइकिल पर सवार होकर खजड़ी बजाते, लोक गीत गाते हुए क्षेत्र में निकलते और लोगों से मिलते थे। मोलहू प्रसाद सांसद चुन लिए गए थे।

## बांसगांव सीट : जीत-हार का इतिहास

- बांसगांव सीट पर 1952 और 1962 के चुनाव में कांग्रेस को जीत मिली थी। इसके बाद यहां से संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी ने जीत दर्ज की। 1971 में यह सीट पुन: कांग्रेस के खाते में आई लेकिन 1977 में जनता पार्टी की लहर में कांग्रेस को यह सीट गंवानी पड़ी थी।
- 1980 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस के महावीर प्रसाद ने यहां जीत दर्ज की और वे लगातार तीन चुनाव जीतने में कामयाब हुए। इस सीट को कांग्रेस का गढ़ माना जाने लगा था। लेकिन 1991, 1996, 1998 और 1999 के चुनावों में कांग्रेस को यहां करारी हार झेलनी पड़ी।
- 2004 के लोकसभा चुनाव में शाइनिंग इंडिया का नारा फेल होने के बाद कांग्रेस के महावीर प्रसाद पुन: जीते। पर 2009 में यह सीट भाजपा के पास चली गई। कमलेश पासवान यहां से सांसद बने और लगातार जीत रहे हैं।



**13495** वोट पड़े थे नोटा में वर्ष 2014 के चुनाव में

**14093** नोटा को वोट 2019 के लोकसभा चुनाव में

**03** नंबर पर थे 2019 चुनाव में नोटा के मिले वोट

**17** प्रदेश की आरक्षित सीटों में यहीं भाजपा प्रत्याशी चौथी बार

### राम लहर में खुला भाजपा का खाता

- 1991 की राम लहर में यह सीट भाजपा के खाते में आई। 1996 में जब चुनाव हुआ तो समाजवादी पार्टी ने यहां से भाजपा के वर्तमान सांसद कमलेश पासवान की मां सुभावती पासवान को यहां से मैदान में उतारा और वह जीत गईं। तब सुभावती को सहानुभूति का लाभ मिला था क्योंकि उनके पति पूर्व विधायक ओमप्रकाश की हत्या हो गई थी। हालांकि 1998 और 1999 में यह सीट पुन: भाजपा के कब्जे में आई। सुभावती पासवान यहां से लगातार हारीं तो उन्होंने राजनीतिक विरासत पुत्र कमलेश पासवान को सौंप दी। 2009 के लोकसभा चुनाव से पहले कमलेश ने गोरक्षपीठ का रुख किया और भाजपा में शामिल होकर चुनाव लड़ा और ऐसा जीते कि तीन बार से जीत रहे हैं।

## राष्ट्रीय दलों का पंजाब के साथ हमेशा उपेक्षा भरा बर्ताव

**लुधियाना।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने राष्ट्रीय दलों पर हमला बोलते हुए कहा है कि वे पंजाब को ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रांत जैसा मानते हैं और इसे 'हड़पना' चाहते हैं। उन्होंने राज्य में फ्लाईओवर, पुल, सीवरेज सिस्टम और सौंदर्यीकरण परियोजनाओं जैसे प्रमुख बुनियादी ढांचों पर बात करते हुए दावा किया कि ऐसे सभी काम शिअद कार्यकाल के दौरान हुए थे। बादल पंजाब के पूर्व मंत्री जगदीश सिंह गरचा के स्वागत समारोह में बोल रहे थे, जो चार साल के अंतराल के बाद गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) में लौट आए। बादल ने कहा कि राष्ट्रीय दल पंजाब को ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रांत के रूप में मानते हैं और राज्य के लोगों का दिल जीतने की कोशिश करने के बजाय इसे अपने कब्जे में लेना चाहते हैं। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा का शिअद के लिए पंजाब और पंजाबियों के हितों की रक्षा सर्वोपरि है। हम राष्ट्रीय पार्टियों की तरह पंजाब के मूल मुद्दों पर कभी समझौता नहीं कर सकते। कानून-व्यवस्था के मुद्दे को लेकर आप सरकार पर निशाना साधते हुए बादल ने कहा, एक बार शिरोमणि अकाली दल के सत्ता में लौटने पर कोई भी गैंगस्टर या उनके संरक्षक राज्य में नहीं रहेंगे। मादक पदार्थों के खतरे को खत्म करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आप के सात वर्षों के शासन के दौरान, विकास कार्यों में रुकावट का सामना करना पड़ा, नागरिक बुनियादी ढांचा तक बदहाल है। बादल ने यह भी कहा कि आप और कांग्रेस पंजाब में 'छद्म युद्ध' में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये दोनों पार्टियां केंद्र में गठबंधन में हैं और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हाल ही में दिल्ली में कांग्रेस नेतृत्व के साथ मंच भी साझा किया था। लेकिन दोनों पार्टियां पंजाब में लोगों को गुमराह कर रही हैं।


सुखबीर सिंह बादल



**सबका ख्याल** नागपुर में लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए एक दुकान पर विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित प्रचार सामग्री को तैयार करने में जुटा कारोबारी।

## संजय निरुपम नवरात्र में करेंगे खुलासा

**मुंबई।** कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता संजय निरुपम को अनुशासनहीनता में निष्कासित कर दिया है, हालांकि निरुपम का दावा है कि वह पार्टी से पहले ही इस्तीफा दे चुके थे। अब संजय निरुपम ने साफ कर दिया है कि वह इस बार भी लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे और उत्तर पश्चिम मुंबई लोकसभा सीट से ही लड़ेंगे। वह निर्दलीय उम्मीदवार के लिए रूप में नहीं, बल्कि किसी पार्टी के टिकट पर उतरेंगे। इसके लिए सभी को नवरात्र तक इंतजार करना चाहिए। अभी तक के संकेतों में वह भाजपा या उसके किसी सहयोगी दल में जा सकते हैं। संजय निरुपम ने गुरुवार को कहा था कि महाराष्ट्र में मुंबई की उत्तर पश्चिम सीट से खिचड़ी चोर अमोल कीर्तिकर को उम्मीदवार बनाया है। महा विकास अघाड़ी के इस प्रत्याशी को वह कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

## भाजपा की हैट्रिक रोक पाएगी कांग्रेस!

महेश शर्मा

**गाजियाबाद।** दिल्ली की करवट में बसे गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ना शुरू दिया है। यहां से वर्तमान सांसद जनरल (रि) वीके सिंह की जगह भाजपा ने हापुड़ के अतुल गर्ग को मैदान में उतारा है। उनके प्रचार अभियान को धार देने के लिए गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी कानपुर के एमएलसी मानवेंद्र सिंह प्रवास कर रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को रोड शो करके यहां मतदाताओं को रिझाएंगे। दूसरी तरफ सपा समर्थित कांग्रेस की डॉली शर्मा मैदान में हैं। हालांकि यहां बसपा का भी प्रत्याशी है, लेकिन शुरुआती तस्वीर में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई नजर आ रही है।

परिसीमन के बाद बनी गाजियाबाद लोकसभा सीट पर पहला चुनाव 2009 में हुआ था। भाजपा अध्यक्ष रहे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह यहां से विजयी हुए थे। हालांकि वह 2014 में लखनऊ से लड़ने चले गए थे। इस पर पार्टी ने यहां से पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल (रि) को उतारा। वह चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। गाजियाबाद 23 लाख मतदाताओं के कारण देश के बड़े लोकसभा क्षेत्रों में शामिल है। इसमें लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद और धौलाना विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यह क्षेत्र अब भाजपा की परंपरागत सीट बन चुका है। पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने 9,44,503 वोट पाकर करीब पांच लाख मतों से सीट जीती थी। सपा-बसपा के प्रत्याशी सुरेश बंसल को 4.43 लाख मत ही मिले थे। 2014 में भी जनरल वीके सिंह जीते थे, तब कांग्रेस के राज बब्बर को 1.91 लाख ही वोट मिले थे। इस बार भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग हापुड़ के हैं। हरियाणा के भिवानी के रहने वाले जनरल वीके सिंह (रि) दो बार तो परिसीमन से पहले आगरा निवासी डा.रमेश चंद्र तोमर चार बार सांसद चुने गए। गाजियाबाद को पूर्व सीएम एनडी तिवारी ने नेहरू जयंती पर 14 नवंबर 1976 को जिला घोषित किया था। कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा इसे उपलब्धि बताती हैं। 2019 के चुनाव में वह 1.12 लाख वोट पाकर तीसरे नंबर पर रही थीं।

इस लोकसभा क्षेत्र में सात बार भाजपा, पांच बार कांग्रेस का कब्जा रहा। 1952 में यह हापुड़ लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा था। कृष्णचंद शर्मा, प्रकाशवीर शास्त्री, बीपी मौर्य, कुंअर महसूद अली, केसी त्यागी जैसे दिग्गजों ने यहां से लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया है। 72 फीसदी हिंदू आबादी के कारण यहां हिंदुत्व की लहर का खासा असर रहता है। गाजियाबाद मे छह लाख ब्राह्मण, तीन-तीन लाख वैश्य और जाटव हैं। ढाई लाख राजपूत व ठाकुर और दो लाख जाट मतदाता हैं। बसपा जाटव व मुसलमान वोटरों पर असर डालती है तो यह लड़ाई त्रिकोणात्मक भी हो सकती है।

- मतदाताओं को रिझाने के लिए पीएम मोदी आज करेंगे रोड शो
- पिछले चुनाव में भाजपा यहां करीब पांच लाख वोटों से जीती थी

### गाजियाबाद में मोदी के रोड शो के लिए उत्साह

गाजियाबाद। लोकसभा क्षेत्र प्रभारी एमएलसी मानवेंद्र सिंह ने इस वीआईपी सीट पर विजय का समीकरण बनाने को डेरा डाले हैं। संगठन ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है। शुक्रवार को उन्होंने स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो की तैयारी पर चर्चा की और रोड शो की सफलता के लिए दायित्व सौंपे। मानवेंद्र का कहना है कि मोदी के रोड शो के लिए मतदाताओं में भारी उत्साह है। पार्टी पिछली बार से बड़ी जीत हासिल करेगी।

**वोट की पहचान** कर्नाटक सरकार का उपक्रम मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड ही यह स्याही बनाता, कंपनी ने उत्तर प्रदेश को मांग के मुताबिक अमिट स्याही की कर दी आपूर्ति

# प्रदेश में मतदान के लिए लगेंगी अमिट स्याही की 3 .58 लाख शीशियां

मनोज त्रिपाठी

**कानपुर।** देश में किसी मतदाता ने चुनाव में वोट दिया है, इसकी एक ही निशानी होती है, अंगुली पर लगी नीली-बैंगनी रंग की अमिट स्याही। लोग स्याही लगी अपनी अंगुली की तस्वीर व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हैं। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश को अमिट स्याही की सबसे बड़ी खेप की आपूर्ति की गयी है। कर्नाटक सरकार के उपक्रम मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड (एमपीवीएल) के पास सबसे बड़ा ऑर्डर उत्तर प्रदेश से ही था। उसने राज्य को स्याही की 3.58 लाख शीशियां भेजी हैं, जबकि सबसे कम लक्षद्वीप को अमिट स्याही की 110 शीशियों की आपूर्ति की गई है।

चुनाव में अमिट स्याही के जरिए यह सुनिश्चित किया जाता है कि कोई भी मतदाता दो बार वोट न करने पाए। धोखाधड़ी और कई बार की वोटिंग से बचने में इस स्याही की महत्वपूर्ण भूमिका है।

चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता और प्रचार अभियान में अमिट स्याही लगी अंगुली को प्रमुखता से प्रदर्शित करता है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में आयोग ने अमिट स्याही की 26 लाख शीशियां खरीदी थीं, जिस पर 33 करोड़ रुपये खर्च आया था।

इस बार आयोग ने करीब 55 करोड़ रुपये से 26.55 लाख स्याही की शीशियां खरीदी हैं। यह स्याही देश में सिर्फ एक ही कंपनी कर्नाटक सरकार के उपक्रम मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड (एमपीवीएल) द्वारा बनाई जाती है। कंपनी ने लोकसभा चुनाव के लिए देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अमिट स्याही की शीशियों की आपूर्ति कर दी है। कंपनी वर्ष 1962 से केवल निर्वाचन आयोग के लिए अमिट स्याही का निर्माण कर रहा है। मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड की वर्ष 1937 में स्थापना हुई थी। मैसूर के महाराजा कृष्णराजा वडयार ने इसकी शुरुआत की थी। लेकिन कंपनी तरक्की की राह पर तब आगे बढ़ी जब चुनाव आयोग ने केंद्रीय कानून मंत्रालय, राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला और राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) के सहयोग से चुनावों के लिए इस स्याही की आपूर्ति पर कंपनी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

1962 के चुनाव में इस स्याही को चुनाव में शामिल कराने का श्रेय देश के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन को जाता है। तब से लगातार इस स्याही का प्रयोग हो रहा है, और चुनाव आयोग इसके दूसरे विकल्प को नहीं तलाश पाया है।



**1962** से किया जा रहा इस्तेमाल चुनाव आयोग दूसरा विकल्प नहीं तलाश पाया

**26.55** लाख स्याही की शीशियां आयोग ने इस बार लोकसभा चुनाव के लिए खरीदी हैं

- 26 लाख अमिट स्याही की शीशियां 2019 के लोकसभा चुनाव में आयोग ने खरीदी थीं
- 33 करोड़ रुपये अमिट स्याही पर 2019 में खर्च आया था
- 55 करोड़ रुपये 2024 के चुनाव में अमिट स्याही पर आया खर्च

### सिल्वर नाइट्रेट केमिकल का होता इस्तेमाल

- अमिट स्याही को बनाने में सिल्वर नाइट्रेट केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है। इसके कारण एक बार त्वचा के किसी भी हिस्से पर स्याही लगने के बाद उसे कम से कम 72 घंटे तक त्वचा से हटाया नहीं जा सकता। सिल्वर नाइट्रेट पानी के संपर्क में आने पर काला हो जाता है। सिल्वर नाइट्रेट हमारे शरीर में मौजूद नमक के साथ मिलकर सिल्वर क्लोराइड बनाता है। सिल्वर क्लोराइड पानी में नहीं घुलता और त्वचा से जुड़ा रहता है। इसे साबुन से नहीं धोया जा सकता। एक बार लगाने के बाद यह तब खत्म होता है जब त्वचा की कोशिकाएं पुरानी हो जाती हैं और निकलने लगती हैं।

# अमेठी-रायबरेली में अपनों में फंसी कांग्रेस

## नेतृत्व की चुप्पी से कार्यकर्ताओं में बेचैनी, राहुल-प्रियंका और राबर्ट वाड्रा में आखिर कौन

दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

**अमृत विचार :** अमेठी-रायबरेली के राजनीतिक हलके में रोज नित नए खुलासे किए जा रहे हैं। दोनों जिले के लोकसभा प्रत्याशी को लेकर स्थानीय कांग्रेस नेताओं के होठों पर मुस्कान है तो वहीं शब्दों में तलवारें। उनको मालूम है कि अगर जुबान फिसल गई तो विरोधियों की तलवारें चलने लगेगी, जो वोट बैंक की फसल काट देगी। दोनों जिलों में पार्टी के वरिष्ठ नेता खामोश बैठे हैं, वो बस मांग रहे हैं जनता से अपने हिस्से के वोट गांधी परिवार के समर्थन में।

राबर्ट वाड्रा के बयान के बाद अमेठी में उनके नाम की भी चर्चा होने लगी कि दामादजी ही कांग्रेस की नैया पार लगाएंगे। वहीं सोनिया गांधी के राज्यसभा जाने के बाद से रायबरेली में चुप्पी छाई थी। ऐसी चुप्पी जैसे मन करता हो किसी ने कांग्रेसियों पर पत्थर गिरा दिया हो। पर राबर्ट के एक चैनल को दिए इंटरव्यू के बाद हर कोई बोलने लगा है दामाद अगर अमेठी और रायबरेली से प्रियंका या राहुल गांधी में से एक कोई चुनाव मैदान में आए तो दोनों जगह गांव-गांव बाहें फैलाकर कांग्रेसी उनको जिताएंगे।

रॉबर्ट वाड्रा ने अमेठी को लेकर एक इंटरव्यू में कहा है कि मेरे लिए यह मांग आ रही है कि मैं अमेठी को या देश के किसी भी कोने को प्रतिनिधित्व करूं। वाड्रा बोले अगर मैं सांसद बनने का फैसला करता हूं तो अमेठी के लोग मुझसे अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद करते हैं।

वर्षों तक गांधी परिवार ने रायबरेली, अमेठी और सुल्तानपुर में कड़ी मेहनत की है। प्रियंका गांधी का भी अमेठी-रायबरेली की जनता से खासा लगाव है।



चर्चा में सीट

अमेठी रायबरेली के लोगों की पसंद गांधी परिवार

### अजब रणक्षेत्र

**दोनों जिलों में पार्टी के वरिष्ठ नेता खामोश बैठे- बस मांग रहे जनता से कांग्रेस और गांधी परिवार के समर्थन में वोट**

### हर बूथ पर वोट बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा

कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी का कहना है कि रायबरेली-अमेठी दोनों सीट पार्टी जीतेगी। इसके लिए 2019 में स्मृति ईरानी से मिली हार के बाद से ही हर बूथ पर वोट बढ़ाने की रणनीति पर काम चल रहा है, जो 2024 के चुनाव में दिखेगा। प्रदेश में हमारा वोट शेयर यहां सबसे ज्यादा होगा।



### 1967 में इंदिरा गांधी तो 2004 में आईं सोनिया गांधी

1967 में इंदिरा गांधी ने रायबरेली सीट से चुनावी राजनीति में कदम रखा था। उस समय इंदिरा गांधी ने निर्दलीय प्रत्याशी बीसी सेठ को 91,703 वोट से हराया था। वहीं 2004 में सोनिया गांधी ने अमेठी सीट राहुल गांधी के लिए छोड़कर रायबरेली आईं। सोनिया गांधी ने सपा के अशोक कुमार सिंह को हराकर 2,49,765 वोटों से भारी अंतर से चुनाव जीता था।

### स्मृति ईरानी से अमेठी के लोग परेशान : वाड्रा

अमेठी के लोग वास्तव में वर्तमान सांसद स्मृति ईरानी से परेशान हैं। लोगों को लगता है कि उन्होंने उन्हें चुनकर गलती की है। अमेठी के लोग चाहते हैं कि अब यहां से गांधी परिवार का कोई सदस्य चुनाव लड़े। वे मेरी तरफ उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। प्रियंका की क्या सोच है या बाकी लोगों की क्या सोच है उस बारे में अमेठी के लोग इंतजार करें।

**रायबरेली सीट**

| वर्ष | पार्टी | प्रत्याशी | कुल वोट | वोट दर | जीता कौन |
|---|---|---|---|---|---|
| 2019 | कांग्रेस | सोनिया गांधी | 534918 | 56% | 167178 वोटों से सोनिया गांधी |
| | भाजपा | दिनेश प्रताप सिंह | 367740 | 38% | |
| 2014 | कांग्रेस | सोनिया गांधी | 526434 | 64% | 352713 वोटों से सोनिया गांधी |
| | भाजपा | अजय अग्रवाल | 173721 | 21% | |
| 2009 | कांग्रेस | सोनिया गांधी | 481490 | 72% | 372165 वोटों से सोनिया गांधी |
| | बसपा | आरएस कुशवाहा | 109325 | 16% | |

**अमेठी सीट**

| वर्ष | पार्टी | प्रत्याशी | कुल वोट | वोट दर | जीता कौन |
|---|---|---|---|---|---|
| 2019 | भाजपा | स्मृति ईरानी | 468514 | 50% | 55120 वोटों से स्मृति ईरानी |
| | कांग्रेस | राहुल गांधी | 413394 | 44% | |
| 2014 | कांग्रेस | राहुल गांधी | 408651 | 47% | 107903 वोटों से राहुल गांधी |
| | भाजपा | स्मृति ईरानी | 300748 | 34% | |
| 2009 | कांग्रेस | राहुल गांधी | 464195 | 72% | 370198 वोटों से राहुल गांधी |
| | बसपा | आशीष शुक्ला | 93997 | 15% | |

### मतदाता जागरुकता अभियान में जुटे विद्यार्थी




बाराबंकी में मतदाताओं को जागरुक करती शिक्षिका। अमृत विचार

**लखनऊ अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए शिक्षा विभाग ने मुहिम शुरू कर दी है। इसके लिए छात्र- छात्राएं न केवल निष्पक्ष शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। बल्कि रंगोली, स्लोगन व दीवार लेखन के जरिए लोगों को प्रेरित करने केलिए जुट गए हैं। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने पूरे प्रदेश में मतदाता हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ किया है। शिक्षा अधिकारियों एवं शिक्षकों से अपील करते हुए कहा गया है कि अपने-अपने कार्यक्षेत्र में मतदाताओं के बीच अभियान चलाकर निष्पक्ष एवं शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करें।

## मतदाताओं को लुभा रहा रामनगरी का विकास

# चुनाव की अंतर्धारा में गूंज रही अयोध्या



### अयोध्या पहुंच रहे प्रदेश के हजारों मतदाता

पड़ोस के गोंडा, बस्ती, अंबेडकरनगर से बाराबंकी तक के हजारों श्रद्धालु मतदाता दर्शन-पूजन के लिए रोज अयोध्या पहुंच रहे हैं। साफ कहते हैं कि अयोध्या का विकास अदभुत है। इसका प्रभाव पड़ोस के जिलों के साथ-साथ पूरे प्रदेश पर पड़ रहा है। बस्ती के परशुरामपुर के दिलीप कुमार पांडेय कहते हैं कि अयोध्या के साथ राजा दशरथ के पुत्रेष्टि यज्ञ स्थल से चलने वाली परिक्रमा से क्षेत्रका विकास होगा। यह चुनाव में प्रभाव डाल रहा है। गोंडा के परसपुर से आए रज्जन तिवारी कहते हैं अयोध्या का प्रभाव बाबा तुलसी की जन्म स्थली पसका और राजा पुरवा तक दिख रहा है। अयोध्या से विकास का मुद्दा यहां भी है।

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** जिले के साथ प्रदेश के अन्य जिलों के चुनाव की अंतर्धारा में अयोध्या गूंज रही है। इन जिलों के मतदाताओं को रामनगरी का विकास लुभा रहा है। कई हजार करोड़ की परियोजनाएं, लाखों श्रद्धालुओं की आमद से बदली तस्वीर उन्हें रास आ रही है। अयोध्या से उनको बड़ी उम्मीद है। ऐसे विकास की अपेक्षा करते हैं। अयोध्या का विजन पड़ोस में मुद्दों का वजन बढ़ा रहा है।

अयोध्या में 32 हजार करोड़ की परियोजनाएं है। कुछ पूरी हो गई तो कुछ पूरी होने वाली है। एयरपोर्ट से आधुनिक रेलवे स्टेशन, चौड़ी सड़कें, हाईवे से जुड़ाव ऐसे काम है साफ दिखते हैं। पड़ोसी जिले के लोगों को लुभाते हैं। चुनाव का दौर है। तुलना स्वाभाविक है। गोंडा तरबगंज के शेष नरायन पांडेय दर्शन पूजन के लिए अयोध्या आए। कहते हैं अयोध्या बहुत बदल गई। इतनी भीड़ पहले कभी नहीं देखी थी। हमारे जिले में भी ऐसा होता तो कितना अच्छा रहता। बात छेड़ते हैं 84 कोसी परिक्रमा की।

अयोध्या में 84 कोसी परिक्रमा पथ का निर्माण शुरू हो रहा है। लगभग 232 किमी. लंबा यह मार्ग अयोध्या सहित पड़ोस के पांच जिलों बस्ती, अंबेडकरनगर, बाराबंकी और गोंडा से होकर निकलता है। फोरलेन पथ बनेगा, श्रद्धालुओं की आवाजाही होगी। गोंडा में लगभग 60 से 70 किमी. की दूरी है। बस्ती में 30 से 40 किमी.। बाराबंकी और अंबेडकरनगर में भी कुछ दूरी है। पथ और पथ के इर्द-गिर्द बड़े धर्मस्थल, ऋषियों की तपस्थलियां है। 84 कोसी परिक्रमा पथ निर्माण से विकास की उम्मीद है। इसके बनने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उनके क्षेत्र का भी विकास होगा। अयोध्या का यह विजन चुनाव में मुद्दों का वजन बढ़ा रहा है। इन जिलों के प्रत्याशी भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष अयोध्या से होने वाले विकास को भुना रहे हैं।

मुद्दे की बात



**विकास का नया द्वार खोलेगा एडीए का विस्तार**

चुनाव की अंतर्धारा में अयोध्या विकास प्राधिकरण का विस्तार भी है। गोंडा और बस्ती के लिए अयोध्या वरदान बन रही है। अयोध्या विकास प्राधिकरण का क्षेत्र बढ़ा। अयोध्या जिले के 154 गांवों के साथ गोंडा के 63 और बस्ती के 126 गांव शामिल कर दिए गए। यह विस्तार गोंडा के नवाबगंज तक पहुंच गया। यह सरयू पार के गांव है। ज्यादातर कछारी थे। जमीनों के दाम बढ़े। बड़े होटल और धर्मशालाओं के साथ दुकान और प्रतिष्ठान बन रहे हैं। रिवर फ्रंट जैसी स्थिति बन रही है। नई अयोध्या उधर बढ़ रही है। रौनक बढ़ गई। गोंडा, बस्ती में यह विकास का द्वार खोल रहा है।

# योजनाओं के आगे फीकी वादों की गठरी


**मोदी की मुफ्त अनाज समेत 10 सरकारी योजनाएं बन रहीं गेमचेंजर**

**बढ़ते पेट्रोलियम पदार्थ के दाम और महंगाई के मुद्दे क्यों हैं बेअसर**

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** सखी सईंया तो खूब ही कमात है, महंगाई डायन खाये जात है.. जब 13 अगस्त 2010 को रिलीज़ हुई पीपली लाइव फिल्म तो इस गीत ने कमाल का असर दिखाया। भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर इस कदर हमले किए कि देखते ही देखते चार साल के भीतर कांग्रेस सरकार और महंगाई एक-दूसरे के पूरक बन गए। नतीजा रहा कि भाजपा ने कांग्रेस से सत्ता ही नहीं छीनी, कांग्रेस मुक्त अभियान को भी असरदार बनाया। लेकिन अब पेट्रोलियम पदार्थों से लेकर आम जरूरत के हर सामान का दाम दिन दूना रात चौगुना रफ्तार से बढ़ने के बावजूद महंगाई का मुद्दा असरदार नहीं दिख रहा है।

महंगाई और रोजगार जैसे मुद्दों पर जनता में लामबंदी बहुत कम देखी जाती है, लोग सड़कों पर



नहीं उतरते तो मान लीजिए कि यह सरकारों का सौभाग्य है। लेकिन असल में यही देश का दुर्भाग्य भी है। नेता एक-दूसरे को कोसते रह जाते हैं। कोई कहता है पुराने दिन ही भले थे, कोई अच्छे दिन की ढांढस बंधाता रह जाता है। लेकिन समस्या जस की तस मुंह बाये खड़ी है। ऐसे में मोदी सरकार की गांव से लेकर शहर तक मुफ्त अनाज समेत 10 सरकारी योजनाएं वोट की गांरटी बन गई हैं।

### इंडिया गठबंधन का महंगाई घटाने व रोजगार पर फोकस



लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को कांग्रेस के जारी हुए 48 पेज के न्याय घोषणा पत्र में पांच न्याय और 25 गांरटी के जरिए महंगाई पर करारा हमला करते हुए रोजगार पर फोकस ज्यादा है। रसोई गैस समेत कई प्रमुख जरुरतों के दाम अपनी पिछली सरकार के स्तर पर लाने का वादा भी है। युवा, महिला, मजदूर और किसान के लिए खास वादे हैं। इन सभी वर्गों के लिए अलग-अलग तरह की योजनाओं का वादा किया गया है। लेकिन मोदी की गारंटी के आगे घोषणा पत्र कितना असर दिखाएगा, यह परिणाम तय करेंगे।

### मतदाताओं को लुभाती मोदी की यह 10 योजनाएं

- **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना :** मोदी सरकार ने इस योजना की शुरुआत कोविड 19 के दौर में मार्च 2020 में की थी। इसके माध्यम से देश के 80 करोड़ नागरिकों को हर महीने मुफ्त राशन दिया जा रहा है। विधानसभा चुनाव में इसका खूब असर दिखा था, इस चुनाव में भी बड़ा गेमचेंजर माना जा रहा है। योजना को दिसंबर 2028 तक बढ़ा दिया गया है।
- **महिला सम्मान बचत पत्र :** पिछले साल आम बजट 2023-24 में सरकार ने महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट 2023 योजना की घोषणा की थी। सरकार जनवरी से मार्च 2024 के लिए 7 .5 फीसदी की दर से ब्याज दे रही है। इसकी मैच्योरिटी 2 साल है, कोई महिला अपनी ओर से या किसी नाबालिग बच्ची की ओर से बतौर अभिभावक खाता खुलवा सकती है।
- **पीएम विश्वकर्मा योजना :** इस योजना को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले लागू किया, बाद में केंद्र सरकार ने अपनाया। हाल यह है कि चुनाव में खासा असर दिखा रही है। नरेन्द्र मोदी द्वारा लॉन्च की गई पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों को दिए जाने वाले लोन पर सरकार 8 फीसदी तक सब्सिडी दे रही है। यानी इस योजना के तहत कारगर 3 लाख रुपये तक का लोन ले सकते हैं, वह भी सिर्फ 5 फीसदी के रियायती ब्याज पर।
- **पीएम स्वनिधि योजना :** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना शहरी स्ट्रीट वेंडरों के लिए एक माइक्रो लोन स्कीम है, जिसकी शुरुआत 1 जून 2020 को हुई थी। इसका उद्देश्य 50,000 रुपये तक बिना किसी गारंटी के लोन की सुविधा प्रदान करना है।
- **पीएम किसान सम्मान निधि :** पीएम किसान सम्मान निधि का एलान प्रधानमंत्री मोदी के दूसरे कार्यकाल के पहले किया गया था। इस योजना के तहत देश के छोटे, लघु और सीमांत किसानों को खेती करने में आर्थिक मदद देने के लिए केंद्र सरकार एक साल में 6000 रुपये की सहायता देती है।
- **आयुष्मान भारत योजना :** आयुष्मान कार्ड धारकों को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है। दवा की लागत, चिकित्सा आदि का खर्च सरकार वहन करती है।
- **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना :** यह स्कीम बीमाधारक की डेथ होने की स्थिति में उसके परिवार को दो लाख तक की आर्थिक मदद दिलाती है। इसमें सिर्फ 436 रुपए सालाना का प्रीमियम भरकर इस स्कीम का लाभ ले सकते हैं।
- **प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना :** भारत की बड़ी आबादी को सुरक्षित करने के उद्देश्यत से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना को साल 2015 में शुरू किया गया था। पहले इसका सालाना प्रीमियम 12 रुपये था, जिसे 1 जून 2022 से बढ़ाकर 20 रुपये कर दिया गया। इस योजना में आपको 2 लाख का दुर्घटना बीमा कवर मिलता है।
- **अटल पेंशन योजना :** यह कमजोर आय वर्ग के लिए गारंटीड पेंशन स्कीम है, जिसमें 18 साल से लेकर 40 साल तक की उम्र का कोई भी पात्र निवेशक भाग ले सकता है। इस स्कीम के जरिए 60 की उम्र के बाद हर महीने अधिकतम 5000 रुपये तक की गारंटीड पेंशन का इंतजाम है।
- **उज्ज्वला योजना :** मोदी ने देश की महिलाओं की जिंदगी में बदलाव के उद्देश्य से मई 2016 में उज्ज्वला योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत बीपीएल कार्ड धारकों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया जाता है और सब्सिडी पर एक साल में 12 गैस सिलिंडर मिलते हैं। सब्सिडी सीधे पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होती है।

# कहीं नहीं दिख रहा चुनाव का जोर

हरदोई

**▸▸ शांत बैठे हैं प्रत्याशी व राजनीतिक दल, गायब हो गए माइक व भोंपू**

**अमृत विचार:** एक समय था जब चुनाव की घोषणा होते ही सड़कों पर शोर शराबा, रैलियां शुरू हो जाती थीं, बड़े-बड़े वाहनों पर गाते बजाते लोग प्रत्याशी के लिए वोट मांगने लगते थे, लेकिन अब समय बिल्कुल बदल गया है। 13 मई को होने वाले चुनाव को लेकर किसी भी प्रत्याशी या उनके समर्थकों में कोई उत्साह नहीं दिखाई दे रहा है। केवल जिला प्रशासन स्वीप रैलियां व बैठकें कर रहा है।

प्रशासन की तैयारियां पूरे जोरों पर हैं, लेकिन प्रत्याशी व जनता बिल्कुल शांत है। गांव से लेकर शहर तक किसी भी प्रत्याशी की हार-जीत को लेकर कोई चर्चा अब तक नहीं हो रही है। चुनाव आयोग की सख्ती के चलते अब चुनावों से पहले होने वाला शोर शराबा, पोस्टर बाजी, बिल्ला स्टीकर कहीं नहीं दिखाई पड़ रहे हैं। पहले चुनाव शुरू होते रिक्शों पर बाइक बांध कर सुबह से रात तक चुनावी प्रचार होता रहता था। गलियों से लेकर मुख्य चौराहे तक बड़े-बड़े पोस्टर, होर्डिंग्स से पट जाते थे। गांव में बच्चे तक चुनावी बिल्ला, झंडा लिए दिखाई पड़ते थे। शहर से लेकर गांव तक चुनाव की धूम मची रहती थी, लेकिन अब चुनाव आयोग की सख्ती के चलते अधिसूचना जारी होते ही प्रचार सामग्री हटाई जाने लगती है। चुनाव को लेकर सिर्फ प्रशासन की तैयारियां दिखाई पड़ रही हैं। मतदान बढ़ाने को लेकर गांव से शहर तक हर वर्ग की रैलियां निकाली जा रही हैं। जिले का चुनाव इतना शांत है कि जनता में किसी प्रत्याशी के लिए कोई उत्साह नहीं है। वर्षों से जिन दो चेहरों को वह सांसद के रूप में देख रहे हैं, वहीं चेहरे फिर मैदान में हैं। चुनाव जीतने के बाद दोनों चेहरे जनता से रूबरू नहीं होते हैं।



**शैली प्रचार की** | राजधानी लखनऊ में चुनावी अंकगणित मजबूत करने की कवायद में जुटी भाजपा

# बूथ मजबूत कर भाजपा प्रचार अभियान में बाजी मारने को तैयार

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार:** एक ओर मोदी की चुनावी पाठशाला और नमो ऐप के जरिए जन-जन से सीधे संवाद तो दूसरी ओर पन्ना प्रमुख बना बूथ मजबूत कर आगे बढ़ता भाजपा का चुनावी कार्यक्रम अब धीरे-धीरे रफ्तार लेने लगा है।

जहां विपक्षी दल अभी उम्मीदवार तय करने में फंसे नजर आ रहे हैं वहीं भारतीय जनता पार्टी की महानगर इकाई एलईडी वाहनों की परमीशन ले अपने चुनावी अभियान में अन्य दलों से ''लीड'' लेती दिख रही है। कोई भी ऐसा अवसर भाजपाई हाथ से जाने नहीं देना चाहते हैं जहां उनकी चुनावी ''अंकगणित'' मजबूत न हो रही हो। चाहे वह भाजपा के पक्ष में माहौल बना रहे होली मिलन समारोह के कवि सम्मेलन हों या फिर आने वाले दिनों में होने वाले महानगर के स्थापना दिवस समारोह।



### कम भीड़भाड़ वाले स्थलों पर वीडियो वैन बताएंगी उपलब्धियां

कम भीड़भाड़ और ज्यादा से ज्यादा लोगों के गुजरने वाले स्थानों पर ये वीडियो वैन सरकार की उपलब्धियां बताती नजर आएंगी। इनमें एलईडी लगी होगी जो मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करेगी।

### अगर 400 पार गए तो सीमा पार भी जाएंगे

शहर के अलग-अलग इलाकों में होते होली मिलन समारोह और कवि सम्मेलन के जरिए व्यापारियों के बीच सीधे प्रवेश कर मंचों से भाजपा के पक्ष में माहौल बनाते नजर आ रहे हैं। सरकार के मंत्री हों या फिर विधायक अथवा कोई अन्य जनप्रतिनिधि, ज्यादातर सभी मंच पर भाजपा का प्रतिनिधित्व नजर आ रहा है। लखनऊ महानगर के अध्यक्ष आनंद द्विवेदी बताते हैं कि हम प्रचार अभियान शुरू कर चुके हैं। आगामी दिनों महानगर अपना स्थापना दिवस मनाने जा रही है। इसके जरिए भी बूथ कार्यकर्ताओं तक पहुंच उन्हें चुनावी रणनीति से अवगत कराया जाएगा। बुधवार की शाम पांडेयगंज व्यापार मंडल के कवि सम्मेलन में कई बड़े कवि भाजपा के पक्ष में माहौल बनाते दिखे। वीर रस के वरिष्ठ कवि वेदव्रत वाजपेयी ने सुनाया 'भारत मां तेरे बेटों का हर संकट टल जाएगा, चक्र सुदर्शन पहली गाली देने पर चल जाएगा, हमने जो भी कस्में खाईं सब पूरी कर डाली है, इस मिट्टी को कंचन करने की सौगंध उठा ली है, खंडित भारतमाता की पूरी तस्वीर बनाएंगे, अगर 400 पार गए तो सीमा पार भी जाएंगे।

**▸▸ नमो ऐप के जरिये जन-जन से संवाद की मुहिम**

### मतदाताओं को जगाने में जुटे एलईडी वाहन

- भले ही राजधानी लखनऊ में चुनाव 20 मई को हों लेकिन भाजपाई प्रचार अभियान शुरू कर चुके हैं। एलईडी वाहन बाकायदा मतदाताओं को जगाने में लग चुके हैं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अखिलेश द्विवेदी के मुताबिक प्रचार के लिए एलईडी वाहनों (वीडियो वैन) की परमीशन दे दी गई है। आठ अप्रैल से सभी एलईडी वाहन प्रचार अभियान में जुट जाएंगे।

## भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को ठहराया झूठ का पुलिंदा

**लखनऊ, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा ठहराया है। प्रदेश चुनाव संचालन समिति के संयोजक व प्रदेश के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और जेपीएस राठौर ने कहा कि कांग्रेस के दशकों के शासनकाल में देश की जनता को गरीबी और बदहाली ही मिली है। जबकि जनता को विश्वास है कि भाजपा के संकल्प पत्र में जो लिखा हुआ है, वह पूरा होने की गारंटी है क्योंकि इसके पीछे मोदी की गारंटी है। राज्य मुख्यालय पर संयुक्त प्रेसवार्ता में दोनों नेताओं ने कहा कि कांग्रेस का न्याय पत्र झूठ का पुलिंदा हैं। वे लोग भारत की तस्वीर और तकदीर को बदलने की बात कर रहे हैं, जबकि आजादी के 70 वर्षों तक देश की तस्वीर और तकदीर के साथ धोखा किया। वास्तव में कांग्रेस को भारत से नफरत है, वह हमेशा देश को बदनाम करने के बारे में सोचती रहती है। वे वोट देने वाली जनता को राक्षस कहते हैं, महिलाओं को बाजारू कहते हैं।

# 14 नए मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाई शुरू करने की तैयारियां हुईं तेज

## संसाधन जुटाने को राज्य सरकार ने भेजा भारी भरकम बजट

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** आने वाले सत्र में प्रदेश के 14 नए मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू करने की कवायद तेज हो गईं हैं। राज्य सरकार ने शुक्रवार को सभी कॉलेजों को भारी भरकम बजट जारी कर दिया है और समय पूर्व संसाधन जुटाने के निर्देश दिये गये हैं ताकि नेशनल मेडिकल कमीशन(एनएमसी) द्वारा मंजूरी मिलने पर, नीट 2024-25 की प्रवेश संबन्धी काउंसिलिंग में इनकी 1400 सीटों को शामिल किया जा सके।

राज्य सरकार के उप सचिव आनन्द कुमार त्रिपाठी द्वारा नए मेडिकल कॉलेजों में संसाधन जुटाने के लिए गैर वेतन मद में प्रस्तावित 250 करोड़ के बजट में 41 करोड़ 67 लाख रुपये की पहली किस्त महानिदेशक




चिकित्सा शिक्षा को जारी किये गये हैं। हर कॉलेज को लगभग एक करोड़ 76 लाख रुपये प्रस्तावित है। इस बजट से नए सत्र में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के प्रवेश के लिए संसाधन जुटाने होंगे।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा इन कॉलेजों में 100-100 सीटों पर एमबीबीएस शुरू होना है, जिसके लिए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा नेशनल मेडिकल कमीशन नई दिल्ली को आवेदन भेजा गया है, एनएमसी की टीम इन कॉलेजों का दौरा करेगी और एमबीबीएस की पढ़ाई के तय मानकों का परीक्षण करेगी, जिनके पूरे होने पर ही प्रवेश लेने की अनुमति दी जायेगी। जिसके बाद प्रवेश प्रारंभ हो सकेंगे।

**शुरू होने वाले कॉलेज**

हर जिला, मेडिकल कॉलेज योजना के तहत राज्य में मेडिकल कॉलेज स्थापित किये जा रहे हैं। पहले चरण में पांच, दूसरे चरण में 13 और जल्द शुरू होने वाले तीसरे चरण में 14 नए मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस प्रवेश लिया जायेगा। खुलने वाले ये मेडिकल कॉलेज, कुशीनगर, कौशांबी, सुल्तानपुर, अमेठी, कानपुर देहात, ललितपुर, पीलीभीत, औरैया, सोनभद्र, बुलंदशहर, गोंडा, बिजनौर, चंदौली और लखीमपुर खीरी में स्थापित हैं। सभी कॉलेजों में एमबीबीएस की 100-100 सीटें होंगी। जिसके बाद प्रदेश में सरकारी संस्थानों में एमबीबीएस की 3828 सीटें बढ़कर 5228 हो जायेंगी।

## सपा के अतुल प्रधान समेत 81 के नामांकन खारिज

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की आठ सीटों पर 94 प्रत्याशी मैदान में हैं। नामांकन पत्रों की जांच में मेरठ से सपा के अतुल प्रधान समेत 81 प्रत्याशियों की नामांकन खारिज हो गए हैं। इन सीटों पर 94 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। 8 अप्रैल को वापसी के बाद प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट होगी। इस चरण में मतदान 26 अप्रैल को होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मेरठ सीट पर 22 नामांकन हुए, जिसमें नो पर्चे वैध पाये गये। समाजवादी पार्टी के अतुल प्रधान समेत 13 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त हो गए हैं। भारतीय जनता दल पार्टी के राजेश गिरी, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी सत्या के भूपेन्द्र सिंह, जय समता पार्टी के धर्मवीर, राष्ट्रीय जनसंचार दल के सोनू कुमार और निर्दलीय अनिल कुमार, प्रमोद कुमार, राकेश उप्पल, मयंक कुमार, जयपाल सिंह उर्फ जेपी सिंह आदि के नामांकन भी निरस्त हुए हैं।

## कारण बताओ नोटिस में असहमति के कारणों को स्पष्ट करना आवश्यक

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने किसी कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के मामले में कहा कि अनुशासनात्मक प्राधिकारी को दोषमुक्ति से असहमत होने के कारणों को दर्ज करना चाहिए, जिससे दोषी कर्मचारियों को प्रभावी ढंग से अपना बचाव करने का अवसर मिल सके। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि जांच अधिकारी की राय से असहमत होने के लिए कारण बताओ नोटिस में कारण दर्ज करने का एक निश्चित उद्देश्य है।




यह दोषी कर्मचारी को उन मुद्दों पर अपना स्पष्टीकरण देने का अवसर प्रदान करता है, जिन पर अनुशासनात्मक प्राधिकारी उलझ जाते हैं। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने राज्य सरकार की विशेष अपील को खारिज करते हुए पारित किया। वर्तमान मामले में कर्मचारी श्याम केवल राम (विपक्षी) के खिलाफ अनुशासनात्मक जांच शुरू हुई, जिसमें वह अस्थाई रूप से गबन के आरोप में दोषी पाया गया था। कर्मचारी को आरोपों से मुक्त करने पर असहमति जताते हुए प्राधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया। उक्त आदेश को कर्मचारी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। कर्मचारी की ओर से तर्क दिया गया कि जांच अधिकारी के निष्कर्ष की अवहेलना करने के कारणों को न बताकर कर्मचारी को अपने बचाव का अवसर नहीं दिया गया। उपरोक्त आदेश को राज्य सरकार ने चुनौती देते हुए वर्तमान अपील दाखिल की। कोर्ट ने पाया कि प्राधिकारी की कार्यवाही गलत थी। अंत में कोर्ट ने एकलपीठ के आदेश में हस्तक्षेप ना करते हुए वर्तमान अपील खारिज कर दी।

## भाजपा ने घोषित सार्वजनिक अवकाश खत्म किए : अखिलेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने निषादराज गुह्य व महर्षि कश्यप की जयंती पर घोषित सार्वजनिक अवकाश को खत्म कर दिया। उन्होंने यह बात शुक्रवार को महर्षि कश्यप और निषादराज गुह्य की जयंती पर बधाई देते हुए कही। इस अवसर पर सभी सपा के जिला कार्यालयों पर महर्षि कश्यप एवं निषादराज गुह्य की जयंती संपन्न हुई।

राजधानी के बालागंज स्थित निषादराज गुह्य की प्रतिमा पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप ने माल्यार्पण करने के बाद कहा कि भाजपा ने निषाद समाज को अपमानित किया है। सपा सरकार में निषाद समाज को सिंघाडा तालाब, मत्स्य तालाब के पट्टे दिये गये थे अब यह सुविधा छीन ली गई है। पूर्वमंत्री पप्पू निषाद ने कहा कि जब तक भाजपा सरकार नहीं हटेगी तब तक पिछड़ों, दलितों, शोषित-वंचितों को सम्मान नहीं मिलेगा।

## सहमति से तलाक के बाद भरण-पोषण का दावा पति के उत्पीड़न समान

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भरण- पोषण के मामले में पति द्वारा दाखिल पुनरीक्षण याचिका को स्वीकार करते हुए कहा कि अगर कोई महिला आपसी सहमति से तलाक के समय अपने पति से गुजारा भत्ता का दावा करने का अधिकार छोड़ देती है तब वह बाद में इसकी मांग नहीं कर सकती है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित की एकल पीठ ने गौरव मेहता की याचिका को स्वीकार करते हुए की।

याचिका में अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, गौतमबुद्ध नगर के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें अंतरिम भरण-पोषण के रूप में पति को प्रतिमाह 25 हजार रुपए देने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि एक बार जब एक पत्नी ने समझौते की शर्तों के आधार पर तलाक प्राप्त कर लिया तो पत्नी के लिए अपने पति के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज करना संभव नहीं है। यह पति के उत्पीड़न के समान होगा। कोर्ट ने आगे कहा कि इसमें प्रावधान है कि अगर कोई पत्नी सहमति से अलग रह रही है तो उसे पति से भरण- पोषण भत्ता प्राप्त करने का अधिकार नहीं होगा।

दरअसल वर्ष 2006 में हिंदू विवाह अधिनियम के तहत पुनरीक्षणकर्ता (पति) से उसकी पत्नी ने आपसी सहमति से तलाक की डिक्री इस शर्त पर प्राप्त की कि वह पति से भरण-पोषण का कोई दावा नहीं करेगी और नाबालिग बेटे की कस्टडी मां को दे दी जाएगी। इसके बाद वर्ष 2013 में उसने अपने नाबालिग बेटे द्वारा सीआरपीसी की धारा 125 के तहत भरण-पोषण की मांग करते हुए एक आवेदन दाखिल किया। इस आवेदन को स्वीकार करते हुए बेटे को प्रतिमाह 15 हजार रुपए गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया गया और वर्ष 2020 में पत्नी ने भी उक्त धारा के तहत पति से उसकी आय का 25% भरण-पोषण के रूप में मांगा, जिसे वर्तमान याचिका में चुनौती दी गई है।

## मलिहाबादी के साथ उन्नाव के दशहरी का स्वाद चखेंगे विदेशी

**लखनऊ, अमृत विचार :** विदेश के लोग मलिहाबादी के साथ उन्नाव का दशहरी आम भी चखेंगे। लखनऊ के रहमान खेड़ा में संचालित मंडी परिषद का मैंगो पैक हाउस इस बार उन्नाव के हसनगंज और सफीपुर आम पट्टी से दशहरी का निर्यात उद्यान विभाग के सहयोग से करेगा। दोनों जगह से 400 टन दशहरी निर्यात करने का लक्ष्य रखा गया है। 40 से 45 बागवानों को ऑर्डर भी दिया है। आम की गुणवत्ता सुधारने पर काम चल रहा है। इसके लिए बागवानों को पिछले माह प्रशिक्षित किया गया था।

पेड़ों पर बौर भी खूब है। इससे अधिक पैदावार की उम्मीद है। फिर भी फलों को बचाने के लिए बागवानों को बैग दिए जाएंगे। इससे फल में कीटरोग नहीं लगेगा और गुणवत्ता के साथ सेहत अच्छी रहेगी। मैंगो पैक हाउस दशहरी आम के निर्यात की शुरुआत ओमान और दुबई से करेगा। लखनऊ के साथ उन्नाव के आम भेजे जाएंगे।

## महाकुंभः नए पावर स्टेशन के साथ तैयार हो रहीं नई लाइनें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रयागराज के महाकुंभ क्षेत्र में बिजली, सड़क और पानी की बुनियादी व्यवस्था के साथ अन्य कार्यों में तेजी से प्रगति हो रही है। बिजली की व्यवस्था सुचारु रूप से करने के लिए नए पावर स्टेशन स्थापित करने के साथ नई लाइनें बिछायी जा रही हैं।

महाकुंभ-2025 के मद्देनजर प्रशासन अक्टूबर तक सभी कार्य पूरे कर लेना चाहता है ताकि कोई कमी हो तो उसे समय रहते पूरा किया जा सके। इसी के तहत शहर में बिजली के स्थायी कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इसके तहत शहर में 132 केवी की क्षमता के दो बिजली घर बनाए जा रहे हैं। इसमें एक हेतापट्टी और दूसरा बेली का इलाका शामिल है। हेतापट्टी का बिजली घर चालू हो चुका है। वहीं बेली के स्टेशन को लेकर कार्यवाही चल रही है। इसके अलावा 94 वितरण परिवर्तक भी स्थापित हो



- **बिजली के स्थाई कार्यों के लिए सरकार ने 140 करोड़ जारी किए**
- **दो पावर स्टेशन तैयार, 94 वितरण परिवर्तक स्थापित**

चुके हैं। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पेशवाई के सभी मार्गों से बिजली के पोल हटाए जा रहे हैं।

इसके लिए रक्षा मंत्रालय से अनुमति प्राप्त हो चुकी है। अब कुंभ क्षेत्र के परेड ग्राउंड और आसपास के इलाकों में अंडर ग्राउंड केबिल बिछाने का कार्य रफ्तार पकड़ चुका है। इसी तरह ट्रिपल आईटी चौराहे से एयरपोर्ट तक अंडर ग्राउंड केबिल बिछायी जा रही है।

# यूपी में हर हाल में बढ़ाया जाएगा मतदान प्रतिशत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **भारत निर्वाचन आयोग की बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिया आश्वासन**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के दौरान इस बार हर हाल में मतदान प्रतिशत बढ़ाया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप निर्माण ने यह आश्वासन दिया।

बैठक की जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ निरंतर बैठक कर उनका मतदाता जागरूकता में सहयोग लिया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व कोटेदारों (उचित दर की दुकानों के विक्रेता) के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही गैस सिलेण्डर व बिजली के बिलों में मतदाता स्लोगन के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। बीएलओ की ओर से बांटी जा रही मतदाता पर्ची व वोटर गाइड की नियमित रुप से समीक्षा की जा रही है, जिससे प्रत्येक मतदाता के पास मतदाता पर्ची व वोटर गाइड समय से पहुंच जाए। बैठक में लखनऊ नगर निगम के आयुक्त इन्द्रजीत सिंह व कानपुर के नगर निगम आयुक्त शिव शरण अप्पा ने मतदाता प्रतिशत बढ़ाने की रणनीति बताई।

**लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 1703 मामलों में हुई कार्रवाई :** प्रदेश में बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग व अन्य मामलों में 30 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 1703 मामलों में कार्रवाई की गई है। आचार संहिता के तहत अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 68,06,659 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 41,18,793 व निजी स्थानों से 26,87,866 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई।

## वर्ग पहेली-31

**बाएं से दाएं**

3.1.(काव्यशास्त्र) मुग्धा नायिका के सात भेदों में एक भेद, अंकुरितयौवना 2. नवयुवती।

6. जैसे ही, यदि, यद्यपि।

8.1. वानप्रस्थ आश्रम में प्रविष्ट व्यक्ति 2. भागवत का एक स्कंध 3. कृष्ण यजुर्वेद की एक शाखा।

11. एक भाववाचक प्रत्यय जो विशेषण और संज्ञा के अंत में लगता है जैसे- सुंदर+ता = सुंदरता।

**ऊपर से नीचे**

1. मतभेद, मतभिन्नता।

2.1. लत, स्वभाव 2. आदत।


4.1. नगरवासी, नागरिक 2. चतुर, शिष्ट, सभ्य 3. गुजराती ब्राह्मणों में एक कुलनाम या सरनेम 4. नागरी लिपि का कोई अक्षर 5. एक प्रकार का गृहयुद्ध।

5. आंखों के अंदर का वह अवयव जिसपर दृष्टि-बिंब बनते हैं, आंख के अंदर एक प्रकाश-संवेदी ऊतक पर्त, दृष्टि पटल।

7.1. गुज़र, निर्वाह 2. जीवनयापन।

9.1. स्तंभ, खंभा 2. चिट्ठी रखने का लिफ़ाफ़ा 3. संधि, जोड़ 4. जोड़ पर लगाया जाने वाला टांका।

10.1. व्यक्तियों की पंक्तियां




**वर्ग पहेली -30 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पी | | | 2 जे | | 3 बे | |
| 4 प | टा | प | टी | | हा | |
| ल | | | | 5 व | ल | न |
| | 6 अ | नु | मे | य | | |
| | भि | | | 7 सं | गि | नी |
| | ष | | | धि | | |
| 8 दे | व | भा | षा | | 9 जा | नाँ |

**सुडोकू-110**

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 3 | | 4 | | 6 |
| | | | | 9 | | | 1 | |
| | | 5 | | | 8 | | | |
| 7 | | 8 | | 6 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 2 | 9 | | |
| 2 | | | | 4 | 5 | | | 8 |
| | | | 3 | | | 5 | | |
| | 1 | | | 7 | | | | |
| 6 | | 9 | | 5 | | | 2 | |

**सुडोकू -109 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 | 3 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 6 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 5 | 4 | 7 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 6 | 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 3 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 | 8 |

## पूर्व पक्षकार इकबाल अंसारी से मारपीट एक गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** मंदिर-मस्जिद मामले में पूर्व पक्षकार रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र निवासी इक़बाल अंसारी पर शुक्रवार को हमला और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर पर एक को नामजद करते हुए चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। वारदात अलविदा की नमाज के बाद मस्जिद की खिड़की खोलने के दौरान हुई। इकबाल अंसारी का कहना है कि शुक्रवार को जुमे की नमाज के लिए वह मोहल्ला स्थित बिजली शहीद मस्जिद गए थे। वह मस्जिद की खिड़की खोल रहे थे इसी दौरान मौके पर मौजूद मोहल्ले के कोटिया निवासी अयूब उर्फ़ पप्पू अंसारी गाली-गलौच कर हाथापाई करने लगा। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। उसके साथ तीन अन्य लोग भी मौजूद थे, जिनका नाम-पता मुझे मालूम नहीं है।

# जाम में फंसी पांच एंबुलेंस, एक में प्रसव, दूसरे में शिशु की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर शुक्रवार सुबह से भीषण जाम लगा रहा**
- **करीब 9 घंटे तक फंसे रहे हजारों वाहन, डायवर्जन करना पड़ा**

**अमृत विचार:** नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर शुक्रवार सुबह से भीषण जाम लग गया और वाहनों की कतार करीब 15 किलोमीटर तक पहुंच गई। जाम में दो प्रसूताओं को लेकर जा रही एंबुलेंस भी फंस गईं। एक प्रसूता के गर्भस्थ शिशु की एंबुलेंस में ही मौत हो गई, वहीं दूसरी प्रसूता का एंबुलेंस में प्रसव कराना पड़ा। करीब नौ घंटे तक हाईवे पर लगे जाम के बाद घाटमपुर व रमईपुर की ओर वाहनों का डायवर्जन किया गया, जिसके बाद यातायात सुचारु हो सका।

घाटमपुर से नौबस्ता की ओर मेट्रो के कार्य के चलते भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध होने के बावजूद रात होते ही भारी वाहनों का आवागमन शुरू हो जाता है। गल्लामंडी तक हो रहे मेट्रो निर्माण के चलते हाईवे संकरा हो गया है। शुक्रवार तड़के करीब पांच बजे से नौबस्ता के धोबिन पुलिया के पास से शुरू हुआ जाम धीरे-धीरे बढ़ता गया और देखते ही देखते वाहनों की कतार शंभुआ पुल तक पहुंच गई।

बिधनू हाईवे से आकर मिलने वाली किसान नगर रोड भी ब्लॉक हो गई। जिसमें पांच एंबुलेंस घंटों तक फंसी रहीं। सचेंडी के पलरा गांव निवासी कमलेश ने बताया कि पत्नी सोनी को शुक्रवार सुबह प्रसव पीड़ा होने पर करीब पांच बजे एंबुलेंस से बिधनू सीएचसी के लिए निकले। किसान नगर रोड पर जाम लगा होने से एंबुलेंस रेंगते हुए किसी तरह से बिधनू हाईवे तक पहुंची। एंबुलेंस करीब तीन घंटे बिधनू हाईवे में जाम में फंसी रही। सुबह आठ बजे वह बिधनू सीएचसी पहुंचे पर तब तक गर्भस्थ शिशु की मौत हो चुकी थी। वहीं बिधनू ब्लॉक के छौकी गांव निवासी गर्भवती किरन भी घंटों जाम में फंसी रही, इस दौरान वह एंबुलेंस में दर्द से तड़पती रही। जैसे-तैसे एंबुलेंस सीएचसी गेट पर पहुंची, तब तक आशा बहू को एंबुलेंस में ही प्रसव कराना पड़ा। हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस व ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह नाकाम रहीं। हर तरफ के रास्ते बंद होने के कारण जाम खुलवाने में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के भी पसीने छूट गए। इसके बाद पुलिस ने रमईपुर व घाटमपुर रोड पर वाहनों का डायवर्जन किया, जिसके बाद जाम से राहत मिल सकी।

## सलीम के इशारे पर संचालित हो रहे थे तीनों आतंकवादी


**लखनऊ, अमृत विचार :** नेपाल-भारत सीमा पर गिरफ्तार किए गए तीनों आतंकवादी पाकिस्तान में आईएसआई हैंडलर सलीम के इशारे पर संचालित हो रहे थे। सूत्रों के मुताबिक एटीएस द्वारा पूछताछ के दौरान उनके पास सात एटीएम, दो हवाई टिकट और एक मेमोरी कार्ड बरामद हुआ है। मेमोरी कार्ड की जांच की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक आतंकवादी नासिर के पास से मिले दोनों हवाई टिकट में एक 27 मार्च को श्रीनगर से दिल्ली और दूसरा 28 मार्च को दिल्ली से काठमांडू यात्रा का है। इसी के आधार पर यह आशंका जताई जा रही है कि 28 मार्च को काठमांडू पहुंचने के बाद अगले दिन 29 मार्च को नासिर की मुलाकात गजनफर और अल्ताफ से हुई थी। भारत में इन आतंकवादियों द्वारा क्या हिट होना था इसका पता अभी तक नहीं चल पाया है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 22.19 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-शतभिषा 15.39 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** आज गुस्से के बजाय शांतिपूर्वक कार्य करें। सोच-विचार में ज्यादा समय व्यर्थ न गंवाएं। दोपहर के बाद रुके हुए कार्य शुरु होंगे। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। बेवजह के खर्चों से आपको बचना चाहिए।

**वृष** आज सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। लोग आपके विचारों को काफी महत्व देंगे। शाम को आपके कार्यों में बाधा आ सकती है। आपकी दिनचर्या काफी अनुशासित रहने वाली है। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं।

**मिथुन** आज जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें, लेकिन आपके कार्य बाधा के साथ पूर्ण होंगे। दुष्ट प्रवृत्ति के लोग आपको नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। अनुसंधान पूर्ण कार्यों में आप रुचि लेंगे। मान-सम्मान में कमी आ सकती है।

**कर्क** आज आपको इच्छित जगह पर स्थानांतरण भी मिल सकता है। धार्मिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अविवाहित लोगों को वैवाहिक प्रस्ताव मिलने की संभावना है। जीवनसाथी के परामर्श लेना हितकर होगा।

**सिंह** आज विरोधियों के सामने आपको सावधान रहना चाहिए। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। व्यापार में बड़ा प्रयोग करने से बचना चाहिए। परिजनों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। नया कार्य शुरु करने में कठिनाइयां होंगी।

**कन्या** आज सभी काम रुक-रुककर पूर्ण होंगे। प्रेमी आपकी किसी बात का विरोध कर सकता है। प्रभावशाली लोगों के बीच आप काफी लोकप्रिय रहेंगे। व्यापार में नए प्रयोग करने से बचें। जीवनसाथी की सेहत को लेकर कुछ चिंता होगी।

**तुला** आज भावनात्मक रूप से काफी कमजोर रहेंगे। घर की साफ-सफाई में आप काफी व्यस्त हो सकते हैं। आपको जिम्मेदारी वाले काम मिलने की संभावना है। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। नए विषयों के अध्ययन में आप रुचि लेंगे।

**वृश्चिक** आज आपके आत्मविश्वास के कारण बॉस प्रसन्न रहेंगे। आपको रिश्तेदारों से कुछ अच्छे समाचार मिल सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। दांपत्य जीवन काफी सुखद रहेगा। व्यापारिक यात्राओं के लिए दिन बहुत बढ़िया है।

**धनु** आज परिवार के किसी सदस्य को लेकर थोड़ी परेशानी होगी। उपयोगी मशीनों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। पूरा ध्यान अपने काम पर ही रखें। छोटी सी त्रुटि के कारण काम रुक सकते हैं। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है।

**मकर** आज शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी काफी प्रसन्न रहेंगे। पदोन्नति मिलने की संभावना बन रही है। घर में मेहमान आ सकते हैं।

**कुंभ** आज प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी का अनुभव होगा। क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। अनावश्यक विषयों पर चर्चा करने से बचें। स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर हो सकता है।

**मीन** आज गुमी वस्तु आपको वापस मिल सकती है। विद्यार्थियों को करियर में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। कड़ी मेहनत का लाभ मिलेगा। घर का माहौल काफी अनुशासित रहने वाला है। आपके जनसंपर्क का दायरा मजबूत होगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
**क्यों कि...** सुबह : 10.50
**घातक** रात : 07.01

SONY PIX
**जर्नी 2** सुबह : 10.52
**जस्टिस लीग** रात : 08.50

SONY MAX
**फिरंगी** सुबह : 10.00
**लूसिफर** रात : 08.30

ZEE CINEMA
**शादी में जरूर आना** सुबह : 11.00
**हम साथ साथ हैं** रात : 07.00

colors CINEPLEX
**कालिया** सुबह : 11.16
**भेड़िया** शाम : 05.58

**आज की सुपरहिट फिल्म**




जी सिनेमा पर रात : 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बस में एक लड़के की नजर पीछे की सीट पर बैठी लड़की पर पड़ी।
लड़का- पहचाना मुझे!
लड़की- नहीं तो
लड़का- अरे, हम दोनों एक ही क्लास में पढ़ते थे
लड़की- पढ़ती तो मैं थी, तू तो रोज मुर्गा ही बनता था।

पति के जन्मदिन पर पत्नी- क्या गिफ्ट दूं?
पति- तुम मुझे इज्जत दो, कहना मानों यही काफी है।
पत्नी- तुम्हें भी फिर यही देना चाहिए। मैं तो गिफ्ट ही दूंगी

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 995 फ्लैग 1110 बोल्ड 1160 डीएमओ 880।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना: 75 से 76 रुपये मसूर: 88 से 90 रुपये मलका: 82 से 85 रुपये अरहर: 118 से 125 रुपये उड़द: 95 से 101 रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104-106 मूंग छिलका: 102 रुपये मूंग साबुत: 100 रुपये चना देसी: 80 चना कावली: 145 से 160 राजमा लाल: 155 राजमा चित्ता: 145 लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

## एक नजर

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस पर लगा जुर्माना

**मुंबई।** आरबीआई ने कुछ नियमों के उल्लंघन के लिए आईडीएफसी फर्स्ट बैंक पर एक करोड़ रुपये और एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस पर 49.70 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक पर जुर्माना 'ऋण और अग्रिम - वैधानिक और अन्य प्रतिबंध' पर कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए लगाया गया है।

### एयर इंडिया में 5,700 कर्मचारियों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में 3,800 से अधिक चालक दल के सदस्यों सहित 5,700 से अधिक कर्मचारियों को नियुक्त किया। कंपनी ने अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के तहत पिछले वित्त वर्ष में 11 अंतर्राष्ट्रीय मार्गों सहित 16 नए मार्गों की शुरुआत की। इस अवधि के दौरान एयरलाइंस के बेड़े में चार ए-320 नियो, 14 ए-321 नियो, आठ बी-777 और तीन ए-350 शामिल किए गए हैं।

# विदेशी मुद्रा भंडार सर्वकालिक उच्चस्तर पर

## आरबीआई के मुताबिक, 2.95 अरब डॉलर बढ़कर 645.58 अरब डॉलर पहुंच गया

**मुंबई, एजेंसी**



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में 2.95 अरब डॉलर से अधिक बढ़कर 645.58 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी है।

यह लगातार छठा सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़कर 642.63 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 642.45 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। लेकिन वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की गिरावट को थामने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया, जिससे मुद्रा भंडार में थोड़ी कमी आई थी।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.35 अरब डॉलर बढ़कर 570.61 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लिखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 67.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 52.16 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 7.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.14 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी 20 लाख डॉलर घटकर 4.66 अरब डॉलर रह गई।

### यूरोपीय, लातिनी अमेरिकी देशों को निर्यात में वृद्धि

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यातकों ने 2023 में यूरोपीय और लातिनी अमेरिकी देशों को निर्यात में अच्छी वृद्धि दर्ज की। इस दौरान रोमानिया, मोंटेनेग्रो, ऑस्ट्रिया और ग्वाटेमाला में खासतौर से भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ी। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि जीवनयापन की ऊंची लागत, कमजोर बाहरी मांग और मौद्रिक सख्ती के कारण यूरोपीय संघ और ब्रिटेन जैसे बड़े बाजारों में प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद 2023 में यूरोपीय संघ को भारत का वस्तुओं का निर्यात 2.1 प्रतिशत बढ़ गया। अधिकारी ने कहा-2023 में वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत के वस्तु निर्यात में अच्छी वृद्धि हुई। इस दौरान रोमानिया, चेक गणराज्य, मोंटेनेग्रो, फिनलैंड, नीदरलैंड, पुर्तगाल, लक्जमबर्ग, आइसलैंड, आयरलैंड और ऑस्ट्रिया जैसे यूरोपीय देशों को भारत के निर्यात में स्वस्थ वृद्धि हुई। अधिकारी ने कहा कि ये रुझान यूरोप में मौजूदा अनिश्चितताओं और मंदी के बावजूद भारत के व्यापार में जुझारूपन को दर्शाते हैं। इसी तरह, 2023 में लातिनी अमेरिकी देशों में क्यूबा, उरुग्वे, पैराग्वे, गुयाना, पेरू, मेक्सिको और ग्वाटेमाला को भारत के निर्यात में उच्च वृद्धि दर्ज की गई।

### ई-गेमिंग से संबंधित दायर याचिकाएं न्यायालय ने अपने पास हस्तांतरित की


**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ई-गेमिंग कंपनियों पर 28 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाए जाने के विरुद्ध नौ उच्च न्यायालयों में दाखिल 27 याचिकाओं पर प्रामाणिक निर्णय संबंधी केंद्र की याचिका शुक्रवार को स्वीकार कर ली तथा सभी याचिकाएं अपने पास हस्तांतरित कर ली।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र की याचिका मंजूर करते हुए उसे ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों की लंबित याचिकाओं पर 20 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है। पीठ ने एक नोडल अधिवक्ता को भी नियुक्त किया है, जो मामले में रिकॉर्ड एकत्र करेगा। अब इन याचिकाओं पर मई के पहले सप्ताह में सुनवाई होगी।

## भारत 2025 के अंत तक यूरिया का आयात बंद कर देगा: मांडविया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● केंद्रीय मंत्री बोले-वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने पर है जोर



रसायन व उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत 2025 के अंत तक यूरिया का आयात बंद कर देगा। उन्होंने कहा कि घरेलू विनिर्माण पर बड़े पैमाने पर जोर देने से आपूर्ति और मांग के बीच अंतर को पाटने में मदद मिली है। मांडविया ने कहा कि भारतीय कृषि के लिए उर्वरकों की उपलब्धता बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देश पिछले 60-65 साल से फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल कर रहा है। अब सरकार नैनो लिक्विड यूरिया और नैनो लिक्विड डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) जैसे वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के प्रयास कर रही है।

मंत्री ने कहा-वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग फसल और मिट्टी की गुणवत्ता के लिए अच्छा है। हम इसे बढ़ावा दे रहे हैं। यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के बारे में पूछे जाने पर मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने यूरिया आयात पर निर्भरता खत्म करने के लिए दोतरफा रणनीति अपनाई है। मंत्री ने बताया सरकार ने चार बंद यूरिया संयंत्रों को फिर शुरू किया है और एक अन्य कारखाने को वापस चालू करने का काम जारी है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 81,350 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 71,700 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 53,400-53,600 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 71,100 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 69,950 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 78,500 |
| चांदी तैयार | 78,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 69,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 68,500 |
| चांदी पक्की | 770 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 69,350 |
| चांदी आभूषण | 78,100। |

## आयुर्वेद उत्पाद बाजार 2027-28 तक 1.2 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● आयुर्वेद प्रौद्योगिकी स्टार्टअप ने जारी किए आंकड़े

भारत का आयुर्वेद उत्पादों का बाजार वित्त वर्ष 2027-28 तक 16.27 अरब डॉलर यानी 1.2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

आयुर्वेद प्रौद्योगिकी स्टार्टअप निरोगस्ट्रीट ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्राकृतिक एवं हर्बल उपचार की बढ़ती मांग, आयुर्वेदिक चिकित्सकों की संख्या बढ़ने, सरकारी पहल और नए उद्यमियों के आने से आयुर्वेद उत्पाद बाजार तेजी से बढ़ रहा है। फिलहाल इसका बाजार सात अरब डॉलर यानी 57,450 करोड़ रुपये है। निरोगस्ट्रीट ने एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि भारत में आयुर्वेद उत्पाद बाजार वित्त वर्ष 2027-28 तक 1,20,660 करोड़ रुपये (16.27 अरब डॉलर) तक पहुंच जाने की उम्मीद है। सर्वेक्षण के मुताबिक, आयुर्वेदिक उत्पादों एवं सेवाओं का समग्र बाजार वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2027-28 तक 15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि से बढ़ने का अनुमान है।

### 5जी प्रयोगशालाओं के लिए प्रायोगिक मॉड्यूल की हुई शुरुआत

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सचिव नीरज मित्तल ने शुक्रवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास में एक कार्यशाला के दौरान 5जी प्रयोगशालाओं के लिए प्रायोगिक लाइसेंस मॉड्यूल की शुरुआत की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मित्तल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये कुल 100 5जी प्रयोगशालाओं के लिए लाइसेंस मॉड्यूल पेश किए। बयान के मुताबिक, दूरसंचार विभाग ने 5जी सेवाओं के परीक्षण के लिए कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से अब तक लगभग 1,500 प्रायोगिक लाइसेंस जारी किए हैं।

## केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा लेन-देन में आई कमी : शंकर

**मुंबई, एजेंसी**

● भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर ने दी जानकारी



भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) लेन-देन संख्या दिसंबर 2023 में 10 लाख पार कर गई लेकिन उसके बाद इसमें कमी आई है। शंकर ने कहा कि प्रायोगिक आधार पर एक दिसंबर 2022 को सीबीडीसी पेश किये जाने के बाद से लेन-देन की कुल संख्या 2.2 करोड़ तक पहुंच गई है। इसमें प्रतिभागियों की संख्या 50 लाख हो गई है।

उन्होंने कहा-संख्या पहले जैसी नहीं रही है, उसमें कमी आई है। एक दिन में 10 लाख का लक्ष्य लोकप्रिय यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) मंच के साथ जोड़े जाने जैसे उपायों के कारण पहले ही पूरा कर लिया गया था। एक खबर के अनुसार बैंकों ने दिसंबर में डिजिटल रुपये का उपयोग कर कर्मचारी लाभ वितरित किये। इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को 10 लाख दैनिक लेनदेन के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिली। शंकर ने कहा कि अभी सीबीडीसी में 46 लाख उपयोगकर्ता और चार लाख कारोबारी लेनदेन कर रहे हैं। जैसे-जैसे सीबीडीसी की स्वीकार्यता बढ़ रही है, व्यक्तियों और कारोबारियों के बीच (पी2एम) होने वाले लेनदेन में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा-अधिक कारोबारियों के आने के साथ संख्या पी2पी (कारोबारियों के बीच) से पी2एम की ओर स्थानांतरित हो रही है। शंकर ने यह भी कहा कि सीबीडीसी पर एक सुविधा शुक्रवार को शुरू हुई। विशेष रूप से तैयार इस सुविधा के तहत एक किसान को कृषि कच्चा माल खरीदने के लिए धन हस्तांतरित किए गए।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### वडोदरा में 22 लाख रु. के एमडी ड्रग्स के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**वडोदरा।** गुजरात में वडोदरा शहर के कुंभारवाडा क्षेत्र में विशेष अभियान ग्रुप (एसओजी) की टीम ने 22 लाख रुपये से अधिक कीमत के मादक पदार्थ एमडी (मेफेड्रोन) के साथ एक व्यक्ति को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि सूचना के आधार पर हाथीखाना इलाके में खत्रीवाड के नाके अताए नसीर बिल्डिंग की तीसरी मंजिल निवासी गुलामहैदर र. शेख के घर पर छापा मारा गया। इस दौरान मौके से 22,11,300 रुपये कीमत का 221.13 ग्राम एमडी ड्रग्स, 4500 रुपये नकद, 5500 रुपये कीमत के दो मोबाइल फोन तथा अन्य सामान जब्त करके उसे पकड़ लिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज करके आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दो इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा/बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में एक महिला नक्सली समेत दो इनामी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया तथा सुरक्षाबलों ने दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुकमा जिले में आठ–आठ लाख रुपए के इनामी दो नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है तथा बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।

# हमारा काम तो एक ट्रेलर, अभी बहुत कुछ करना है

## राजस्थान की चुनावी रैली में विपक्षी दलों के गठबंधन पर प्रधानमंत्री मोदी का कटाक्ष

**जयपुर, एजेंसी**



राजस्थान के चुरू जिले में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस साल में किए गए अपने काम को महज एक ट्रेलर (नमूना) और मुख्य भोजन से पहले परोसे जाने वाला ऐपेटाइजर बताते हुए कहा कि अभी तो पूरी थाली बाकी है और हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि वे सिर्फ अपना हित देखते हैं, उन्हें गरीब, दलित, शोषित-वंचित वर्ग के कल्याण से, उनके सम्मान से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि सेनाओं का अपमान और देश का विभाजन कांग्रेस की पहचान है। भारतीय सेना की ओर से की गई एयर एवं सर्जिकल स्ट्राइक की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा-ये नया भारत है। ये नया भारत घर में घुसकर मारता है।

मोदी चुरू में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने केंद्र में अपनी सरकार के दस साल के कार्यकाल की तुलना रेस्टोरेंट में मुख्य भोजन से पहले परोसे जाने वाले 'ऐपेटाइजर' और फिल्म के ट्रेलर से की। उन्होंने कहा-जीवन के हर पड़ाव पर भाजपा सरकार गरीब के साथ खड़ी है।

### नया भारत तो घर में घुसकर मारता है: मोदी

उन्होंने कहा-आज दुश्मन को भी पता है कि यह मोदी है, यह नया भारत है। यह नया भारत घर में घुसकर मारता है। मोदी ने कहा कि 2014 में जब भाजपा केंद्र में सत्ता में आई तो देश खस्ता हालत था। उन्होंने कहा-हम जो ठान लेते हैं वो पूरा करके दिखाते हैं। पिछले 10 साल में आपने देश को बदलते हुए देखा है। आप याद करिए कांग्रेस के शासन में 10 साल पहले देश कितनी खस्ता हालत में था।

## केजरीवाल को जेल भेजने के पीछे गहरी साजिश

● जेल से बाहर आने के बाद राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने किया दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को दावा किया कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में जेल की सलाखों के पीछे डालने की गहरी साजिश रची।

सिंह ने जेल से बाहर आने के दो दिन बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर केजरीवाल के खिलाफ गलत बयान देने के लिए मगुंटा राघव रेड्डी पर दबाव बनाने का भी आरोप लगाया। रेड्डी दिल्ली आबकारी नीति मामले में आरोपी से सरकारी गवाह बने हैं। दिल्ली के केजरीवाल को 21 मार्च को धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया गया है। कहा कि राघव रेड्डी के पिता, सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के खिलाफ 16 सितंबर, 2022 को कार्रवाई की गई थी।

### सीबीआई को कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ की मिली अनुमति

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ करने की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को शुक्रवार को अनुमति दे दी। कविता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। सीबीआई की याचिका पर अदालत ने यह आदेश जारी किया। जांच एजेंसी ने न्यायिक हिरासत में कविता से पूछताछ करने की अदालत से अनुमति मांगी थी।

### दिल्ली के वित्त सचिव को राशि जारी करने का कोर्ट का निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने आप-नीत दिल्ली सरकार की एक याचिका पर प्रधान सचिव (वित्त) को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को धन जारी करने के लिए कहा। कोर्ट ने डीजेबी को पक्षकार बनाने का भी निर्देश दिया है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दिल्ली के प्रधान सचिव (वित्त) की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी की दलीलों का संज्ञान लिया कि अपने ही अधिकारी के खिलाफ याचिका दायर करने वाली दिल्ली सरकार ने डीजेबी को पक्षकार नहीं बनाया है।

## ईडी ने सोरेन के खिलाफ दर्ज मामले की जांच सीबीआई से कराने का किया अनुरोध

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड उच्च न्यायालय से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा लगाए गए उन आरोपों की जांच सीबीआई से कराने अनुरोध किया है जिनमें कहा गया है कि ईडी अधिकारियों के एक वर्ग ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया है। सोरेन ने रांची में पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई थी कि जनवरी में उनके नयी दिल्ली स्थित आवास पर ईडी ने उन्हें और उनके पूरे समुदाय को परेशान एवं बदनाम करने के लिए तलाशी अभियान चलाया था। ईडी ने एक आपराधिक रिट याचिका में सीबीआई )जांच का अनुरोध किया है। याचिका में दावा किया गया है कि सोरेन ने जांच को बाधित करने के लिए जानबूझकर आपराधिक मुकदमा चलाने का अनुरोध किया है।

## एनआईए ने की मुख्य और सह आरोपी की पहचान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट का मामला

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने एक मार्च को बेंगलुरु के एक कैफे में हुए विस्फोट के मामले में मुख्य आरोपी के रूप में मुसाविर हुसैन शाजिब और सह-षड्यंत्रकारी के रूप में अब्दुल मतीन ताहा की पहचान की है।

एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि फरार आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयासों के तहत, एनआईए ने कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में 18 स्थानों पर तलाशी ली है। रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में, एनआईए ने आईईडी (एक विस्फोटक पदार्थ) के जरिये धमाके को अंजाम देने के आरोपी व्यक्ति की पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब और सह-षड्यंत्रकारी की पहचान अब्दुल मतीन ताहा के रूप में की है। दोनों कर्नाटक के शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के निवासी हैं। बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड में आईटीपीएल रोड पर स्थित कैफे में हुए धमाके में कई लोग घायल हो गए थे। इसके पहले, जांच के तहत चिक्कमगलुरु के खालसा निवासी मुजम्मिल शरीफ को 26 मार्च को गिरफ्तार किया गया था, जिसने मुख्य आरोपी को रसद सहायता प्रदान की थी।

## दिल्ली में पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद व्यक्ति ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के निहाल विहार इलाके में 48 वर्षीय एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से अपनी पत्नी और बेटी की कथित तौर पर हत्या करने के बाद खुद भी अपने घर में फांसी लगा ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जिमी चिरम ने बताया कि आरोपी अजय के शव को सबसे पहले उसके बेटे कुशल (22) ने तब देखा जब वह शुक्रवार सुबह काम के बाद घर लौटा। अधिकारी के अनुसार, कुशल ने घर को बंद पाया तो उसने खिड़की से झांका और भीतर अपने पिता को लटका हुआ देखा। पुलिस उपायुक्त ने के अनुसार, पेशे से हलवाई अजय ने पहले अपनी पत्नी टीना (38) और बेटी वर्षा (4) की धारदार हथियार से हत्या कर दी और फिर खुद आत्महत्या कर ली।

## आयुर्वेद, योग को आयुष्मान भारत में शामिल करने की याचिका स्वीकार करे केंद्र : न्यायालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● दिल्ली हाईकोर्ट ने संबंधित मंत्रालय को दिया निर्देश



दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र से उस याचिका को प्रतिवेदन के तौर पर स्वीकार करने कहा, जिसमें आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा को राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत में शामिल करने का अनुरोध किया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस आरोड़ा की पीठ ने प्रतिवेदन पर शीघ्रता से निर्णय लेने का निर्देश देने के बाद जनहित याचिका का निस्तारण कर दिया।

उच्च न्यायालय ने याचिका बरकरार करने की याचिकाकर्ता की अर्जी स्वीकार कर ली और मंत्रालय से इसे प्रतिवेदन के रूप में स्वीकार करने को कहा। अदालत ने आयुष मंत्रालय द्वारा दाखिल हलफनामे पर गौर करते हुए यह आदेश जारी किया। हलफनामे में कहा गया है कि भारतीय स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने के लिए कदम उठाने के वास्ते स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ समन्वय किया जा रहा है। पिछले साल, उच्च न्यायालय ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष, वित्त और गृह मंत्रालय तथा दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया था तथा उनसे याचिकाकर्ता-अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर जनहित याचिका पर अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा था। वहीं आयुर्वेद, योग प्राकृतिक चिकित्सा को पीएम जन आरोग्य योजना में शामिल करने का याचिका में अनुरोध किया गया है।

### भाजपा कार्यकर्ता की मौत की जांच एनआईए को सौंपने का निर्देश

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को पश्चिम बंगाल में वर्ष 2023 के पंचायत चुनाव से पहले हुई हिंसा में भाजपा के एक कार्यकर्ता की मौत की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने का शुक्रवार को निर्देश दिया। मृतक बिजय कृष्ण मोहंती के बेटे प्रसेनजीत ने एक याचिका दायर करके राज्य पुलिस से जांच को एनआईए को हस्तांतरित करने का अनुरोध किया है। प्रसेनजीत ने याचिका में कहा है कि टीएमसी समर्थकों ने उनके भाजपा कार्यकर्ता पिता पर बम और अन्य हथियारों से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई थी।

## मुख्तार अंसारी के बेटे की याचिका पर यूपी सरकार से जवाब-तलब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को होगी



उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को जेल में बंद विधायक अब्बास अंसारी की उस याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने 10 अप्रैल को अपने पिता मुख्तार अंसारी की फातेहा (विशेष प्रार्थना) में शामिल होने की अनुमति मांगी है।

गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की 28 मार्च को उत्तर प्रदेश के बांदा के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। एक आपराधिक मामले में न्यायिक हिरासत में बंद अब्बास अंसारी ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर अपने पिता के अंतिम संस्कार में हिस्सा लेने की अनुमति मांगी थी। शुक्रवार को अब्बास के वकील ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि उनकी याचिका समय पर अदालत के समक्ष सूचीबद्ध नहीं हो सकी और अंतिम संस्कार हो चुका है। वकील ने कहा कि उन्हें याचिका में संशोधन करने और 10 अप्रैल को होने वाली फातेहा में शामिल होने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि वह खुद ही आज संशोधित याचिका दायर करेंगे। पीठ ने कहा-याचिकाकर्ता के वकील ने शुरू में कहा कि चूंकि अंतिम संस्कार पहले ही हो चुका है, याचिकाकर्ता रिट याचिका में संशोधन करना चाहता है ताकि वह 10 अप्रैल को होने वाली फातेहा में शामिल हो सके। नोटिस जारी करें, और 9 अप्रैल तक इस पर जवाब मांगें। अदालत ने कहा-मामले की सुनवाई 9 अप्रैल को होगी।

### उच्चतम न्यायालय ने शोमा कांति सेन को दी जमानत

उच्चतम न्यायालय ने एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में जून 2018 में गिरफ्तार महिला अधिकार कार्यकर्ता शोमा कांति सेन को शुक्रवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने निर्देश दिया कि उन्हें ऐसी शर्तों पर जमानत पर रिहा किया जाए, जिन्हें विशेष अदालत उपयुक्त और उचित समझे। पीठ ने कहा कि जमानत की शर्तों में यह शामिल होगा कि सेन विशेष अदालत की अनुमति के बिना महाराष्ट्र नहीं छोड़ेंगी।

पीठ ने आदेश सुनाते हुए कहा-अपीलकर्ता (सेन) को एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) के जांच अधिकारी को उस पते के बारे में सूचित करना होगा, जहां वह जमानत पर रहने के दौरान निवास करेंगी। इसने कहा कि सेन जमानत पर रहने के दौरान केवल एक मोबाइल फोन नंबर का उपयोग करेंगी और इसे जांच अधिकारी के साथ साझा करेंगी।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 04 | 203 |
| रियान पराग (आरआर) | 03 | 181 |
| हेनरिक क्लासेन (एसआरएच) | 04 | 177 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 03 | 07 |
| मोहित शर्मा (जीटी) | 04 | 07 |
| मयंक यादव (एलएसजी) | 02 | 06 |

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| राजस्थान रॉयल्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +1.249 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.517 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.483 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.409 |
| पंजाब किंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.220 |
| गुजरात टाइटंस | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.580 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.876 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -1.347 |
| मुंबई इंडियंस | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -1.423 |

# आरसीबी और रॉयल्स को शीर्ष बल्लेबाजों से प्रदर्शन की उम्मीद

जयपुर, एजेंसी

खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और शानदार प्रदर्शन कर रही राजस्थान रॉयल्स दोनों को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। आरसीबी फिलहाल दस टीमों में आठवें स्थान पर है जो उसके खराब प्रदर्शन की बानगी देता है। वहीं रॉयल्स दूसरे स्थान पर है लेकिन उसके शीर्षक्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है।

- **दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल कर चुके हैं विराट कोहली**


आरसीबी के पास शीर्षक्रम में कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे शानदार आक्रामक बल्लेबाज हैं लेकिन कोई भी एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर आरेंज कैप हासिल कर चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। पाटीदार ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 29 रन बनाये लेकिन उनसे इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच आरसीबी के घरेलू मैदान चिन्नास्वामी स्टेडियम से मिलती जुलती है जिस पर बल्लेबाजों को शॉट्स खेलने में आसानी होगी। दूसरी ओर रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अच्छा फॉर्म लेकर आईपीएल में आये थे लेकिन तीन मैचों में 39 रन ही बना सके हैं। जोस बटलर की भी यही कहानी है। इंग्लैंड के टी20 कप्तान ने तीन मैचों में 35 रन बनाये हैं और उनका स्ट्राइक रेट 85 का रहा है। रॉयल्स की बल्लेबाजी की धुरी कप्तान संजू सैमसन (109 रन) और रियान पराग (181 रन) रहे हैं। दोनों को दूसरे बल्लेबाजों से भी सहयोग की जरूरत होगी। गेंदबाजी में राजस्थान का पलड़ा भारी है, जिसके पास तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के अलावा अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं। ये तीनों मिलकर 16 विकेट ले चुके हैं। अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने हालांकि तीन मैचों में एक ही विकेट लिया है। आरसीबी के गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज महंगे साबित हुए हैं जिन्होंने 10 से ऊपर की औसत से रन दिये हैं। अलजारी जोसेफ और रीसे टॉप्ले भी चल नहीं सके हैं ।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान।
**समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

# सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपरकिंग्स को 6 विकेट से रौंदा



## हैदराबाद के मार्करम ने 50 रन और अभिषेक ने 37 रनों की पारी खेली



एडेन मार्करम

हैदराबाद, एजेंसी

एडेन मार्करम 50 रन और अभिषेक शर्मा 37 रनों की तूफानी पारी की बदौलत पर सनराइजर्स हैदराबाद ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट हरा दिया है। हैदराबाद की चार मैचों में यह दूसरी जीत है।

हैदराबाद की ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए ताबड़तोड़ अंदाज में 2.4 ओवर में 46 जोड़ डाले। अभिषेक शर्मा ने 12 गेंदों में तीन चौके और चार छक्कों लगाते हुए 37 रन बनाये। उन्हें चाहर ने जडेजा के हाथों कैच आउट कराया। अभिषेक ने मुकेश के एक ही ओवर में 27 रन ठोके डाले। 10वें ओवर में ट्रैविस हेड 31 रन के रूप में हैदराबाद का दूसरा विकेट गिरा। 14वें ओवर में एडन मार्करम को मोईन अली ने पगबाधा आउट कर दिया। उन्होंने 36 गेंदों में चार चौकों और एक छक्का लगाते हुए 50 रन बनाये। शाहबाज अहमद 18 रन को भी मोईन अली ने पगबाधा आउट किया। हेनरिक क्लासेन 10 रन और नितीश कुमार रेड्डी 14 रन बनाकर नाबाद रहे। नितीश कुमार रेड्डी ने 19वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का लगाकर हैदराबाद को छह विकेट से जीत दिलाई। चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से मोईन अली ने दो विकेट लिये। दीपक चाहर और महीश थीक्षणा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले शिवम दुबे की 45 रनों और अजिंक्य रहाणे की 35 रनों की पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 166 रनों का लक्ष्य दिया था। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र 12 रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद आठवें ओवर में कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ 21 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। अजिंक्य रहाणे ने 30 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाये। शिवम दुबे ने 24 गेदों में दो चौके और चार छक्के लगाते हुए 45 रन ठोके डाले। डैरिल मिचेल 13 रन बनाकर आउट हुये। रवींद्र जाडेजा 31 रन और महेन्द्र सिंह धोनी एक रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 165 रन का स्कोर खड़ा किया। हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर, टी नटराजन , पैट कमिंस, शाहबाज अहमद और जयदेव उनादकट को एक-एक विकेट मिला।

### चेन्नई 165/5

20 ओवर, अतिरिक्त : 02

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रचिन रविंद्र का मार्कराम बो भुवनेश्वर | 12 | 09 | 2/0 |
| ऋतुराज गायकवाड़ का समद बो शाहबाज | 26 | 21 | 3/1 |
| अजिंक्य रहाणे का मार्कंडेय बो उनादकट | 35 | 30 | 2/1 |
| शिवम दुबे का भुवनेश्वर बो कमिंस | 45 | 24 | 2/4 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 31 | 23 | 4/0 |
| डेरिल मिचेल का समद बो नटराजन | 13 | 11 | 1/0 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 01 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** अभिषेक 1-0-7-0, भुवनेश्वर 4-0-28-1, नटराजन 4-0-39-1, कमिंस 4-0-29-1, मार्कंडेय 2-0-21-0, शाहबाज 1-0-11-1, उनादकट 4-0-29-1

### हैदराबाद 166/4

18.1 ओवर, अतिरिक्त : 06

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड का रविंद्र बो तीक्षणा | 31 | 24 | 3/1 |
| अभिषेक शर्मा का जडेजा बो चाहर | 37 | 12 | 3/4 |
| एडेन मार्करम पगबाधा मोईन | 50 | 36 | 4/1 |
| शाहबाज अहमद पगबाधा मोईन | 18 | 19 | 0/1 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 10 | 11 | 1/0 |
| नीतिश रेड्डी नाबाद | 14 | 08 | 1/1 |

**गेंदबाजी :** चाहर 3.1-0-32-1, मुकेश 1-0-27-0, तीक्षणा 4-0-27-1, देशपांडे 2-0-20-0, जडेजा 4-0-30-0, मोईन 3-0-23-2, रचिन 1-0-3-0

## खेल डायरी

### सेंथिल जर्मन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिल कुमार ने आठवीं वरीयता प्राप्त इंग्लैंड के जॉर्ज पार्कर को हराकर हैम्बर्ग में जर्मन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले साल एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिल ने 61 मिनट तक चले मुकाबले में 11-5, 11-8, 9-11, 11-9 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना मलेशिया के चौथी वरीयता प्राप्त इयेन योउ एंग से होगा। इससे पहले सेंथिल ने मिस्र के यासिन एल्शाफेइ को 6-11 , 7-11, 11-6, 11-3, 11-9 से हराया था।

### बालाजी-बेजेमैन एटीपी ह्यूस्टन के सेमीफाइनल में

**ह्यूस्टन।** भारत के एन श्रीराम बालाजी और जर्मनी के आंद्रे बेजेमैन की जोड़ी भारत के अर्जुन खाड़े और जीवन नेदुंचेझियान को सीधे सेटों में हराकर एटीपी ह्यूस्टन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गई। इससे पहले शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका के राजीव राम और आस्टिन क्राइसेक को हराने वाले बालाजी और बेजेमैन ने 59 मिनट में 6-0, 6-3 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त आस्ट्रेलिया के मैक्स पर्सेल और अमेरिका के जोर्डन थॉम्पसन की जोड़ी से होगा।

### युकी-ओलिवेट्टी मराकेश ओपन के सेमीफाइनल में



**मराकेश (मोरक्को)।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेट्टी ने तीसरी वरीयता प्राप्त निकोलस बारियेंटोस और रफेल माटोस को हराकर एटीपी मराकेश ओपन पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। युकी और अलबानो की गैर वरीय जोड़ी ने कोलंबिया के निकोलस और ब्राजील के रफेल को 7-6, 6-7, 10-7 से हराया। अब उनका सामना आस्ट्रिया के दूसरी वरीयता प्राप्त लुकास मीडलेर और अलेक्जेंडर एर्लेर से होगा। विश्व युगल रैंकिंग में 62वें स्थान पर काबिज युकी दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी रोहन बोपन्ना के बाद भारत के दूसरे सर्वोच्च रैंकिंग वाले युगल खिलाड़ी हैं।

### कैंडिडेट्स शतरंज : प्रज्ञानानंदा ने फिरोजा को ड्रॉ पर रोका

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला जबकि डी गुकेश को विदित गुजराती ने ड्रॉ पर रोका। पुरुष वर्ग में पहले दिन चारों मुकाबले ड्रॉ रहे जबकि महिला वर्ग में जोंग्यी तान ने हमवतन टी लेइ को हराया। भारत की आर वैशाली ने हमवतन कोनेरू हम्पी को ड्रॉ पर रोका। रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना ने कैटरीना लागनो से ड्रॉ खेला। वहीं बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा ने अन्ना मुजिचुक को ड्रा पर रोका। पुरुष वर्ग में फेबियानो कारूआना और हिकारू नकामूरा का मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि अजरबैजान के निजात अबासोव ने रूस के इयान नेपोमनियाश्ची को ड्रा पर रोका।

### नडाल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम लिया वापस



**पेरिस।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने स्वास्थ्य कारणों से मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम वापस ले लिया है। नडाल की इस घोषणा के बाद मई के आखिर में होने वाले 15वें फ्रेंच ओपन में उनके खेलने की संभावना भी कम दिख रही है। नडाल ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर लिखा, "ये मेरे लिए बहुत कठिन समय है दुर्भाग्य से मुझे आपको बताना पड़ रहा है कि मैं मोंटे-कार्लो में नहीं खेलूंगा। मेरा शरीर मुझे इसकी इजाजत नहीं दे रहा। भले ही मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और खेलने की पूरी इच्छा के साथ हर दिन अधिकतम प्रयास कर रहा हूं। उन टूर्नामेंटों में फिर से प्रतिस्पर्धा करू जो मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं, सच्चाई यह है कि मैं आज नहीं खेल सकता।"

## बेंगलुरु में आईपीएल मैच एनजीटी की निगरानी में होगा

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने शहर में पानी के बढ़ते संकट के बीच कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और अन्य संबंधित राज्य अधिकारियों को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबलों के दौरान इस्तेमाल किये जाने वाले पानी की जानकारी का ब्यौरा देने को कहा है। एनजीटी ने राज्य क्रिकेट संघ के अलावा बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) और कर्नाटक राज्य नियंत्रण बोर्ड (केएसपीसीबी) से भी पानी के स्रोत और इसकी मात्रा के बारे में दो मई तक जानकारी सौंपने को कहा है। केएससीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शुभेंदू घोष ने कहा, हमने नोटिस देख लिया है।

# सूर्यकुमार के फिट होने से मुंबई इंडियंस ने ली राहत की सांस



मुंबई, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में संघर्ष कर रही मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को टीम के अभ्यास सत्र में दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के शामिल होने से राहत की सांस ली। लंबे समय तक चोट के कारण खेल से दूर रहने वाले सूर्यकुमार ने नेट सत्र में अभ्यास करके बिना किसी परेशानी के बड़े शॉट लगाये। इससे यह उम्मीद जगी कि वह दिल्ली कैपिटल्स के आगामी मैच में मैदान में उतर सकते हैं।

पांच बार की चैम्पियन मुंबई की टीम ने इस सत्र में नये कप्तान हार्दिक पंड्या की अगुवाई में अपने तीनों मैच हारकर बेहद निराशाजनक शुरुआत की है। यह 33 साल का आक्रामक बल्लेबाज जनवरी से ही खेल से दूर है। उन्हें स्पोर्ट्स हर्निया से उबरने के लिए सर्जरी का सहारा लेना पड़ा। वह टखने की चोट से भी जूझ रहे थे जो उन्हें पिछले साल के अंत में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान लगी थी। सूर्यकुमार वानखेड़े स्टेडियम में अभ्यास सत्र के लिए पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी थे। वह दोपहर के सत्र में टीम के अन्य खिलाड़ियों से एक घंटे से अधिक समय पहले पहुंचे थे। उन्होंने नेट सत्र में एक घंटे से अधिक समय तक बल्लेबाजी का अभ्यास का अभ्यास किया। कुछ दिन पहले उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल होने की मंजूरी दे दी थी। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने थ्रोडाउन विशेषज्ञों और स्पिनर कुमार कार्तिकेय के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए मैदान के सभी हिस्सों में स्ट्रोक लगाए। उन्होंने गेंद को बिल्कुल वैसे ही मारा जैसा वह चाहते थे।

## मयंक यादव को टेस्ट में खिलाना जल्दबाजी होगी : शेन वाटसन

कोलकाता, एजेंसी

आस्ट्रेलिया के दो बार के विश्व कप विजेता आलराउंडर शेन वाटसन का मानना है कि भले ही मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से मौजूदा आईपीएल में सभी को आकर्षित किया है लेकिन उन्हें टेस्ट क्रिकेट में खिलाने की जल्दबाजी करना समझदारी नहीं है।


पंजाब किंग्स के खिलाफ पदार्पण करने के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के 21 साल के तेज गेंदबाज ने लगातार मैच विजयी प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के अभियान में मदद की है। वाटसन ने 'जियोसिनेमा' से कहा, ''निश्चित रूप से मयंक यादव के बारे में काफी चर्चा हो रही है जिनकी रफ्तार विश्व स्तरीय है और उन्होंने विश्व स्तरीय कौशल भी दिखाया है। लखनऊ सुपर जायंट्स भाग्यशाली है कि उनके पास ऐसा खिलाड़ी है।'' उन्होंने कहा, ''बड़े मंच पर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के खिलाफ प्रदर्शन करना और उन पर दबदबा बनाना बहुत विशेष है।'' तो क्या वह टेस्ट के लिए तैयार है क्योंकि टीम को साल के अंत में आस्ट्रेलिया में पांच मैच की श्रृंखला खेलनी है। वाटसन ने कहा, निश्चित रूप से आप उसे टेस्ट क्रिकेट में खिलाना पसंद करोगे।

## बॉलीवुड हलचल

# सोनाक्षी सिन्हा ने हीरामंडी के सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग में पूरा किया



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 20 मिनट में पूरा कर दिया। संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी : द डायमंड बाजार का दूसरा गाना 'तिलस्मी बाहें' रिलीज हो गया है। इस गाने में सोनाक्षी सिन्हा नजर आ रही हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने इस फिल्म के सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 20 मिनट में यानि पहले टेक में ही पूरा कर इतिहास भी रच दिया है। बताया जा रहा है कि दमदार दृश्य की शूटिंग के बाद सेट पर मौजूद पूरी टीम के साथ-साथ संजय लीला भंसाली ने भी सोनाक्षी को स्टैंडिंग ओवेशन दिया था। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, ''हीरामंडी'' ''कोठों'' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।




## ईद के अवसर पर मास्क टीवी पर रिलीज होगी कोड ब्लू

**मुंबई, एजेंसी।** ओटीटी प्लेटफार्म मास्क टीवी पर ईद के अवसर पर 10 अप्रैल को फिल्म कोड ब्लू रिलीज होगी। मास्क टीवी की चैनल प्रोड्यूसर मानसी भट्ट ने बताया, कोड ब्लू 10 अप्रैल को रिलीज हो जाएगी। कोड ब्लू एक समाजिक कुरीतियों पर आधारित तीन तलाक के ऊपर आधारित फिल्म है जिसमें समाज के अंदर मुस्लिम महिलाओं की एक अलग किस्म की पीड़ा की नई परिभाषा से दर्शक रूबरू होंगे। इस फ़िल्म के माध्यम से महिलाओं के उत्पीड़न और उनके मूलाधिकारों के बारे में जागरूक करने का काम किया गया है। मास्क टीवी ओरिजनल के तहत फ़िल्म कोड ब्लू का निर्माण टैग प्रोडक्शसन ने किया है जिसके निर्माता अंजू भट्ट और चिरंजीवी भट्ट हैं। लेखक निर्देशक अलीना खान ने बताया कि फ़िल्म कोड ब्लू के जरिये दर्शकों को हम इस दुनिया में बसी एक अलग दुनिया से साक्षात्कार कराने जा रहे हैं। इसमें हमने ट्रिपल तलाक की विभीषिका को झेलने के बाद उसकी शिकार महिला की मानसिकता को दिखाया है। ट्रिपल तलाक एक जुर्म है, इससे एक झटके में किसी नवविवाहिता या फिर किसी बुजुर्ग महिला की जिंदगी तबाह हो जाती है।

# नेहा कक्कड़ ने प्रतियोगी निशांत गुप्ता और देवनश्रिया की तारीफ की



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की जानी मानी गायिका नेहा कक्कड़ ने सोनी एंटरटेनमेंट पर प्रसारित हो रहे सिंगिग रियलिटी शो के प्रतियोगी निशांत गुप्ता और देवनश्रिया की तारीफ की है। इस रविवार सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के सिंगिंग रियलिटी शो सुपरस्टार सिंगर 3 के 'प्यारेलाल जी स्पेशल' में दिग्गज संगीतकार प्यारेलाल रामप्रसाद शर्मा नजर आयेंगे। सभी प्रतियोगी और कैप्टन संगीत सम्राट प्यारेलाल जी और उनकी पत्नी सुनीला शर्मा की उपस्थिति में प्यारेलाल जी की कुछ कालजयी धुनों पर प्रदर्शन करते हुए अपनी सिंगिंग क्षमता दिखाएंगे, जिसमें क्लासिक फिल्मी गानों से लेकर कदम थिरकाने वाली धुनें शामिल हैं। कैप्टन मोहम्मद दानिश की टीम के प्रतिभाशाली प्रतियोगियों – निशांत गुप्ता और देवनश्रिया के डुएट गाने 'वो हैं ज़रा खफा खफा' और 'हम तुम दोनों जब मिल जाएंगे' हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देंगे। प्यारेलाल शर्मा ने कहा, आप दोनों ने पूरे दिल से यह गाना गाया, इतनी सुंदरता और सटीकता से धुनों और हारमनी को बुना। यह वाकई उल्लेखनीय था और आप में से हर किसी ने सहजता से अपनी अनूठी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जब आपने गाना शुरू किया तो मैंने देखा कि आप मेरे अलावा हर जगह देख रहे थे। आप घबराहट महसूस कर रहे थे, इसलिए आपने मंच पर अपनी निगाहें टिकाए रखकर गाया। आपके परफॉर्मेंस ने मुझे गहराई से छू लिया और मैं अवाक हूं क्योंकि मेरे पास यह बताने के लिए शब्द नहीं है कि आप कितने बेहतरीन परफॉर्मर हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# कच्चातिवु वापस करने के भारत के अनुरोध का कोई आधार नहीं

कोलंबो, एजेंसी

- श्रीलंकाई मंत्री ने भारत के दावे को किया खारिज

कच्चातिवु द्वीप को लेकर भारत में लगातार बयानबाजी चल रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीलंका पलटवार किया है। श्रीलंका के मत्स्यपालन मंत्री डगलस देवानंद ने कहा है कि कच्चातिवु द्वीप को वापस लेने के भारत के बयानों का कोई आधार नहीं है। यह कहकर श्रीलंका के मंत्री ने भारत के कच्चातिवु द्वीप पर दावों को खारिज कर दिया।

श्रीलंका के मंत्री का यह बयान तब सामने आया है, जब भारत में पीएम मोदी और उनकी सरकार कांग्रेस पार्टी और डीएमके पार्टी पर कच्चातिवु द्वीप को लेकर राष्ट्रीय हितों की अनदेखी करने का आरोप लगा रहे हैं। भाजपा सरकार का आरोप है कि कांग्रेस और डीएमके ने कच्चातिवु द्वीप के आसपास मछली पकड़ने वाले मछुआरों के हितों की अनदेखी की। अब इस पर श्रीलंका के मंत्री डगलस देवानंद ने कहा है कि यह भारत में चुनाव का समय है और कच्चातिवु द्वीप को लेकर ऐसी बातें सुनना असामान्य नहीं है।

देवानंद ने कहा कि मुझे लगता है कि भारत अपने हितों के लिए काम कर रहा है और कोशिश कर रहा है कि उस जगह पर भारतीय मछुआरे मछली पकड़ सकें। हालांकि उन्होंने कहा कि कच्चातिवु पर श्रीलंका के कब्जे को लेकर जारी बयानों का कोई आधार नहीं है।

## उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षा बलों ने इस साल की पहली घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है।

सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को दो संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने कहा आतंकवादी उरी सेक्टर में सबुरा नाला के जरिए घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे, जैसे ही घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखी और उन्हें चुनौती दी गई तो उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। आतंकियों के पास से दो एके राइफलें, चार हथगोले और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की है। गौरतलब है कि, कश्मीर में इस साल की यह पहली घुसपैठ की कोशिश है जिसे सेना ने नाकाम कर दिया है। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले एलओसी पर सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं।

# पेनल्टी चार्ज लोन राशि में नहीं जोड़ सकेंगे बैंक, 1 अप्रैल से लागू

*लोन अकाउंट्स पर पेनल चार्ज और पेनल इंटरेस्ट से संबंधित रिजर्व बैंक की नई गाइडलाइंस 1 अप्रैल से लागू हो गई हैं। ये नियम पेनल्टी को लेकर बैंकों और फाइनेंस कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाते हैं। जानते हैं कि बैंक अब क्या नहीं कर सकते...*

- कमाई बढ़ाने के लिए चार्ज नहीं लगा सकते पेनल चार्ज का उद्देश्य कर्जधारकों के बीच कर्ज चुकाने के मामले में अनुशासन की भावना पैदा करना है। दिशानिर्देश में कहा गया है कि इन चार्ज का इस्तेमाल कमाई बढ़ाने के लिए नहीं किया जा सकता। केंद्रीय बैंक की समीक्षा में पाया गया कि बैंक और फाइनेंस कंपनियां इनकम बढ़ाने के लिए जुर्माना और चार्ज लगाते हैं, जिसको लेकर ग्राहकों की शिकायतें बढ़ी हैं।




### क्या कहते हैं नए दिशानिर्देश




आरबीआई ने बैंकों और फाइनेंस कंपनियों को पेनल्टी इंटरेस्ट लेने से रोक दिया है, जो अक्सर ईएमआई के भुगतान में देरी होने पर वसूला जाता है। इसके अलावा, कर्जदाता विकल्प के रूप में ब्याज दर में अतिरिक्त कम्पोंनेंट पेश नहीं कर सकते। आरबीआई ने दंडात्मक शुल्क लगाने की अनुमति दी है, लेकिन उन्हें सुनिश्चित करना होगा कि ये पेनल्टी चार्ज लोन अमाउंट में न जुड़े और ऐसे शुल्क पर अतिरिक्त ब्याज न लगे।

### पेनल चार्ज, पेनल इंटरेस्ट में क्या है अंतर

पेनल चार्ज और पेनल इंटरेस्ट दंडात्मक शुल्क और दंडात्मक ब्याज दरों के रूप में जुर्माना हैं। दंडात्मक शुल्क एक निश्चित भुगतान है। इसे ब्याज में नहीं जोड़ा जाता, जबकि दंडात्मक ब्याज ग्राहक से ली जाने वाली मौजूदा ब्याज दर में जोड़ी जाने वाली रेट है। आरबीआई ने बैंकों को ये भी निर्देश दिया कि वे पेनल चार्जेस का कैपिटलाइजेशन न करें। मतलब ऐसे चार्जेस पर आगे कोई ब्याज की गणना नहीं की जाएगी।

### पेनल्टी चार्ज पर आरबीआई के नियम

दंडात्मक शुल्क और दंडात्मक ब्याज से जुड़े ये नए नियम 1 अप्रैल से लागू हो चुके हैं। मौजूदा लोन 1 जून 2024 से नए नियमों के अधीन होंगे। बता दें कि इन नियमों को आरबीआई 1 जनवरी 2024 से ही लागू करने वाला था। लेकिन वित्तीय संस्थान को ख्याल करते हुए तारीख आगे बढ़ा दी गई थी।

### बैंकों को अतिरिक्त शुल्क वसूलने का अधिकार नहीं

बैंकों और एनबीएफसीएस को उधारकर्ताओं से अतिरिक्त शुल्क लेने से रोकने के लिए ऐसे काम करेंगे आरबीआई के नए नियम... आरबीआई ने लोन की राशि में दंडात्मक शुल्क शामिल न करने करने का निर्देश दिया है। साथ ही इन शुल्कों पर अतिरिक्त ब्याज की गणना करने से भी मना किया है। बता दें, बैंक लोन के ईएमआई में देरी करने पर ग्राहकों पर दंडात्मक ब्याज लगते हैं। साथ ही अतिरिक्त शुल्क भी जोड़ते हैं। लेकिन आरबीआई के निर्देशानुसार अब बैंकों और वित्त कंपनियों को दंडात्मक ब्याज वसूलने का अधिकार नहीं होगा। उन्हें एडिशनल चार्ज जोड़ने की अनुमति भी नहीं होगी। हालांकि अभी भी बैंक जुर्माना लगा सकते हैं। नए नियमों के तहत बैंक और वित्तीय संस्थान डिफॉल्ट राशि के आधार पर दंडात्मक शुल्क को निर्धारित करेंगे। रिजर्व बैंक ने अनुमोदित नीति के अनुसार निष्पक्ष और लगातार चार्ज लगाने का निर्देश जारी किया है।

## एक नजर

### हाशिम बाबा और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का शार्पशूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने हाशिम बाबा और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के राष्ट्रीय स्तर पर मुक्केबाज रहा शार्पशूटर को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने बताया है कि आरोपी अभिनव वर्मा दिल्ली के कीर्ति नगर और फर्श बाजार में व्यापारियों पर गोलीबारी के दो मामलों में वांछित था। पुलिस को सूचना मिली थी कि अभिनव 27 मार्च को राहिणी में अपने सहयोगियों से मिलने आ रहा है। पुलिस उपायुक्त (विशेष शाखा) अमित कौशिक ने कहा, रोहिणी सेक्टर-तीन में जाल बिछाया गया और आरोपी को पकड़ लिया गया। बता दें, रोहित गोदारा, हाशिम बाबा, काला जठेड़ी और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सहयोगी रहा है। उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल और दो कारतूस जब्त किए गए हैं।

### पुणे में सिपाही ने पुलिस थाने में गोलीमार कर की आत्महत्या

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में 33 वर्षीय एक सिपाही ने शुक्रवार को एक पुलिस थाने में अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। पुलिस अधिकारी के मुताबिक मृतक भारत असमर शुक्रवार पेठ इलाके में लोहिया नगर पुलिस चौकी में रात की ड्यूटी पर थे। भारत असमर ने अपने एक सहकर्मी को बताया कि उन्हें सिरदर्द है और वह चौकी की पहली मंजिल पर कर्मचारियों के विश्रामगृह में लेटना चाहते हैं। इसके बाद उसने कमरा भीतर से बंद कर लिया और अपनी सर्विस बंदूक से खुद को गोली मार ली। असमर शादीशुदा था और उसकी एक बेटी है। पुलिस ने कहा है निजी कारणों का मामला लग रहा है। जांच की जा रही है।

### अमेरिका के मंदिर में 11 साल के बच्चे को गर्म सरिया से दागा

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सस में एक 11 साल के बच्चे को गर्म सरिए से दागने के मामले में एक मंदिर और उसके मूल संगठन पर बच्चे के पिता ने केस कर एक मिलियन डॉलर मुआवजे की मांग की है। फोर्ट बेंड काउंटी में रहने वाले विजय चेरुवु ने कहा कि पिछले साल अगस्त में टेक्सास के शुगरलैंड में श्री अष्टलक्ष्मी मंदिर में एक धार्मिक समारोह के दौरान उनके बेटे को गर्म लोहे की छड़ से दागा गया था। दायर मुकदमे के अनुसार, बच्चे के पिता चेरुवु मंदिर और जेईटी यूएसए, इंक. से 1 मिलियन डॉलर से अधिक की क्षतिपूर्ति की मांग कर रहा है। बच्चे के पिता ने कहा कंधे पर भगवान विष्णु की आकृति में दो भागों पर उसे दागा गया।

### यूक्रेन ने रूस पर 53 ड्रोन से किया हमला, ऊर्जा संयंत्र तबाह

**कीव।** रूसी सीमा के रोस्तोव क्षेत्र में यूक्रेन ने 53 ड्रोन से हमले किया है। इसे यूक्रेन की ओर से सबसे बड़े हवाई हमलों में एक माना जा रहा है। हालांकि रूसी सेना की ओर से दावा किया गया है कि इनमें से 44 ड्रोन को मार गिराया गया। इन्हें मोरोजोस्की जिले में मार गिराया गया। रोस्तोव गवर्नर ने कहा है कि हमले में एक पावर सबस्टेशन को क्षति पहुंची है। रूसी मीडिया ने कहा कि मोरोजोस्की के पास सैन्य हवाई क्षेत्र स्थित है। हालांकि, साफ नहीं हो पाया है कि उनका निशाना सैन्य हवाई क्षेत्र था या नहीं।

# पाकिस्तानी सूफी संत की अस्थियों को भारत लाने की अर्जी पर सुप्रीम इनकार

## याचिका खारिज, कोर्ट ने कहा- पाकिस्तानी नागरिक के शव को देश में लाने का अधिकार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट में भारत में जन्मे पाकिस्तानी सूफी संत के अस्थियों को बांग्लादेश से लाने के लिए अर्जी दाखिल की गई। सूफी संत हजरत शाह मुहम्मद अब्दुल मुक्तदिर शाह मसूद अहमद की 2022 में बांग्लादेश में मृत्यु हो गयी थी। उनके पार्थिव शरीर को प्रयागराज में दफनाने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई थी, जिसे सीजेआई ने खारिज कर दिया।

याचिका में 1992 में पाकिस्तानी नागरिकता हासिल करने वाले प्रयागराज के पूर्व मूल निवासी सूफी संत की वसीयत का हवाला दिया गया था। इसमें कहा गया है कि उनके पार्थिव शरीर को उत्तर प्रदेश के शहर की दरगाह में दफनाया जाएगा, जिसकी उन्होंने अध्यक्षता की थी। शीर्ष अदालत ने कहा आप कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि भारत सरकार उसके अवशेषों को भारत में दफनाने के लिए लाएगी। ऐसा कोई अधिकार नहीं है जिसके प्रवर्तन की मांग की जा सके। सीजेआई और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, हमें संवैधानिक अधिकारों के प्रवर्तन के सिद्धांतों के अनुसार भी चलना होगा। उन्होंने कहा कि अगर वह भारतीय नागरिक होते तो याचिका पर ध्यान दिया गया होता। दरगाह की ओर से पेश वकील ने कहा कि अहमद का पाकिस्तान में कोई परिवार नहीं है और इसके अलावा, सूफी संत दरगाह के 'सज्जादा नशीन' थे। पीठ ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत लाने की मांग संवैधानिक रूप से योग्य अधिकार नहीं है, क्योंकि वह पाकिस्तानी नागरिक थे।

### चंडीगढ़ चुनाव अधिकारी मसीह ने सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी



**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ महापौर चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह ने अपने आचरण के लिए शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांग ली है। बता दें, न्यायालय ने फरवरी में चंडीगढ़ महापौर चुनाव का नतीजा पलट दिया था। शीर्ष कोर्ट ने मसीह को फटकार लगाते हुए उनके खिलाफ मतगणना के दौरान गंभीर कदाचार के लिए मुकदमा चलाने का आदेश दिया था। मसीह ने कहा कि वह पहले दिया हलफनामा वापस लेंगे, जिसमें कहा गया था कि वह अवसाद और बैचेनी से गुजर रहे थे और इसमें उन्होंने मतपत्रों में छेड़छाड़ के आरोपों से इनकार किया था। उन्होंने हलफनामे में कहा था, जनवरी को चुनाव प्रक्रिया की एक कथित वीडियो रिकॉर्डिंग ऑनलाइन लीक हो गई थी। इसके बाद, प्रतिवादी (मसीह) को राजनीतिक दलों के सदस्यों की लगातार आलोचना और टीका-टिप्पणियों का सामना करना पड़ा।

### एआईएफएफ की याचिकाओं पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से संबंधित याचिकाओं पर विचार करने और शीर्ष अदालत के पूर्व जज एल. नागेश्वर राव द्वारा तैयार इसके संविधान को अंतिम रूप देने पर विचार के लिए शुक्रवार को सहमति जताई। सीजेआई, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने न्यायमित्र के तौर पर अदालत की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायण की इस बात पर गौर किया कि याचिकाओं पर सुनवाई की जानी चाहिए। शंकरनारायण ने कहा, 19 मार्च को कहा गया था कि याचिकाओं को पांच अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा और आज पांच अप्रैल है। इसके बाद पीठ ने आश्वासन दिया कि मामले को सुनवाई के लिए जल्द सूचीबद्ध किया जाएगा।

## असम में भीड़ ने की नेपाली पर्यटक से अभद्रता, केस दर्ज

**जोरहाट।** असम के जोरहाट जिले में एक विदेशी महिला के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है। नेपाल से आई पर्यटक ने आरोप लगाया कि स्थानीय लोगों की भीड़ ने उसके साथ अभद्रता की है। हालांकि पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एफआईआर दर्ज कर ली और जांच शुरू कर दी है।

असम पुलिस ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि नेपाल की महिला पर्यटक से अभद्रता के स्थनीय लोगों पर आरोप लगे हैं। हालांकि मामला दर्ज कर दिया गया है। टिटाबोर के उप विभागीय पुलिस अधिकारी ने कहा कि वह पीड़िता संपर्क में है। कानून के मुताबिक, आगे की कार्रवाई की जा रही है। पीड़िता द्वारा गुरुवार को एक सोशल मीडिया वीडियो के जरिए अभद्रता और पुलिस निष्क्रियता के आरोप लगाए गए थे।

पीड़ित महिला पर्यटक ने दावा किया कि मारियानी इलाके में भीड़ ने सिर्फ उसके साथ इसलिए अभद्रता की क्योंकि उन्हें मेरे लड़कों की तरह पहने कपड़ों से आपत्ति थी। महिला ने आरोप लगाया कि वहां के स्थानीय लोगों ने उनके साथ अभद्रता की और मेरे कपड़ों को फाड़ दिया गया।

# विमान में महिलाओं के सामने यात्री ने कप में किया पेशाब

सिडनी, एजेंसी

- शर्मनाक हरकत करने से यात्री पर 600 डॉलर का जुर्माना लगाया

सिडनी हवाईअड्डे पर एक यात्री विमान में की गई शर्मनाक हरकत सामने आई है। विमान में देरी के दौरान यात्री ने महिलाओं के सामने कप में पेशाब किया, और उसके उतरते ही उसपर कार्रवाई की गई।

अधिकारियों ने बताया कि यह घटना, पिछले दिसंबर में ऑकलैंड से एयर न्यूजीलैंड की उड़ान में 3 घंटे की देरी हुई थी और सिडनी की एक अदालत ने फरवरी में ऐसे व्यवहार के लिए 53 वर्षीय व्यक्ति पर 600 डॉलर का जुर्माना लगाया था। यह घटना लोगों के ध्यान में तब आई, जब न्यूजीलैंड की समाचार वेबसाइट स्टफ ने बताया कि उसी पंक्ति में एक महिला यात्री, जिसकी पहचान होलव के रूप में हुई, उसने बताया कि उसने एयर क्रू को इस व्यवहार की सूचना दी थी। महिला यात्री ने कहा कि वह और उसकी 15 वर्षीय बेटी सब सीट पर बैठी थीं, तभी खिड़की वाली सीट पर बैठा व्यक्ति एक कप में पेशाब कर रहा था। उसने कहा कि वह आदमी साफ तौर पर नशे में था और विमान से बाहर निकलते ही उसने एक फ्लाइट अटेंडेंट पर पेशाब गिरा दिया। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने कहा कि नशे सहित गलत व्यवहार के लिए हर महीने पांच से 10 यात्रियों पर एयरलाइन प्रतिबंध लगाता है।

### केरल के कन्नूर में विस्फोट, एक की मौत, 3 घायल

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर जिले में स्थित पनूर इलाके के पास शुक्रवार को एक धमाका हुआ, जिसमें व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया है। इस घटना के बाद से राजनीतिक बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने सीपीआई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। हालांकि वामपंथी दल ने इस घटना में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है। विपक्षी कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, सीपीआई समर्थकों द्वारा देशी बमों को बनाने के दौरान यह घटना घटी। वहीं, भाजपा ने भी सीपीआई को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि बम के जरिए वाम दल दहशत फैलाने की कोशिश कर रही है। सीपीआई ने कहा राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी लोगों को गुमराह करने के लिए जानबूझकर झूठा प्रचार कर रहे हैं।

### गुलमर्ग गुलजार...



**गुलमर्ग:** हिमालयी क्षेत्र में बर्फबारी जारी है। इस कारण जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल गुलमर्ग की वादियों पर बर्फ की चादर बिछी है। इनका दीदार करने और वहां स्कीइंग का लुत्फ उठाने के लिए सैलानी लगातार उमड़ रहे हैं। इस महीने गुलमर्ग में 10 सेमी बर्फबारी हो चुकी है। उधर, हिमाचल के कुल्लू और लाहौल की चोटियों पर बर्फबारी का दौर जारी है। गुरुवार रात को अटल टनल के साथ रोहतांग दर्रा सहित ऊंची चोटियों में बर्फबारी हुई। रोहतांग दर्रा व कुंजम दर्रा में 10 सेंटीमीटर और बारालाचा में 5 सेंटीमीटर बर्फ रिकॉर्ड की गई। लाहौल के नॉर्थ पोर्टल, सिस्सू में ताजा बर्फबारी के बाद सैलानी पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को भी कुछ क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी हुई है। हालांकि शनिवार को मौसम साफ होने के आसार हैं। ● एजेंसी

# भारतीय तटरक्षक बल ने 27 बांग्लादेशी को बचाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- नाव खराब होने से बीच समुद्र में फंसे मछुआरों को बांग्लादेश को सौंपा



भारतीय तटरक्षक बलों ने बीच समुद्र में फंसे 27 बांग्लादेशी मछुआरों की जान बचाई और शुक्रवार को उनको बांग्लादेश को सौंप दिया। भारतीय तटरक्षक बल ने पहले तो उनकी नाव को ठीक करने की कोशिश की, जब नांव ठीक नहीं हो पाई तो सभी को सुरक्षित निकाल लिया।

कोलकाता स्थित भारतीय तटरक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय के एक अधिकारी ने कहा, तटरक्षक बल का आदर्श वाक्य है वयम् रक्षाम (हम रक्षा करते हैं), जिसे हमने साबित करके दिखाया। भारतीय तटरक्षक बल ने बताया है कि, नौका स्टीयरिंग गियर टूटने के बाद भारतीय जल क्षेत्र में आ गई थी और वे सभी समुद्र में फंस गए थे। भारतीय तट रक्षकर बल के एक अधिकारी ने बताया कि एक त्वरित ऑपरेशन करके भारतीय तटरक्षक (आईजीसी) गुरुवार रात को समुद्र में अपनी मछली पकड़ने वाली नाव पर फंसे 27 बांग्लादेशी मछुआरों को बचाया। रात करीब 11.30 बजे भारतीय तटरक्षक जहाज अमोघ ने भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पर गश्त के दौरान एक बांग्लादेशी मछली पकड़ने वाली नाव को भारतीय जल क्षेत्र में बहते हुए देखा। आईसीजी जहाज ने जांच के लिए बोर्डिंग टीम को भेजा। जांच के दौरान पता चला कि नाव का पिछले दो दिनों से स्टीयरिंग गियर खराब था और तब से वह भटक रही थी, जिसके कारण नाव भारतीय जल सीमा के अंदर चली गई। बीएफबी में 27 चालक दल/मछुआरे सवार थे। अधिकारी ने बताया भारतीय तटरक्षक तकनीकी टीम ने खराबी की पहचान करने और उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब देखा कि नाव का पतवार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है और समुद्र में इसकी मरम्मत नहीं की जा सकी। समुद्र की स्थिति और मौसम की स्थिति अनुकूल थी, इसलिए यह निर्णय लिया गया कि संकटग्रस्त नाव को भारत-बांग्लादेश आईएमबीएल में लाया गया।

## असम कांग्रेस अध्यक्ष का हिमंत पर 10 करोड़ का मानहानि का केस

**गुवाहाटी।** असम के कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने एक स्थानीय अदालत में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा के खिलाफ 10 करोड़ रुपये का मानहानि का मामला दायर किया है। कांग्रेस नेता ने अपनी शिकायत में कहा है कि हिमंत विश्व सरमा के कई बयानों ने उनकी सार्वजनिक छवि और पार्टी को नुकसान पहुंचाया है।

बोरा ने गुरुवार को सिविल जज सह सहायक सत्र न्यायाधीश नंबर एक, कामरूप मेट्रो की अदालत में मामला दर्ज कराया। एक प्रमुख स्थानीय दैनिक और उसके संपादक को मामले में प्रतिवादी बनाया गया है। आरोप लगाया है कि शर्मा ने राज्य के कांग्रेस प्रमुख जल्द ही पार्टी छोड़ देंगे, जिससे उनकी सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचा है।

**विज्ञान** नए शोध में नॉर्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने किया तारों के रहस्य का खुलासा

# भ्रमित करने वाले एक हजार तारों की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** तारों के बारे में जैसा हम समझते हैं, वैसा न होकर ये कहीं अधिक अनसुलझी गुत्थियों से उलझे हुई है। एक नए शोध से कुछ ऐसा ही पता चला है। जिसमें भ्रमित करने वाले हजार तारों का चौंकाने वाला रहस्य उजागर हुआ है। नॉर्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी वैज्ञानिकों ने यह आश्चर्यजनक खोज की है।



ब्लैकहोल के साथ नजदीकी तारों का चित्र।

नए मॉडल का उपयोग कर खगोल भौतिकीविदों ने हमारी आकाशगंगा के केंद्रीय सुपरमैसिव ब्लैक होल के सैजिटेरियस ए (एसजीआर ए) की परिक्रमा कर रहे 1,000 भ्रम मे डालने वाले नकली सितारों को पता लगाया है, जो बेहद हिंसात्मक हैं और तेज़ गति के साथ एक दूसरे से टकराते हैं। टकराव के बाद कुछ एक दूसरे में विलय हो जाते हैं, जबकि कुछ तरोताजा दिखते हैं। साथ ही तारे बहुत कुछ कारण से युवा दिखते हैं।

यह जानकारी भी सामने आई है कि टकराव से बचे तारे अपना द्रव्यमान खो देते हैं और कम द्रव्यमान वाले तारे बन जाते हैं या फिर अन्य तारों के साथ विलय करके विशाल और पुनर्जीवित हो जाते हैं। शोध का नेतृत्व कर रही वैज्ञानिक सानिया सी. रोज़ के अनुसार केंद्रीय ब्लैक होल के आसपास का क्षेत्र बेहद तेज़ गति से घूमने वाले तारों से भरा पड़ा है।

उनके आपस मे एक दूसरे के बहुत करीब से गुजरने पर गुरुत्वाकर्षण के कारण परस्पर टकराव की स्थिति उत्पन्न होती है। हमारी आकाशगंगा के केंद्र में यह बेहद अजीब जगह है। जहाँ तारों की संख्या दस लाख से भी अधिक है। जिसमें ब्लैकहोल के समीपवर्ती तारों का व्यवहार हमारी कल्पना से परे बेहद अजीब है। हमारा सूर्य ब्लैकहोल से लगभग चार प्रकाश वर्ष दूर है। जिस कारण हमारी सूर्य के आसपास की दुनिया शांत है।

### छोटे तारों को निगल जाते हैं बड़े तारे

एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स द्वारा द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में यह शोध प्रकाशित होने जा रहा है। दअरसल गुरुत्वाकर्षण प्रभाव जितना रोचक है, उतना ही ख़तरनाक भी है। जिसके परिणामस्वरूप बड़े तारे कम गुरुत्वाकर्षण वाले तारों को निगल जाते हैं और ब्लैकहोल अपने नजदीकी तारों को।

## ब्रिटेन: भारतीय छात्रों ने शुरू किया फेयर वीजा फेयर चांस अभियान

**लंदन।** ब्रिटेन में भारतीय छात्रों ने 'ग्रैजुएट रूट' वीजा के पक्ष में 'फेयर वीजा, फेयर चांस' नाम से एक नया अभियान शुरू किया। 'ग्रैजुएट रूट' वीजा अंतर्राष्ट्रीय स्नातकों को उनकी डिग्री के बाद दो साल के लिए ब्रिटेन में रहने और कार्य अनुभव प्राप्त करने का मौका देता है। दरअसल, एक स्वतंत्र विस्थापन सलाहकार समिति (एमसीए) को ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने 'ग्रैजुएट रूट' वीजा की समीक्षा की जिम्मेदारी सौंपी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह उस उद्देश्य को पूरा करता है या नहीं, जिसके लिए इसे बनाया गया है। माना जा रहा है कि समिति अगले माह तक अपनी रिपोर्ट सौंप देगी। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि ब्रिटेन के लिए अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने जैसा होगा, क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय छात्र ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में 42 अरब जीबीपी का योगदान करते हैं।

# भारतीयों के लिए नई वीजा कैटेगरी शुरू करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

- जून से शुरू होने वाली ई-1 और ई-2 कैटेगरी में 40 हजार भारतीय कर सकेंगे आवेदन




अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतीयों को प्रवेश देने के लिए नई वीजा कैटेगरी की शुरुआत की है। जून के अंत अथवा जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू होने वाली ई-1 और ई-2 कैटेगरी में 40 हजार भारतीय आवेदन कर सकेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इसके लिए अमेरिका ने भारत को ट्रीटी कंट्री (समझौता देश) का दर्जा दिया है। इस कदम से एच-1 बी वर्क वीजा के लिए वेटिंग लिस्ट में शामिल लगभग 3 लाख भारतीयों को बड़ी राहत मिलने की संभावना है। एच-1 बी वीजा का इंतजार कर रहे भारतीय अब ई-1 और ई-2 में आवेदन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में एच-1 बी वर्क वीजा की पेंडेंसी लगभग 134 साल है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने 2023 में भारतीय को रिकॉर्ड 14 लाख वीजा जारी किए थे। इनमें 50 फीसदी संख्या अमेरिका में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की थी।

ई-1 वीजा में आवेदक को संपत्ति माना जाएगा, फैमिली भी ला सकेंगे, ई-1 वीजा कैटेगरी में आवेदक को संपत्ति (असेट) माना जाएगा। इन्वेस्टर, एग्जीक्यूटिव, सुपरवाइजर और अन्य किसी भी स्किल्ड वर्कर का मूल्यांकन संपत्ति के तौर पर होगा। अमेरिकी इमिग्रेशन डिपार्टमेंट हर आवेदक रिकॉर्ड को देखकर अर्थव्यवस्था में उसके योगदान को तय करेगा। ई-2 कैटेगरी में आवेदक को अपने मूल देश में इन्वेस्टमेंट को बताना होगा। उदाहरण के लिए ई-2 कैटेगरी का आवेदक ये बताएगा कि भारत में उसके व्यापार में से 50 फीसदी के बराबर का निवेश वह अमेरिका में भी करेगा। दोनों कैटेगरी में वीजा मिलने पर आवेदक अपनी फैमिली को अमेरिका ला सकेगा।

### अमेरिका में हर साल करोड़ों का योगदान देते हैं भारतीय प्रोफेशनल

भारतीय प्रोफेशनल अमेरिका के सर्विस सेक्टर में लगभग 2.65 लाख करोड़ रुपए का योगदान देते हैं। अमेरिका ने इसका लक्ष्य 2024 में तीन लाख करोड़ रुपए रखा है। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान राष्ट्रपति बाइडन के समक्ष ट्रीटी कंट्री का दर्जा देने की बात उठाई थी। बाइडन ने इसे मंजूरी प्रदान कर संभावना जताई है कि वीसा बैकलॉग भी इससे कम हो सकेगा।